# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक






• बोकारो, रविवार 15 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 269 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# देवघर में बाबा बैद्यनाथ एवं मां पार्वती का हुआ गठबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** महाशिवरात्रि रविवार को मनाई जाएगी। इससे पूर्व शनिवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में परंपरानुसार पंचशूलों की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर के शिखरों पर पंचशूलों की पुनर्स्थापना के साथ ही बाबा बैद्यनाथ और मैया पार्वती का पारंपरिक गठबंधन भी संपन्न हुआ। बैद्यनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी सह सरदार पंडा गुलाबनंद ओझा ने षोडषोपचार विधि से मंत्रोच्चार के साथ पंचशूलों का विधिवत शुद्धिकरण एवं पूजन कराया। यह पूजा बाबा बैद्यनाथ, मैया पार्वती सहित मंदिर प्रांगण के अन्य देवालयों के शिखरों से उतारे गए पंचशूलों के लिए की गई। पूजन के बाद सभी 22 मंदिरों के शिखरों पर पंचशूलों को वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार पुनर्स्थापित किया गया। इसके बाद बाबा बैद्यनाथ और मैया पार्वती मंदिर के बीच पारंपरिक 'गठबंधन' की रस्म अदा की गई, जिसे इस धाम की अत्यंत प्राचीन और विशेष परंपरा माना जाता है। बताते चलें कि महाशिवरात्रि से पूर्व मंदिर प्रांगण के सभी मंदिरों के शिखरों पर स्थापित पंचशूलों को उतारकर उनकी साफ-सफाई की जाती है। शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ और मैया पार्वती मंदिर के शिखर पर लगे पंचशूलों को उतारा गया था, जबकि अन्य मंदिरों के पंचशूल पहले ही उतारे जा चुके थे। पंचशूलों के उतारने के बाद बाबा और पार्वती मंदिर के पंचशूलों का मिलन भी कराया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंचशूलों के दर्शन और स्पर्श के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मस्तक सटाकर पंचशूलों को नमन किया और 'बोल बम' व बाबा बैद्यनाथ के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मंदिर प्रशासन के अनुसार महाशिवरात्रि की चार प्रहर की पूजा रात्रि में संपन्न होगी। सुबह 3:15 बजे मंदिर का पट खुलेगा। विशेष पूजा के बाद सुबह लगभग 4:25 बजे आम श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिए जाएंगे। अनुमान है कि दो लाख से अधिक श्रद्धालु इस अवसर पर जलार्पण करेंगे। सुबह 4 से 6 बजे तक जल चढ़ाने का क्रम चलेगा। अगले दिन सुबह 8 बजे पुनः पट खोलकर नियमित पूजा-अर्चना आरंभ की जाएगी। वहीं, महाशिवरात्रि को लेकर बाबा नगरी में उत्सव शुरू हो गया है। रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में शिव-पार्वती विवाह होगा। उसी दिन शाम में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए व्यापक तैयारी की गई है। शिवराम झा चौक से नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स और संस्कार मंडप होते हुए भक्तों को कतार में लाया जाएगा, ताकि वे सुगमता से जलार्पण कर सके। उस दिन शीघ्र दर्शनम का शुल्क भी 300 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए कर दिया गया है। रविवार शाम केकेएन स्टेडियम से भव्य शिव बारात निकलेगी। ढोल-बाजे के साथ मशाल जलाकर बाबा की पारंपरिक बारात निकाली जाएगी। इसमें मंदिर के कर्मचारी बाबा के विवाह का साजो-सामान लेकर बारात में शामिल होंगे। बारात मंदिर प्रांगण की परिक्रमा करते हुए बाबा मंदिर तक जाएगी। वहां भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह होगा। इसके लिए रातभर चतुष्पहर पूजा होगी। फिर वरमाला के बाद बेलपत्र से शिवलिंग के अरघा पर सिंदूर अर्पण कर विवाह की रस्म पूरी की जाएगी। शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक आनंद झा के नेतृत्व में समिति के सदस्य बारात की तैयारी में लगे हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य मारकंडे जजवाड़े पुटरू दा के नेतृत्व में झांकी तैयार की जा रही है। इस बार सुलगता मुंड बारात का मुख्य आकर्षण होगा। इसमें राक्षस के सिर से अग्नि प्रवाहित होगी। शिवरात्रि को लेकर रूट डायवर्ट कर दिया गया है। मंदिर व आसपास के इलाकों में वाहनों के प्रवेश रोकने के लिए 18 जगह चिह्नित हैं। यह व्यवस्था 14 फरवरी को सुबह 6 बजे से 16 फरवरी को सुबह 6 बजे तक लागू रहेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### कुबेर होटल में बेहोश मिला युवक

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड स्थित कुबेर होटल में एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। युवक की पहचान रामगढ़ निवासी रवि कुमार (29 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में उसके द्वारा जहर सेवन की आशंका जताई जा रही है। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी मनोज पांडे ने बताया कि पुलिस जहर सेवन की आशंका सहित सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### मैट्रिक परीक्षा के बाद छात्र ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के हलुमाड़ गांव में मैट्रिक के एक छात्र का शव फंदे से लटका मिला है। 16 वर्षीय छात्र अभय कुमार ने शुक्रवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी थी। शनिवार सुबह उसका शव घर में फंदे पर लटका पाया गया। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना के समय अभय घर पर अपनी छोटी बहन के साथ था। उसके माता-पिता पिछले कई महीनों से मजदूरी के लिए बाहर गए हुए हैं। अभय की छोटी बहन ने ही सुबह उसे फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद से वह सदमे में है और कुछ बता नहीं पा रही है।

### अधेड़ ने फांसी लगा दी जान

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के बाबुडीह गांव स्थित पलाश जंगल में एक अधेड़ व्यक्ति ने मानसिक तनाव के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान सिंगरोंगादी गांव निवासी नकुल महतो (51 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले पांच-छह दिनों से लापता थे। घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी (मुख्यालय) इकुड डुंगडुंग, पुलिस निरीक्षक बीरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी राजेश रंजन, एसआई उमेश सिंकू, मंगल उरांव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे। डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने परिजनों की मौजूदगी में शव को पेड़ से उतारा गया।

# जंगली हाथियों के हमले से नहीं हो किसी व्यक्ति की मौत : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग के चुरचू प्रखंड में हाथियों के झुंड द्वारा सात लोगों को मारे जाने की घटना को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कांके रोड स्थित सरकारी आवास पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, पीसीसीएफ (हॉफ) संजीव कुमार, पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) रवि रंजन, सीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) एसआर नाटेश, आरसीएफ हजारीबाग आरएन मिश्रा, आरसीएफ बोकारो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जंगली हाथियों के हमलों को हर हाल में रोकने और आम जनमानस की जान-माल की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हाथियों के हमले से एक भी इंसान की मृत्यु न हो, यह वन विभाग सुनिश्चित करे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे प्रभावित क्षेत्र जहां हाथियों द्वारा लगातार जान-माल की क्षति पहुंचाई जा रही, वहां बचाव एवं सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। हाथियों के बढ़ते हमले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों में हाथियों के हमलों से बड़ी संख्या में लोगों के मौत की सूचना प्राप्त हुई है। राज्य के रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, चाईबासा, जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला, दुमका आदि जिला में हाथियों के हमलों से पिछले कुछ महीनों में लगभग 27 लोगों की मौत हुई है, यह गंभीर विषय है। सीएम ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में हाथियों द्वारा जान-माल की हानि पहुंचाई जा रही है, उन क्षेत्रों के ग्रामीणों को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण देकर एलीफेंट रेस्क्यू टीम तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से हाथी के विचलन को रोकने के लिए तमाम उपाय किए जाएं। ग्रामीणों को मशाल जलाने के लिए डीजल और किरासन तेल, पुराने टायर, टॉर्च, सोलर सायरन इत्यादि उपलब्ध कराए जाएं ताकि ग्रामीणों को हाथी भगाने में सहूलियत हो सके। वन विभाग प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर जागरूकता अभियान और सुरक्षा के जरूरी उपाय करें। साथ ही सीएम ने घटना के 12 दिन के भीतर पीड़ित परिवार को मुआवजा की पूरी राशि दिलाने की बात कही। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन विभाग के अधिकारियों से पिछले कुछ महीनों में हुए हाथियों द्वारा हमले की घटनाओं पर विस्तृत जानकारी मांगी है।



# लाखों की स्प्रिट जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस और उत्पाद विभाग टीम की छापेमारी में लाखों की स्प्रिट बरामद की गई है। स्प्रिट की यह खेप पंजाब से पलामू पहुंची थी और इसका इस्तेमाल अवैध शराब के बनाने में होना था। दरअसल पलामू के उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि पिपरा थाना क्षेत्र के भीतिहा में स्प्रिट की खेप पहुंची है। इसी सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग और पिपरा थाना की पुलिस संयुक्त रूप से भीतिहा में लव कुमार और प्रमोद कुमार नामक व्यक्ति के घर में छापेमारी की। दोनों में घर के खटाल के पास कमरे से स्प्रिट की खेप बरामद की गई है। कमरे से उत्पाद विभाग की टीम ने 472 गैलन में 1880 लीटर अवैध स्प्रिट बरामद की है। बरामद स्प्रिट की कीमत 13.21 लाख रुपये आंकी गई है। इस संबंध में पलामू के उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि स्प्रिट पंजाब से लाई गई थी। टैंकर के माध्यम से स्प्रिट पिपरा के भीतिहा में पहुंची थी। स्प्रिट को गैलन में रखा गया था। उन्होंने बताया कि स्प्रिट का इस्तेमाल अवैध रूप से शराब बनाने के लिए किया जाना था। उन्होंने बताया कि इस खेप को बिहार भेजा जाना था या निकाय चुनाव में इस्तेमाल होना था इस बिंदु पर विस्तृत जांच की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम जानकारी दी है। जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिस इलाके में स्प्रिट छुपाकर रखी गई थी, वह बिहार सीमा से सटा हुआ है। आशंका है कि स्प्रिट की खेप को बिहार भेजने की तैयारी थी।

# हादसे में कोबरा बटालियन के चार जवानों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में 201 कोबरा बटालियन के चार जवानों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी बाईपास के समीप हुआ। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार ट्रक के नीचे जा घुसी और उसकी छत पूरी तरह उखड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोबरा बटालियन के जवान जगदलपुर से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार खपरी बाईपास पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सीधे ट्रक के नीचे फंस गई और उसमें सवार जवान बुरी तरह अंदर जकड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और राहत दल ने गैस कटर की मदद से कार को काटकर जवानों को बाहर निकाला। चार जवानों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक गंभीर रूप से घायल जवान को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मृतकों में झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत रानीदेवा गांव निवासी मुकेश कुमार भी शामिल हैं। जैसे ही गांव में उनके निधन की सूचना पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के अनुसार मुकेश मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव के थे। उनके असमय निधन से गांव में मातम पसरा हुआ है।

# लघु सिंचाई कार्यालय का कैशियर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** लघु सिंचाई कार्यालय, गुमला में कार्यरत कैशियर राहुल सिंह को एसीबी की टीम ने शनिवार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की नौ सदस्यीय टीम ने अचानक लघु सिंचाई कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान राहुल सिंह कार्यालय में मौजूद नहीं थे। वे कार्यालय परिसर में स्थित अपने आवास में थे, जहां एक ठेकेदार द्वारा राशि दिए जाने के बाद एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा। एसीबी की टीम ने मौके पर काफी देर तक पूछताछ की। इसके बाद राहुल सिंह को लघु सिंचाई कार्यालय लाया गया, जहां संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। एसीबी के पहुंचते ही कार्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई। कई कर्मचारी कार्यालय से बाहर निकल गए, वहीं कुछ कर्मी स्थिति को लेकर असहज नजर आए। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 2025 को ही राहुल सिंह का स्थानांतरण लोहरदगा कर दिया गया था लेकिन अब तक उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया था। बताया जा रहा है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा विरमित नहीं किए जाने के कारण वे अब भी कार्यालय से जुड़े कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। जानकारी के अनुसार शहर के एसएस बालिका विद्यालय, गुमला में संचालित योजना के तहत भुगतान से संबंधित चेक काटने के एवज में राशि की मांग की गई थी। इससे परेशान होकर संबंधित ठेकेदार ने एसीबी से संपर्क कर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और आरोपी कैशियर को रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार मामले से जुड़े अन्य बिंदुओं की भी जांच की जा रही है। पूछताछ के आधार पर यदि किसी अन्य कर्मी की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।



# पश्चिम बंगाल में विस चुनाव की कमान संभालेंगे झारखंड भाजपा के नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद अब भारतीय जनता पार्टी की नजर पश्चिम बंगाल चुनाव पर है। पश्चिम बंगाल चुनाव को हर हाल में जीतने के लिए भाजपा ने झारखंड के दो दर्जन नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। पश्चिम बंगाल चुनाव में झारखंड के जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है उसमें पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, सांसद और पूर्व सांसद शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक बड़े नेताओं में आदित्य साहू, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, संजय सेठ, सुनील सिंह, प्रदीप वर्मा, अनंत ओझा, सीपी सिंह आदि पश्चिम बंगाल चुनाव की कमान संभालेंगे। पश्चिम बंगाल से सटे झारखंड के जिलों के लाध्यक्षों को विशेष रूप से जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव की कमान संभालने जा रहे झारखंड बीजेपी के नेता चुनाव प्रबंधन से लेकर जनसंपर्क अभियान तक की जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व विधायक अनंत ओझा, रमाकांत महतो आदि नेता इन दिनों पश्चिम बंगाल के प्रवास पर हैं। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेष कुमार सिंह कहते हैं कि पश्चिम बंगाल चुनाव चुनाव भाजपा के लिए अहम है। ममता सरकार की कार्यशैली से वहां की जनता त्राहिमाम कर रही है। हालत यह है कि ज्योति बसु के समय जो उपद्रवी तत्व सक्रिय थे, वो ममता बनर्जी के समय में दोगुने मजबूती के साथ सक्रिय हैं और सामान्य जन का जीवन दूभर हो गया है। इस चुनावी जंग को जीतने के लिए झारखंड भाजपा के नेता भी अपना योगदान देंगे।

# ससुराल वालों ने बहू की हत्या कर शव को जलाया


**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत डाला कला गांव में एक बेहद क्रूर और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। ससुराल पक्ष ने अपनी बहू की हत्या कर दी और शव को जंगल में ले जाकर जला दिया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई और जंगल से मृतका के शव के हड्डी एवं अन्य अवशेष बरामद किए गए हैं। घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल पक्ष के सभी आरोपी फरार हो गए हैं। पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि डाला कला में सितारा देवी नाम की महिला की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया है। पांडू थाना प्रभारी विगेश कुमार राय ने बताया कि अवशेषों की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि सितारा देवी की हत्या कर शव को जलाया गया है। ससुराल पक्ष के लोग फरार हैं और पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# 300 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट पर होगी कार्रवाई : अजय नाथ झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** जिले में बच्चा चोरी की अफवाहों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को बताया कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया के जरिए सुनियोजित तरीके से भ्रामक सूचनाएं फैलाने की कोशिश की गई है। जांच में लगभग 300 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान की गई है, जिनके माध्यम से अफवाहें प्रसारित की जा रही थीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और दोषियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट खबर, वीडियो या संदेश पर बिना सत्यापन विश्वास न करें और न ही उसे आगे साझा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत डायल 112 पर पुलिस को देने की सलाह दी गई है। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि अफवाहों के आधार पर किसी व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट या हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन को क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और गश्ती व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।





C M Y K

# केरेडारी में विधायक रोशन लाल चौधरी की समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**केरेडारी (हजारीबाग)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रौशन लाल चौधरी ने सोमवार को केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार एवं अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल उपस्थित रहे। विधायक ने क्षेत्र के ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी लंबित समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से राजस्व से जुड़े मामलों जैसे जमीन म्यूटेशन (दाखिल-खारिज), जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र के निर्गमन तथा अन्य लंबित फाइलों पर चिंता जताई। विधायक ने स्पष्ट कहा कि आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर नहीं होना चाहिए। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक के इस सक्रिय पहल की सराहना की।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा, ह्लप्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करना तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा संकल्प है। केरेडारी और बड़कागांव के समग्र विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### मुख्य निर्देश

- **अंचल कार्यालय में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।**
- **लंबित फाइलों का निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर हो।**
- **प्रशासनिक शिथिलता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऑनलाइन सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित कर पारदर्शिता बनाए रखी जाए।**
- **भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए; शिकायत मिलने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट कर कार्रवाई की जाएगी।**
- **अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल ने विधायक को आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी या तकनीकी अड़चनों के बावजूद वे स्वयं मॉनिटरिंग कर कार्यों में तेजी लाएंगे।**

इस अवसर पर भाजपा केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, मंडल महामंत्री नरेश महतो, आजसू मंडल अध्यक्ष पंकज साहा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पीवीयूएनएल की सीएसआर पहल से खिला ग्रामीण क्रिकेट, लबगा ने जीता फाइनल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा ( पतरातू हजारीबाग ब्यूरो)।** पीवीयूएनएल की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला जोश और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। इस खिताबी



मुकाबले में लबगा टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 136 रन बनाए और 6 विकेट गंवाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पतरातू टीम संघर्ष के बावजूद 115 रन ही बना सकी और 6 विकेट पर सिमट गई। इस तरह लबगा टीम ने 21 रनों से जीत दर्ज कर टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विपुल को ह्लमैन ऑफ द मैचह्व चुना गया। उन्होंने महत्वपूर्ण 40 रन बनाने के साथ एक विकेट भी हासिल किया। पूरे टूनार्मेंट में सर्वाधिक 126 रन बनाने वाले तलातांड के फरहान को ह्लसर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजह्व का पुरस्कार मिला, जबकि बेहतरीन गेंदबाजी के लिए तलातांड के मुकेश राज को ह्लसर्वश्रेष्ठ गेंदबाजह्व घोषित किया गया, जिन्होंने 5 विकेट झटके। वहीं, लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लबगा के रमनित को ह्लमैन ऑफ द सीरीजह्व के खिताब से नवाजा गया। समापन समारोह में पीवीयूएनएल के सीजीएम श्री अनूपम मुखर्जी एवं श्री जियाउर रहमान ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर लबगा, पतरातू और हेसला के मुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेलप्रेमी और युवा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और खेल भावना को भी मजबूत करते हैं। पीवीयूएनएल की यह सीएसआर पहल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और ग्रामीण इलाकों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। टूनार्मेंट के सफल आयोजन से गांवों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द और मजबूत हुआ है। पीवीयूएनएल भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### घटवाल घटवार आदिवासी समाज की बैठक

**बरकट्ठा/हजारीबाग (नबिटासं)।** घटवाल घटवार आदिवासी समाज की बैठक पंचरुखी तिलैया स्थित महाबार बाबा मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भोला प्रसाद सिंह ने की संचालन कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह ने किया। बैठक में आगामी एक मार्च को महाबार बाबा मैदान



में प्रकृति उत्सव मनाने का विचार किया गया इसके निमित पंचायत कमिटी का गठन किया गया अध्यक्ष दुर्गा सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, सचिव ललन सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी सुखदेव सिंह व सुरेश सिंह को मनोनीत किया गया। वही बैठक में समाज शिक्षा, सामाजिक कुरीतियां, सामाजिक विकास समेत विषय पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से भुनेश्वर सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, अशोक सिंह, कुलदीप सिंह, मणि सिंह, दुर्गा सिंह, बालेश्वर सिंह, सुखदेव सिंह, कपिलदेव सिंह, प्रभु सिंह, उमाशंकर सिंह, सिकेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, प्रदीप सिंह समेत लोग मौजूद थे।

### गौरव कुमार का जनसंपर्क अभियान तेज, हर वार्ड में कर रहे सीधा संवाद

**गिरिडीह (नबिटासं)।** राष्ट्रीय जनता दल समर्थित मेयर प्रत्याशी गौरव कुमार का जनसंपर्क अभियान लगातार रफ्तार पकड़ रहा है। शुक्रवार को उन्होंने गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 02, 03, 04, 06 और 11 में सघन दौरा कर मतदाताओं से सीधा संवाद किया और अपने विजन को साझा किया मुहल्लों में आयोजित बैठकों और घर-घर संपर्क के दौरान गौरव कुमार ने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे गिरिडीह नगर निगम की तस्वीर बदलने का काम करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था लागू करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित पार्किंग के कारण शहर में जाम और आवागमन की समस्या बढ़ रही है, जिसे योजनाबद्ध तरीके से दुरुस्त किया जाएगा प्रमुख घोषणाएँ: शहर में चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था नियमित रूप से नालियों और मुहल्लों की साफ-सफाई डेंगू व मलेरिया रोकथाम के लिए समय-समय पर दवा का छिड़काव प्रत्येक वार्ड में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना गौरव कुमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल कर वसूली नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ देना होना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विकास और सुशासन के लिए उन्हें समर्थन दें इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इरफान आलम, उपाध्यक्ष दशरथ यादव, रामेश्वर यादव, बबलू जी, पिंटू यादव, गोलू सहित दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

### मैट्रिक परीक्षा को लेकर केंद्राधीक्षकों व दंडाधिकारियों को दी गई ब्रिफिंग

**गिरिडीह (नबिटासं)।** मैट्रिक परीक्षा 2026 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर भवन, बिहारशरीफ में अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संबंधित केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में किया जाएगा। नालंदा जिले में कुल 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें बिहारशरीफ में 18, राजगीर में 9 तथा हिलसा में 9 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। परीक्षा के लिए 15 केंद्र छात्राओं एवं 21 केंद्र छात्रों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस वर्ष कुल 45,324 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 22,666 छात्र और 22,658 छात्राएं हैं।

# डिवाइन पब्लिक स्कूल में पुलवामा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पुलवामा हमले के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय निदेशक आई पी भारती, प्राचार्य सायन मुखर्जी, कपका मुखिया कमल किशोर ने पुलवामा में बलिदान हुए अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किए।




निदेशक आई पी भारती अमर शहीदों को याद करते हुए कहा कि शहीद जवानों का शव का दर्शन करना तीरथ जैसा होता है और उनके परिवार वालों पर पूरा देश गर्व करता है। प्राचार्य ने शहीद वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देकर यह संदेश दिया कि शहीदों का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है। न केवल शहीदों के प्रति, बल्कि उनके परिवार के परिजनों के प्रति भी सम्मान का भाव होना चाहिए। उन्होंने ने बताया कि आज के ही दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में सीआरपीएफ के जवानों से भरी बस को आतंकवादियों ने विस्फोट कर उड़ा दिया था। उस धमाके में 40 जवान शहीद हो गए थे। छात्र करन कुमार ने अपनी कविता के माध्यम से घायल सैनिक के व्यथा को बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत कर सभी के आंखों को नम कर दिया। सोनी कुमारी ने बौना हिमालय कविता प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी धारण किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार, मुरलीधर महतो, सुलेखा मोदी, संतोष कुमार, मदीना खातून, रामनन्दन कुमार, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, राधा कुमारी, प्रीति प्रभा, रवि कुमार अविशेष कौशल के साथ अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर बरही पुलिस की कार्रवाई, 100 किलो जावा महुआ नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बरही थाना पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गौरियाकरमा पंचायत के धोबियाटांड़ गांव में विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए करीब 100 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया।

पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों गांवों में छापेमारी की, जहां अवैध शराब निर्माण की तैयारी की जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी अवैध भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया तथा शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री को भी नष्ट कर दिया। हालांकि छापेमारी के दौरान कोई व्यक्ति पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही संबंधित लोग फरार हो गए थे। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लचुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस सतर्क है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी सूरत में कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ह्व पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# केरेडारी में श्रम-प्रबंधन वार्ता सफल, वेतन बढ़ोतरी सहित 12 सूत्री समझौते से बनी औद्योगिक शांति की राह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा ( केरेडारी हजारीबाग ब्यूरो)।** 14 फरवरी 2026 को प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच हुई अहम बैठक सकारात्मक नतीजे के साथ संपन्न हुई। लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच वेतन वृद्धि, ह्लनो वर्क नो पेह्व सिद्धांत, लंबित वेतन विवाद, पदोन्नति प्रक्रिया, भविष्य की औद्योगिक गतिविधियों और अनुशासन से जुड़े प्रावधानों समेत कुल 12 बिंदुओं पर सहमति बनी। इस समझौते पर कर्मचारी प्रतिनिधियों और प्रबंधन के अधिकारियों ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत उटह वेतन पाने वाले श्रमिकों के दैनिक वेतन में 55 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जो 1 मार्च 2026 से लागू होगी। यह बढ़ोतरी किसी भी सरकारी संशोधन से अलग और अतिरिक्त होगी। नो वर्क नो पेह्व के सिद्धांत को स्वीकार करते हुए प्रबंधन ने सद्भावना के तौर पर कार्य बाधित रहने की अवधि के लिए 12 दिनों के वेतन के बराबर राशि देने पर सहमति जताई है।

यह राशि अप्रैल 2026 से अगले छह महीनों तक समान किस्तों में समायोजित की जाएगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान दर्ज एफआईआर को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत वापस लेने के लिए आपसी समन्वय किया जाएगा। वहीं ट्रिब्यूनल में लंबित ल्रढउ वेतन मामले में जो भी फैसला आएगा, उसे संबंधित कर्मचारी पक्ष द्वारा स्वीकार कर लागू किया जाएगा। मार्च के अंत तक श्रमिकों के निरीक्षण और पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें संबंधित सेक्शन का चयनित प्रतिनिधि और मजदूर प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही कौशल उन्नयन (स्किल अपग्रेडेशन) की नई नीति के तहत दो वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने वाले कर्मचारी पात्र होंगे। इसकी विस्तृत एसओपी 1 अप्रैल 2026 तक जारी की जाएगी और यह नीति अप्रैल 2026 से लागू होगी। प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच हर माह 15 से 20 तारीख के बीच संयुक्त बैठक आयोजित करने पर भी सहमति बनी है, ताकि संचालन और श्रमिक हित से जुड़े मुद्दों का समय पर समाधान हो सके। भविष्य की औद्योगिक कार्रवाई को लेकर यह तय किया गया है कि केंद्रीय न्यूनतम वेतन संशोधन से जुड़े मामलों पर कोई हड़ताल या कार्य बाधा नहीं होगी। अवैध हड़ताल या काम में रुकावट की स्थिति में ह्लनो वर्क नो पेह्व सिद्धांत लागू होगा और प्रबंधन को कानूनन अनुशासनात्मक कार्रवाई का अधिकार रहेगा।

कर्मचारियों ने भी यह सहमति दी है कि आगे चलकर वेतन या भुगतान से जुड़े किसी भी मुद्दे को कार्य बंद करने का आधार नहीं बनाया जाएगा। यह समझौता हस्ताक्षर की तिथि से ही प्रभावी माना जाएगा। औद्योगिक शांति, कार्यस्थल पर स्थिरता और बेहतर समन्वय की दिशा में इस समझौते को एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# गिरिडीह में चुनाव कार्य के लिए दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्थानीय +2 उच्च विद्यालय गिरिडीह में 418 कर्मियों जिनका प्रति नियोजन चुनाव कार्य के लिए किया गया एवं पूर्व के प्रशिक्षणों में अनुपस्थित रहे कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज के प्रशिक्षण पर मुख्य फोकस राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निदेशों पर रहा कि "तृतीय लिंग की प्रविष्टि प्रथम मतदान पदाधिकारी द्वारा मतदाता सूची की चिन्हित प्रति में उसके द्वारा अनुभव के किये गये लिंग को बताने पर ही करना है।



मतदाता के द्वारा बताया गया लिंग ही दर्ज करना है तृतीय मतदान पदाधिकारी द्वारा मतदाता को वार्ड पार्षद के मतपत्र के साथ पूर्व में निदेशित गुलाबी पर्ची प्रदान करने का कार्य "विलोपित कर दिया गया है। इसके साथ सभी प्रशिक्षणार्थियों को मतपेटिका संचालन एवं प्रपत्रों के बारे में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतपेटिका हँड्स ऑन पर विशेष फोकस किया गया। इस प्रशिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों का ऑनलाइन आकलन भी किया गया। जिसे औसत स्कोर 90 प्रतिशत रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, मो० वसीम अहमद एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने किया। प्रशिक्षण कोषांग के संचालन में विजयेन्द्र सेठ, राम सिंह और अलोक कुमार ने और प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी के रूप में प्रकाश कुमार, ए०डी०पी०ओ०, समग्र शिक्षा भोला कुमार राय, बी०पी०ओ० एवं अरविन्द कुमार राय, बी०पी०ओ० तथा मास्टर ट्रेनर के रूप में आदित्य कुमार झा आनंद शंकर, शकील अहमद रामदेव वर्मा एवं अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# केरेडारी कोल माइंस: ग्रामीणों की मांगों पर बनी सहमति, वार्ता के बाद कोल ट्रांसपोर्टिंग पुनः शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी की केरेडारी कोल माइंस से होने वाली कोल ट्रांसपोर्टिंग के कारण उत्पन्न समस्याओं से परेशान पाण्डु एवं बेंगवरी पंचायत के ग्रामीणों ने 10 फरवरी की शाम से कोल डिस्पैच बंद करा दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि लगातार कोयला ढुलाई से सड़क जर्जर हो गई है और धूल प्रदूषण के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में पाण्डु से बसरिया तक सार्वजनिक सड़क निर्माण, कोल ट्रांसपोर्टिंग से उड़ने वाली धूल से बचाव हेतु नियमित जल छिड़काव, सड़क पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती, अस्पताल निर्माण तथा शिक्षा के क्षेत्र में समुचित व्यवस्था शामिल थी। इन्हीं मांगों को लेकर आज ठळढउ एवं कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। वार्ता के दौरान कंपनी प्रबंधन ने ग्रामीणों की मांगों पर सहमति जताई और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। बैठक में ठळढउ के एजीएम एसपी गुप्ता, एचआर हेड रोहित पाल, अमित गुप्ता एवं विकास जैन सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# गिरिडीह में डॉ. समीर राज चौधरी का जनसंपर्क तेज, कई इलाकों में घर-घर पहुंचे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नगर निगम चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी डॉ. समीर राज चौधरी ने पांडेडीह, अरगाघाट, पंजाबी मोहल्ला, बरगंडा, मकतपुर, स्टेशन रोड और मौलाना आजाद चौक समेत विभिन्न इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया।जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और समर्थन की अपील की। कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने उनका स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया इस मौके पर सतीश केडिया, यश सिन्हा, अमित सिन्हा, सिद्धार्थ जैन, रमन कुमार, अनिमेष देव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और समर्थक साथ



चल रहे थे।मीडिया से बातचीत में डॉ. समीर राज चौधरी ने कहा कि पिछले चुनाव में गिरिडीह की जनता ने उन्हें भरपूर स्नेह और समर्थन दिया था, हालांकि कुछ कमी रह गई थी।

उन्होंने कहा, ह्लइस बार जिस तरह का प्यार और समर्थन मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि जनता ने विकास के पक्ष में अपना मन बना लिया है और जीत निश्चित दिख रही ह उन्होंने शहर में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासन को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जनता के भरोसे पर खरा उतरना ही उनका मुख्य लक्ष्य है नगर निगम चुनाव को लेकर शहर में चुनावी गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की डुमरी प्रखंड में अरघाघाट मोड़ के समीप सघन जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने डुमरी प्रखंड में अरघाघाट मोड़ के समीप सघन जांच किया गया। इस दौरान अरघाघाट मोड़ स्थित जमुना साव के मसाला फैक्ट्री में भारी मात्रा में रासायनिक रंग जब्त किया गया, जो कि हल्दी मिर्च एवं अन्य मसालों में मिलाया जाता था एवं बिना किसी फूड लाइसेंस के चलाया जा रहा था।



इसपर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 10,000 रुपया का जुमार्ना किया तथा कड़े शब्दों में निर्देशित किया जल्द से जल्द मसालों की गुणवत्ता में सुधार करने का नोटिस दिया। साथ ही मिलावटी हल्दी 106केजी, लाल मिर्च पाउडर 13 केजी, रासायनिक रंग 50केजी एवं अन्य मिलावटी सामग्री को जप्त करते हुए उन्हें निमियाघाट थाना के सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही इनको 7 दिनों के अंदर फूड लाइसेंस बनवाने का आदेश दिया गया। हल्दी, लाल मिर्च पाउडर का नमूना रासायनिक जांच हेतु रांची भेजा गया। इसके अलावा अरघाघाट मोड़ स्थित रवि शंकर के कारखाने में भी बिना फूड लाइसेंस के खाद्य सामग्री का पैकेजिंग किया जा रहा था, इनपर भी 10,000 रुपए का जुमार्ना एवं सुधार करने का नोटिस दिया गया। साथ ही अपने खाद्य परिसर को साफ रखने का नोटिस दिया गया एवं 7 दिनों के अंदर फूड लाइसेंस म्यूफैक्किंग का बनवाने का भी आदेश दिया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी अवैध कारखानों पर करवाई की जाएगी और किसी भी मिलावटखोर को बख्शा नहीं जाएगा।

**■ सभी अवैध कारखानों पर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी मिलावटखोर को बख्शा नहीं जाएगा**

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में लबगा की टीम 21 रनों से विजयी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पतरातू (झारखंड)**। पीवीयूएनएल की सीएसआर पहल के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मुकाबला उत्साह एवं रोमांच के बीच खेला गया। फाइनल मैच में लबगा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट खोकर 136 का स्कोर बनाकर पतरातू की टीम को 137 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पतरातू टीम छह विकेट के नुकसान पर 115 रन ही बना सकी। इस प्रकार लबगा टीम ने 21 रनों से विजय प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया। मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विपुल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने 40 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने के साथ एक विकेट भी हासिल किया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार तलातांड के फरहान को दिया गया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 126 रन बनाए। वहीं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब तलातांड के मुकेश राज को मिला, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट अपने नाम किए। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लबगा के रमनित को प्रदान किया गया। वहीं समापन समारोह में पीवीयूएनएल के सीजीएम अनूपम मुखर्जी एव जियाउर रहमान ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर लबगा, पतरातू एवं हेसला के मुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ आपसी भाईचारे एवं खेल भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। पीवीयूएनएल की यह पहल ग्रामीण युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन ने गांवों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द को मजबूत किया है। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया। कहा कि पीवीयूएनएल भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल भावना को निरंतर बढ़ावा देता रहेगा।

# संत पॉल पब्लिक स्कूल, डोमचांच में विदाई समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)**। डोमचांच स्थित संत पॉल पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक राजेश कुमार गुप्ता और प्रिंसिपल लवली कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, संगीत एवं नाटक के एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंचीय प्रस्तुति की सभी ने भरपूर सराहना की। निदेशक राजेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के अंत में कक्षा दशम के आयुष राज, मासूम कुमार, भोला कुमार, साहिल अंसारी, खुशबू कुमारी, कुमारी दीपिका पांडे, पल्लवी कुमारी इत्यादि विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह सफलतापूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षक महेश कुमार, उमेश कुमार, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, सोमित मुखर्जी, तिलक कुमार, प्रीती कुमारी, रजनी कुमारी, विमला कुमारी, अंजलि कुमारी, चांदनी कुमारी, रानी खटिक, सपना कुमारी, अभिभावक संतोष कुमार, कविता कुमारी, अंजु देवी मौजूद थे।



# हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महा यज्ञ का समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)**। नवलशाही थाना क्षेत्र के कटरिया टांड़ में 9 फरवरी से चल रहे शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महा यज्ञ का समापन भंडारे के साथ हो गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सम्पूर्ण यज्ञ को सफल बनाने में खरखार, कटरिया टांड़ के मुस्लिम समुदाय के लोगो ने भरपूर सहयोग किया। महायज्ञ का सम्पन्न कराने हिन्दू मुस्लिम एकता साफ दिखाई दिया। यज्ञ में पहाड़पुर,कटरिया टांड खरखार के मुस्लिम अंजुमन के द्वारा आर्थिक भागेदारी के साथ यज्ञ में अपनी उपस्थिति दी। यज्ञ को सम्पन्न कराने मे यज्ञ समीति के संरक्षक महावीर प्रसाद यादव के अलावे सुखदेव सिंह, मुन्ना राणा, किशोर गुप्ता, राजू पासवान, रामधनी यादव,भोटन यादव, सुरेश रवानी, महावीर भोक्ता, मो नईम अंसारी, मो. मिस्टर, मो मुख़्तार, मो. मुमताज़, विश्वाथ सिंह, मधुसुदन सिंह, सुरेश दयाल, देवा दास, पप्पू यादव सिकंदर यादव, रामकिशुन यादव, रेवा यादव, टुपलाल यादव समेत पूरे पंचायत के ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

# करंट लगने से एक युवक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)**। तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के पिपराडीह पंचायत के गैड़ा गांव में शनिवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिकेन्द्र रविदास उम्र 20 वर्ष ग्राम गैड़ा थाना जयनगर जिला कोडरमा निवासी के रूप में की गई है। जानकारी अनुसार युवक अपने गांव के तालाब में बिजली की तार ले जाकर मोटर से गेहूं पटवन कर रहा था। इसी दौरान करंट लग गया। मौके पर ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मृत्यु से उनके परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल में काला दिवस मनाया गया




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)**। डोमचांच प्रखंड अंतर्गत विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल में आज काला दिवस मनाया गया।

मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों के बीच एक विचार विमर्श संगोष्ठी हुआ। विद्यालय के विभिन्न शिक्षकों ने 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले को याद करते हुए सतर्क रहने की नसीहत दी गई। आतंकवाद के खिलाफ आम नागरिकों के कर्तव्य विषय पर चर्चा करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक लालजीत मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के द्वारा जहां से नियोजित कायराना हमला हमारे देश के 44 जवान शहीद हो गये। इस दिन को हम काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

मौके पर उपस्थित विद्यालय विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्र एवं शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि हम अपने आचरण में व्यवहार में शुद्धता रखेंगे, सेवा परायण रहेंगे एवं अपने परिवार समाज देश की रक्षा के लिए सतर्क रहेंगे। संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना आसपास के थाना में देंगे। हम सभी भारत मां के सेवक हैं, रक्षक हैं। ऑपरेशन सिंदूर आम नागरिकों के माध्यम से हमेशा जारी रहना चाहिए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश मेहता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद हुए जवानों के वीरांगना माताओं को नमन करते हैं। हम सबके हृदय में सच्ची देशभक्ति होनी चाहिए और देश के लिए ही हमें सब कुछ करना चाहिए यह हम सब की जिम्मेवारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक अमित कुमार सूदन कुमार भीमनाथ गोस्वामी, कैलाश दास गौरव कुमार, संदीप कुमार, भोला मेहता, संध्या मेहता, आशा कुमारी ललिता मेहता ऋतु कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचा भाजपा का शिष्टमंडल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। शहरी निकाय चुनाव के लिए जारी वोटर लिस्ट में एक बार फिर गड़बड़ी की शिकायत आ रही हैं। हालत यह है कि लोगों को उनके घरों से काफी दूर के मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए अधिकृत किया गया है, जो कहीं ना कहीं चुनाव आयोग के उस दिशानिर्देश का उल्लंघन होता दिख रहा है जिसमें मतदाताओं के निवास स्थान के दो किलोमीटर के अंदर मतदान केंद्र होना अनिवार्य किया गया है।

शनिवार को मतदाताओं के इन्हीं शिकायतों को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंचा। भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोग कार्यालय पहुंचे शिष्टमंडल ने आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद को इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर शिकायत दर्ज करायी है।

**मतदान केंद्र की दूरी अधिक रहने की शिकायत**

भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव ने इस संबंध में रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 43 का हवाला देते हुए कहा कि इस वार्ड के भाग संख्या 43/4 में जारी मतदाता सूची के अनुसार सेक्टर 2, जगरनाथपुर और धुर्वा में जो मतदाता रहते हैं उनको अपना वोट डालने हेतु अशोक नगर के सामुदायिक भवन में आना होगा। जबकि केंद्रीय चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है की किसी भी कीमत पर मतदाता का घर और मतदान केंद्र की दूरी दो किलोमीटर से अधिक नहीं हो सकती है। इस निर्देश के बावजूद भी जिला प्रशासन ने ऐसा कारनामा किया है। उन्होंने कहा कि सेक्टर 2, जगरनाथपुर और धुर्वा से अशोक नगर सामुदायिक केंद्र की दूरी दो किलोमीटर से अधिक है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड संख्या 43 के भाग संख्या 43/4 में कुल 1205 मतदाता निवास करते हैं और उन सभी मतदाताओं को पता ही नहीं है कि वे किस बूथ पर अपना वोट देंगे। इसी तरह राजधानी के अन्य वार्डों में मतदाताओं को मतदान केंद्र दूर होने की वजह से परेशानी उठानी पड़ेगी।

**आखिर वोटर कैसे जानेंगे अपना मतदान केंद्र : भाजपा**

शहरी निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग या जिला स्तर पर कोई ऐसा वेबसाइट या लिंक नहीं जारी हुआ है जिससे इस निकाय चुनाव के मतदाता अपना मतदान केंद्र खोज सकें। सुधीर श्रीवास्तव के अनुसार विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में मतदाता अपनी मतदाता सूची का एपिक नंबर वोटर हेल्प लाइन में जाकर देखेंगे तो तुरंत पता चल जाएगा कि उनको कहां किस मतदान केंद्र पर वोट देना है। भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि निकाय चुनाव में दो साल जो देरी हुई उस समय में सरकार, जिला प्रशासन और सरकार के समर्थित उम्मीदवार सभी मिलकर सभी वार्ड के मतदान केंद्रों में हेरफेर कर ऐसा व्यवस्था की है कि उनके समर्थक उम्मीदवार जीत पाएं। प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में वार्ड 43 की मतदाता सूची की एक प्रति भी आयोग को सौंपा है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी को भी ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल में तारिक इमरान और प्रिंस कुमार भी शामिल थे।

# लगातार गायब हो रहे बच्चे, पर नहीं दर्ज हो रही एफआईआर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर**। झारखंड से बच्चे गायब हो रहे हैं और पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। हजारों की संख्या में बच्चे गायब हैं। बच्चों की चिंता झारखंड के मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को नहीं है। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने पलामू में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। अरुण सिंह पलामू दौरे पर हैं और निकाय चुनाव को लेकर समीक्षा कर रहे हैं।

भाजपा नेता अरुण सिंह ने कहा कि गायब हो रहे बच्चों को लेकर झारखंड सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन से जुड़े लोग जब आंदोलन करते हैं, तब सरकार दबाव में आती है और बच्चों को खोजती है। उन्होंने कहा कि आज भी झारखंड से हजारों की संख्या में बच्चे गायब हैं। एक-एक साथ 11-11 बच्चे गायब हो रहे हैं।

**सबसे अधिक झारखंड से गायब हो रहे बच्चे: अरुण सिंह**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में सबसे अधिक झारखंड से बच्चे गायब हो रहे हैं। अरुण सिंह ने कहा कि झारखंड की कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि जब राजधानी रांची में भी हालात खराब हैं तो पूरे राज्य की क्या हालत होगी यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अरुण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी अपराधी और तस्कर घटना को अंजाम देने से पहले 10 बार सोचता है। भाजपा नेता अरुण सिंह ने कहा कि झारखंड में लगातार बच्चों की चोरी हो रही है और तस्करी हो रही है। गांव से लेकर शहर तक डर का माहौल है।

**एपस्टीन फाइल मामले में कही ये बात**

वहीं जेफ्री एपस्टीन फाइल पर पूछे गए सवाल के जवाब में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है। हरदीप पुरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे क्लियर कर दिया है।वहीं निकाय चुनाव में एक से अधिक प्रत्याशी के सवाल पर अरुण सिंह ने कहा कि बड़ा परिवार है। कई लोग इस तरह करते हैं, लेकिन गलती का एहसास होने पर वह वापस भी होते हैं। ऐसे मामलों में पार्टी कार्रवाई भी कर सकती है।

इस दौरान पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 2018-19 में 129 करोड़ रुपये खर्च हुए है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री भानुप्रताप शाही, स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह समेत कई नेता मौजूद थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–निविदा सं. : 320-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल : डिजाइन मोड टैंपिंग के द्वारा प्री एवं पोस्ट टैंपिंग ट्रैक मापन 512.53 किमी.। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹2,24,91,866.52
2. ई–निविदा सं. : 321-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल– आरजीएम/मशीन साइडिंग– 42 नं. का अपग्रेडेशन कार्य के संबंध में धनबाद मंडल– सहा. मं. अभि./कोडरमा के अधीन आरजीएम/मशीन साइडिंग– 06 नं. (बरही, पदमा, कुजु, रेमा, कवार एवं सलइया) का अपग्रेडेशन। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹2,64,46,162.33
3. ई–निविदा सं. : 322-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल– व. मं. अभि./3/धनबाद के अधीन आरजीएम/मशीन साइडिंग– 07 नं. (गोमिया, चैनपुर, डुमरी विहार, रांची रोड, बरकाकाना, पतरातु एवं मेसरा) का अपग्रेडेशन। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹3,11,65,229.91
4. ई–निविदा सं. : 323-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : तेलो–चंद्रपुरा :– सहा.मं.अभि./2/गोमो के अधीन तेलो–चंद्रपुरा के बीच एलएचएस सं. 7 के नालियों का सुधार। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹1,19,86,876.17
5. ई–निविदा सं. : 324-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि./बरकाकाना के अधीन अतिक्रमण रोकने के लिए बरकाकाना एवं पतरातु में चाहरदीवारी का प्रावधान। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹2,41,21,923.71
6. ई–निविदा सं. : 325-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा.मं.अभि.(2)/धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के कुसुंडा रेलवे कॉलोनी में पुराने पीएस टैंक एवं सीआई टैंक को बदलना। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹49,69,756.38
7. ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 8. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 09.03.2026 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 09.03.2026 को 12:30 बजे से। 9. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1787/डीएचएन/अभि./टी/25–26/76

# 33 परीक्षा केंद्र चिह्नित, चार बने आदर्श केंद्र, कंट्रोल रूम स्थापित






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा–2026 के सफल, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में दिखाई दिया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बुधवार को डायट, नवादा परिसर में सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। बताया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित होगी। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का प्रवेश मुख्य द्वार पर सघन फ्रिस्किंग के बाद ही सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड और पेन के साथ ही केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी भी प्रकार के अवांछित कागजात पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम पाली के लिए सुबह 9:00 बजे एवं द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे मुख्य प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई परीक्षार्थी चारदीवारी फांदकर या किसी अन्य अनधिकृत मार्ग से प्रवेश करने का प्रयास करता है, तो यह गंभीर दंडनीय अपराध होगा और संबंधित परीक्षार्थी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिससे उसका भविष्य भी प्रभावित हो सकता है। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और किसी भी अनुचित गतिविधि से दूर रहें। किसी कारणवश परीक्षा छूटने की स्थिति में अप्रैल माह में आयोजित होने वाली कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होकर वे पुनः अवसर प्राप्त कर सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा भी परीक्षार्थियों की पुनः सघन तलाशी ली जाएगी। यदि परीक्षा कक्ष में किसी परीक्षार्थी के पास प्रतिबंधित सामग्री पाई जाती है, तो संबंधित वीक्षक पर भी कार्रवाई की जाएगी। सभी केंद्रों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा सीट प्लान स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रश्न-पत्रों एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। प्रश्न-पत्रों की निकासी, वितरण एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की सीलिंग की प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ होगी। परीक्षा के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं को विधिवत सीलबंद कर वज्रगृह में सुरक्षित रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि समय पर प्रवेश को लेकर लगातार उद्घोषणा कराई जाए। परीक्षा अवधि के अलावा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी तथा फोटोस्टेट और साइबर कैफे की दुकानें बंद रहेंगी। अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को समय पर अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, लाउडस्पीकर, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्य प्रवेश द्वार, फ्रिस्किंग प्वाइंट और परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी होगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जहां मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति रहेगी। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06324-212261 जारी किया गया है। जिले में कुल 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें नवादा शहर में 20, वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय में 4, हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 2 तथा रजौली अनुमंडल मुख्यालय में 7 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। इनमें प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, कन्या इंटर विद्यालय एवं गांधी इंटर विद्यालय, नवादा को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर व रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित रहे।

# उमंगेश्वरी महोत्सव की तैयारियां पूरी आज से सजेगा सांस्कृतिक रंगमंच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। उमंगेश्वरी महोत्सव 2026 को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार और सोमवार को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कला और संस्कृति की जीवंत छटा देखने को मिलेगी। महोत्सव स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सांस्कृतिक मंच पूरी तरह तैयार है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि महोत्सव को लेकर प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मंच को सुंदर रूप से सजाया-संवारा गया है, ताकि कलाकारों की प्रस्तुतियां और भी प्रभावशाली बन सकें। महोत्सव में प्रख्यात कलाकार ऐश्वर्या पंडित अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। इसके अलावा कलाकार सुरंजन राजवीर सहित स्थानीय कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 305-DHN-2025-26 दिनांक 02.02.2026 को प्रशासनिक कारणों से **निरस्त** की जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1797/डीएचएन/ईएनजीजी/सी/25-26/16

# व्यवसायी के घर डकैती

## नकाबपोश हथियारबंद डकैतों ने गश्ती दल पर बम से किया हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी**। कन्हौली बाजार में नकाबपोश हथियारबंद डकैतों ने एक व्यवसाई के घर पर धावा बोलकर करीब 10 लाख से अधिक की संपत्ति लूट ली। घटनास्थल थाना और एसएसबी कैंप से करीब आधा किलोमीटर दूर है। घटना को करीब डेढ़ दर्जन बदमाशों ने अंजाम दिया। सभी डकैत कट्टा, कुल्हाड़ी और बम से लैस थे। डकैतों ने व्यवसाई रामा शंकर गुप्ता (पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद) के घर को निशाना बनाया। रामा शंकर गुप्ता घर में ही जनरल स्टोर्स और किराना दुकान चलाते हैं।

जिस समय डकैतों ने धावा बोला उस समय व्यवसाई पुत्र शत्रुघ्न गुप्ता अपनी बीमार मां के लिए दवा लेने बाहर गए थे। लौटते समय घर के बाहर खड़े डकैतों ने उन्हें घेर लिया। शोर सुनकर पिता रामा शंकर गुप्ता बाहर निकले, लेकिन डकैतों ने उन्हें भी कब्जे में ले लिया।

बदमाशों ने गृहस्वामी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया और जमकर पिटाई की। जिससे उनका सिर फूट गया। इसके बाद अलमारियों की चाबी छीनकर लाखों की संपत्ति लूट ली।

पुत्र लक्ष्मण गुप्ता और शत्रुघ्न गुप्ता किसी तरह बाजार की ओर भागे और शोर मचाकर लोगों को सूचना दी कि उसके घर पर डकैत आए हैं। यह सुनते ही लोग उनके घर की ओर दौड़े। जिससे वहां भीड़ जुटने लगी लेकिन डकैतों ने दहशत फैलाने के लिए कई बम धमाके कर दिए। जिससे लोग दहशत में आ गए।

गश्ती में तैनात चौकीदार सिकंदर राय, इंदल राउत और रामचंद्र राय वहां पहुंचे। डकैतों ने उनलोगों को निशाना बनाकर बम फेंके। हालांकि तीनों बाल-बाल बच गए। स्वजन के अनुसार, डकैतों ने सोना, चांदी के आभूषण और 70 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कन्हौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अन्य थानों की टीम भी बुलाई गई।

रात में ही एसपी अमित रंजन और एएसपी आशीष आनंद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और डकैतों की पहचान में जुटी है। इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

थाना और एसएसबी कैंप के निकट हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। थानाध्यक्ष बीरबल कुशवाहा ने बताया सीसीटीवी के आधार पर अपराधियों के पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही ऑपराधिक गिरोह का पता लगा लिया जाएगा। घटना की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीड़ित गृहस्वामी द्वारा आवेदन दिया गया है।

# नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो टीम के द्वारा नावाडीह चरण महादेवा में नारी को करो सम्मान दहेज मुक्त कन्यादान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में रफीगंज के विधायक प्रमोद सिंह, नवीन नगर प्रखंड प्रमुख चित्रा सिंह, जदयू नेता सुरेंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, कथक वाटिका एकेडमिक के निर्देशक बबलू कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता वरुण सिंह उर्फ जबर सिंह, भाजपा नेता मुन्ना सिंह, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, धर्म रक्षक के प्रदेश प्रमुख विनोद सिंह शामिल हुए सभी लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुरूआत की।

विधायक प्रमोद सिंह ने कहा कि यूँ तो मानव समाज एवं सभ्यता के समक्ष कई सारी चुनौतियाँ मुँह बाए खड़ी हैं, परंतु इनमें से एक चुनौती ऐसी है, जिसका कोई भी तोड़ अभी तक समर्थ होता नहीं दिख रहा है। कहना नहीं होगा कि विवाह संस्कार से जुड़ी हुई यह सामाजिक विकृति दहेज प्रथा ही है। दहेज कुप्रथा भारतीय समाज के लिए एक भयंकर अभिशाप की तरह है । हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का यह एक बड़ा कलंक है। इस अभिशाप को खत्म करने के लिए हम सबको जागरूक होने की जरूरत ह। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजनों से समाज में एक नहीं जागृति आएगी, कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि समाज में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप बन गया है जो महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों, चाहे वे शा?रीरिक हों या फिर मानसिक, को बढावा देता है। इस अभिशाप को खत्म करने के लिए हर माता-पिता को शपथ लेने की जरूरत है कि हम दहेज नहीं लेंगे, और नहीं दहेज देंगे, कभी इस अभिशाप को खत्म किया जा सकता है और देश में एक विकसित और शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है, दहेज एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था है जिसका परित्याग करना बेहद जरूरी है।



सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि कुछ इस तरह अपना कर समाज से इस बुराई को मिटाया जा सकता है ,अपनी बेटियों को शिक्षित करें।उन्हें अपने कैरियर के लिए प्रोत्साहित करें ।उन्हें स्वतंत्र और जिम्मेदार होना सिखाएं।अपनी बेटी के साथ बिना किसी भेदभाव के समानता का व्यवहार करें।दहेज देने या लेने की प्रथा को प्रोत्साहित न करें। तभी इस अभिशाप को हम सभी रोक सकते हैं। दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम में रिया पाठक, हेमा पाठक, बाबुल का यह घर बहना कुछ दिन का ठिकाना है ।

यह प्रस्तुति से सभी लोगों को भावुक कर दिया, धर्मेंद्र यादव, सुजीत पाल, मुकेश चौबे,राम श्लोक,राम श्याम जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति जनती में जरल जयबू आग के दहेज में जैसे प्रस्तुति ने लोगों के आंखों को नम कर दिए, सुनिधि कुमारी ,रिया कुमारी ,मोहित पाठक, खुशी कुमारी सृष्टि कुमारी जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों की खूब तालियां बटोरी, विभिन्न क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य कर के समाज का गौरव बढ़ाने वाली बेटियों को प्रतिभा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।इस मौके पर जिला प्रभारी ओमप्रकाश, जिला सचिव सुमित कुमार, जिला जांच प्रभारी रणवीर सिंह, जिला एक्शन प्रभारी निखिल सिंह, कविता विद्यार्थी, श्वेता सिंह, राजू सिंह, अन्य कई लोग मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर अखंड अष्टयाम और भंडारे की धूम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर**। महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में अखंड अष्टयाम और भंडारे से धार्मिकमय वातावरण शनिवार को स्थापित हो गया है।बाबा मोहब्बतनाथ मठिया ,असहनी योगियां ब्रह्म बाबा परिसर में अखंड अष्टयाम सहित बाबा दूधनाथ शिवालय नवादा,बाबा दुर्गेश्वरनाथ रसूलपुर,प्राचीन गणेश शिव विष्णु मंदिर रसूलपुर मठिया में धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से शुरू हुआ।जिप प्रतिनिधि भीम सिंह और राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर -तनुजा सिंह व उनकी टीम द्वारा अलग भंडारे का भक्तों के लिए किया जहां भारी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किये। भंडारे का उद्घाटन पर भारी संख्या में संत भी उपस्थित रहे जिन्हें आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। पगला बाबा ने कहा कि शिव महादेव हैं क्योंकि वे ही सत्य हैं और सुंदर है।सच्चे मन से अराधना करने वालों की मनोकामना पूर्ण होती है।

# छापेमारी में भारी मात्रा में जावा महुआ एवं शराब किया गया विनष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू**। जिला पलामू में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। विधि-व्यवस्था संधारण एवं क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पाटन थाना अंतर्गत ग्राम कुवारबंध में अवैध महुआ शराब निर्माण की सूचना पर छापामारी की गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 50 किलो जावा महुआ, 10 लीटर महुआ शराब एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए, जिन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उक्त क्षेत्र में दो अलग-अलग घरों में छापामारी कर लगभग 100 लीटर महुआ दारू एवं करीब 80 किलो जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया। गुरियाही बारालोटा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान लगभग 100 लीटर महुआ शराब एवं करीब 200 किलो जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया। सभी स्थानों पर बरामद महुआ शराब, जावा महुआ एवं निर्माण सामग्री को विधिवत नष्ट किया गया। अवैध शराब निर्माण एवं कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पलामू पुलिस अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु प्रतिबद्ध है। आम नागरिकों से अपील है कि इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल अपने नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

## पुलिस ने किया पांकी एवं मनातू थाना क्षेत्रों में अफीम की फसलों को नष्ट

पलामू। जिला पलामू में अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई की गई। पांकी थाना क्षेत्र में कार्रवाई

पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम होइयो के जंगली क्षेत्र में गैर-मजरूआ भूमि पर करीब 2.5 एकड़ में अवैध रूप से लगी अफीम/पोस्ता की खेती को चिन्हित कर विधिवत विनष्ट किया गया। इस विनष्टीकरण अभियान में पांकी थाना के पदाधिकारी, ताल पिकेट के पदाधिकारी एवं पांकी थाना/ताल पिकेट के जवानों के साथ-साथ वन विभाग की टीम संयुक्त रूप से शामिल रही। मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमा एवं झांटी के जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर करीब 08 एकड़ में अवैध रूप से लगी अफीम/पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया। उक्त अभियान में मनातू थाना के पदाधिकारी एवं जवान, मितर पिकेट के पदाधिकारी एवं जवान तथा वन विभाग के पदाधिकारी संयुक्त रूप से शामिल रहे। दोनों ही मामलों में अवैध अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

# रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में चली गोली

**मुंगेर**। जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक स्थित द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में अचानक गोली चलने से यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय प्रतीक्षालय में कई यात्री मौजूद थे।

गोली चलने की आवाज सुनते ही लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए प्लेटफॉर्म पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद संबंधित जवान हथियार लेकर वहां से चला गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन अधीक्षक दीपक कुमार और एरिया मैनेजर प्रवीण कुमार सहित अन्य रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रेलवे प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही घटना की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

# शिव पार्वती विवाह आज, तैयारी पूरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा के बडीहा गांव में महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले शिव पार्वती की शादी की तैयारी अंतिम चरण में है। इसकी जनकारी आयोजनकर्ता समाजसेवी अशोक सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव विगत 16 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। लोगों के आमंत्रण देने व स्वागत को लेकर नगरनौसा बस स्टैंड, बडीहा मोड़ समेत अन्य प्रमुख चौक चौराहे पर बैनर,पोस्टर लगाने के साथ स्वागत गेट का निर्माण किया गया है। मंदिर सहित पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाया गया है। शिवपार्वती विवाह महोत्सव में इसबार जहानाबाद जिला के घोसी थाना अंतर्गत देहूनि गांव से,हरनौत थाना क्षेत्र के बिरमपुर गांव से चंडी थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव सहित आसपास के गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बरात में शामिल होकर आनंद धाम पहुंचते हैं। जहाँ समस्त गांववासियों द्वारा बरात में आये श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया जाता है।

# दुर्घटना के बाद सड़क पर तड़पता रहा पीड़ित, लोग बनाते रहे वीडियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल**। कुर्था -किंजर पथ पर गंगापुर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की सुबह एक यात्री बस और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार कुर्था बाजार निवासी विनोद ठाकुर के पुत्र दीपक कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

हादसे की सूचना पर स्थानीय लोग इक्ट्ठा हो गए, लेकिन घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय लोग उसका वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। कुछ ही समय बाद पुलिस पहुंची और घायल को आनन-फानन अस्पताल लेकर गई, लेकिन तब तक गोल्डन ऑवर निकल गया और घायल ने दम तोड़ दिया।

यह घटना मानवीय संवेदनाओं के पतन को दर्शाती है, जहां लोग घायल की मदद करने की बजाय इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने के लिए वीडियो बनाने को प्राथमिकता देते हैं। दीपक कुमार एक युवा व्यवसायी थे, जो मोतीपुर बाजार में श्रृंगार की दुकान संचालित करते थे।

वह प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह आठ बजे अपनी दुकान के लिए बाइक से मोतीपुर जा रहे थे। कुर्था -किंजर पथ पर एक आटो चालक ने अचानक चकमा दे दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आती यात्री बस से टकरा गई।हेलमेट नहीं पहनने के कारण हादसे में दीपक कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

बाइक के साथ सड़क पर गिरे खून से लथपथ दीपक कुमार छटपटा रहे थे और लोग उनका वीडियो बनाते रहे। हालांकि सूचना मिलते ही बिना देर किए प्रभारी थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय घटना स्थल पर पहुंची और घायल को उठाकर आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था ले गईं, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद बस चालक भी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले में अज्ञात बस चालक पर मुकदमा किया गया है। गौर हो कि बिहार सरकार ने सड़क हादसों में घायलों की जान बचाने वाले नेक मददगारों के लिए प्रोत्साहन राशि को 10,000 से बढ़ाकर 25,000 कर दिया है, ताकि लोग घायलों की मदद करने के लिए प्रेरित हों। लेकिन कुर्था की घटना ने सरकार की इस मंशा पर पानी फेरने का काम किया है। गोल्डन आवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर उसकी जान बच सकती थी। हादसे में दीपक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन का रो-रोकर हाल बेहाल था।

# वीआईपी मूवमेंट से लोगों को हुई फजीहत

**बिहारशरीफ**। मुख्यमंत्री ने शनिवार को नालंदा और नवादा जिले का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट्स और आगामी ऐतिहासिक 'मलमास मेला-2026' की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। वहीं, राजगीर में प्रशासन की कड़ी व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं और अधिकारियों के बीच बड़ा हंगामा भी हुआ।

राजगीर के महादेव स्थान से ब्रह्मकुंड में जल भरने जा रहे कलशधारी भक्तों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण रास्ते में ही रोक दिया गया। करीब तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद भक्तों का सब्र टूट गया। भीड़ ने 'जय श्री राम' और 'नीतीश कुमार हाय-हाय' के नारे लगाना शुरू कर दिए। भक्तों ने बताया कि सुबह से भूखे-प्यासे खड़े रहने के बाद उन्हें कोई पानी या छांव की सुविधा नहीं दी गई। 15 किलोमीटर पैदल चलकर आए श्रद्धालु शांति देवी ने कहा कि हम अखंड कीर्तन के लिए जल भरने आए थे, लेकिन तीन घंटे तक रोके जाने के कारण परेशानी हुई। भीड़ में दो बच्चे भी गुम हो गए और कुछ लोग बेहोश हो गए।

# अस्पताल संचालक एटीएम कार्ड की हेराफेरी करते रंगे हाथ धराया

## लोगों ने जमकर धुना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया**। अपराध की दुनिया में चेहरों की पहचान अब मुश्किल होती जा रही है। पूर्णिया के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबबाग में एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने पुलिस और आम जनता दोनों को हैरत में डाल दिया है। पूर्णिया के लाइन बाजार स्थित एक निजी अस्पताल संचालक एटीएम कार्ड की हेराफेरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों के बदले हुए स्वरूप ने पुलिस और आम जनता को हैरान कर दिया है। घटना सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबबाग के पास हुई हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान सहायक खजांची थाना क्षेत्र निवासी मो. इम्तियाज के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मो. इम्तियाज गुलाबबाग स्थित एक एटीएम बूथ पर घात लगाकर खड़ा था। जैसे ही एक कार्ड धारक पैसे निकालने पहुंचा, इम्तियाज ने मदद के बहाने झांसा देकर उसका मूल एटीएम कार्ड बदल लिया।

हालांकि, इस बार उसकी किस्मत ने साथ नहीं दिया। वहां मौजूद सजग लोगों ने उसकी संदिग्ध गतिविधियों को भांप लिया और कार्ड बदलते ही उसे रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपी की करतूत सामने आते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और मौके पर ही उसकी जमकर धुनाई कर दी गई। बाद में उसे सदर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल चलाने वाला इम्तियाज पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इससे पहले भी हरदा क्षेत्र में लोगों ने उसे एटीएम कार्ड की अदला-बदली करते हुए पकड़ा था और पुलिस को सौंपा था। बावजूद इसके, उसने अपराध का रास्ता नहीं छोड़ा और अपनी सफेदपोश छवि की आड़ में ठगी का धंधा जारी रखा।

वहीं, सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मो. इम्तियाज को एटीएम कार्ड की हेराफेरी के आरोप में न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## मेट्रो के दूसरे चरण की तैयारी पूरी

**पटना**। मेट्रो अब दूसरी पारी खेलने के लिए तैयार है। पटना मेट्रो के दूसरे चरण की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी, क्यों कि मेट्रो के ईआईजी आनंद कुमार ने मलाही पकड़ी से भूतनाथ तक मेट्रो शुरू करने के पहले कैटेनरी रखरखाव वाहन के माध्यम से ओवरहेड उपकरण का गहन निरीक्षण किया। मेट्रो के अधिकारियों का कहना है कि पटना मेट्रो के दूसरे फेज के मेट्रो परिचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। बताया जाता है कि ईआईजी आनंद कुमार की देखरेख में हुए इस निरीक्षण के बाद अब जल्द ही इस खंड पर मेट्रो परिचालन की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। इस संबंध में मेट्रो के अधिकारियों का कहना है कि इन महत्वपूर्ण निरीक्षणों के पूरा होने के साथ, हम प्राथमिकता कॉरिडोर के मलाही पकड़ी खंड को जल्द ही खोलने के एक कदम और करीब हैं। मेट्रो लोगों की सेवा के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है, जिससे आने वाला समय बेहद रोमांचक होने वाला है। प्रतीक्षा लगभग समाप्त हुई। अब मलाही पकड़ी से भूतनाथ तक मेट्रो बहुत जल्द शुरू हो जाएगा ,

# प्रधानाचार्य का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया**। हाई स्कूल अमारूत डीह के प्रथम प्रधानाचार्य रामकिशोर मिश्र का निधन बीते दिनों हो गया। वे वर्ष 1938 में जन्मे थे। उनके निधन से क्षेत्र के शिक्षा जगत में गहरा शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों ने उनके निधन को शिक्षा क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

हाई स्कूल अमारूत डीह का इतिहास बेहद संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। इस विद्यालय की शुरूआत 1962 में हुई थी। उस समय विद्यालय की कोई पक्की इमारत नहीं थी, बल्कि तालु बाबू के मिल परिसर में झोपड़ी लगाकर पढ़ाई की शुरूआत की गई थी।

विद्यालय की स्थापना और संचालन में कई समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सहयोग करने वालों में तालु बाबू, रामकेश्वर सिंह, शिवदानी सिंह, रामसरण तिवारी और उमा सिंह आजाद प्रमुख रूप से शामिल थे।

विद्यालय का विधिवत रजिस्ट्रेशन 1965 में मुंशी गंगलाल द्वारा पूर्व गवर्नर के नाम पर कराया गया था। इसके बाद वर्ष 1969 में विद्यालय को आंशिक रिकग्निशन प्राप्त हुआ। निरंतर प्रयासों के बाद अंततः 1974 में हाई स्कूल अमारूत डीह पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित होने लगा।

बताया जाता है कि विद्यालय को यह मान्यता बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के कार्यकाल के दौरान प्राप्त हुई थी।

विद्यालय के पहले प्रधानाचार्य के रूप में श्री मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ सहयोगी शिक्षकों में कामेश्वर सिंह, मनोहर बाबू (अमारूत दरबार),विजय मिश्रा, मथुरा मिश्र, प्रेमचंद तिवारी और सुरेश पाठक जैसे शिक्षाविद शामिल थे, जिन्होंने विद्यालय को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। आज हाई स्कूल अमारूत डीह एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी नींव एक झोपड़ी और पुराने मिल से रखी गई थी।

# झारखण्ड निकाय चुनाव में राजद की इंट्री से सियासी पारा हाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में राजद ने रांची नगर निगम मेयर पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी सुजाता कच्छप को समर्थन देने की घोषणा की है।

शनिवार को प्रदेश राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी औपचारिक जानकारी दी गई। प्रदेश युवा अध्यक्ष रंजन यादव ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने मेयर और नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए अपने-अपने समर्थित प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। ऐसे में राजद ने भी रांची नगर निगम के मेयर पद के लिए सुजाता कच्छप को समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और




मतदाताओं से उनके पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

मेयर पद की प्रत्याशी सुजाता कच्छप ने राजद नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें समर्थन दिया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम को अनुभवी नेतृत्व की जरूरत है। वह वार्ड संख्या-7 से लगातार तीन बार पार्षद रह चुकी हैं और क्षेत्र की समस्याओं तथा स्थानीय मुद्दों से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने बताया कि जनता के आग्रह पर ही उन्होंने मेयर पद का चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी प्रवक्ता डॉ. मनोज, महासचिव कमलेश यादव, गायत्री देवी समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवानिवृत सैनिक की दिखी दबंगई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बोअरिया गांव में पूर्व के रुपए के लेनदेन में सेवानिवृत सैनिक अपने भाइयों के साथ एक व्यक्ति के दरवाजे पर चढ़कर गोलीबारी और गाली गलौज एवं मारपीट किया। हाथ में हथियार लेकर गाली गलौज करने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति हाथ में हथियार लेकर गाली गलौज कर रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त सैनिक ब्रजेश सिंह, दीपक कुमार उर्फ लल्लू दोनों पिता वकील सिंह को गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस ने हथियार बरामद किया गया। वहीं घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। इस मामले में स्थानीय रणधीर कुमार ने सराय थाना में स्थानीय सेवानिवृत्त सैनिक उसके दो भाइयों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इस संबंध में घायल रणधीर कुमार ने बताया कि सेवानिवृत्त सैनिक के पिता से करीब 5 साल पहले रुपए लिए थे। 2 साल पहले रुपए दे दिए। उसके बाद भी सेवानिवृत्ति सैनिक और उसके भाइयों के द्वारा दो लाख रुपए की मांग की जा रही है।

रणधीर कुमार ने बताया कि आज ड्यूटी जाने के लिए हम तैयार थे। इसी दौरान सेवानिवृत्त सैनिक हथियार लेकर दरवाजे पर चढ़कर रुपए की मांग करने लगा। इस दौरान घर में घुसकर हमारे साथ पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट किया। घर में घुसकर लूटपाट किया।

रणधीर सिंह की पत्नी रितु देवी ने आरोप लगाया कि पूर्व के रुपए के विवाद में दरवाजे पर चढ़कर गाली-गलौज मारपीट एवं गोलीबारी की। घटना की जानकारी मिलते ही सराय थाना की पुलिस एवं एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की। एफ एस एल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्यप जुटाया।

# फार्मर आईडी निर्माण में बिहार ने किया 50 प्रतिशत लक्ष्य हासिल : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने शनिवार को राज्य में किसानों के फार्मर आईडी निर्माण में 50 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बिहार के कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, कृषि विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आपसी समन्वय और किसानों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। इस महाअभियान से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, कृषि समन्वयकों, राजस्व कर्मियों और जागरूक किसानों को उन्होंने बधाई दी। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में फार्मर आईडी निर्माण का कार्य तेजी से जारी है और अब तक 51 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की जा चुकी है जो प्रशासनिक तत्परता और किसानों की सहभागिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विशेष केंद्रीय सहायता के प्रावधान के तहत लक्ष्य उन किसानों के आधार पर निर्धारित किया गया है जिन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कम से कम एक किस्त प्राप्त की है। बिहार में ऐसे लाभार्थियों की संख्या 86 लाख 36 हजार 562 है और इसी के अनुरूप चरणबद्ध लक्ष्य तय कर कार्य किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि निर्धारित लक्ष्य के 25 प्रतिशत की उपलब्धि पर प्रथम माइलस्टोन के अंतर्गत राज्य को 107 करोड़ 96 लाख रुपये की विशेष केंद्रीय सहायता स्वीकृत हुई। इसके बाद 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त होने पर द्वितीय माइलस्टोन के तहत 161 करोड़ 93 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता मिलेगी। इस प्रकार कुल 269 करोड़ 89 लाख रुपये की विशेष केंद्रीय सहायता राज्य को प्रदान की जाएगी जिससे कृषि अवसंरचना को मजबूत करने और डिजिटल कृषि प्रणाली को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। राम कृपाल यादव ने कहा कि किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जा रहा है। यह पहल किसानों को एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़कर उन्हें पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में अहम कदम है। कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त प्रयासों से चलाए जा रहे विशेष अभियानों के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी पंजीकरण से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इसके जरिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी रूप से मिलेगा। साथ ही फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, विभिन्न सहायता अनुदान योजनाएं और फसल क्षति के वास्तविक आकलन पर आधारित क्षतिपूर्ति का लाभ भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। अंत में उन्होंने शेष किसानों से अपील की कि वे शीघ्र फार्मर आईडी पंजीकरण कराकर डिजिटल कृषि प्रणाली से जुड़ें और सभी सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त करें।

# एमनेस्टी पॉलिसी-2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 से औद्योगिक मामलों के समाधान को मिली गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा लागू एमनेस्टी पॉलिसी-2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 के माध्यम से राज्य में बंद और विवादित औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने तथा निष्क्रिय औद्योगिक भूमि को दोबारा निवेश योग्य बनाने की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई। इन नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से अब तक लगभग 100 औद्योगिक इकाइयों और मामलों का निष्पादन किया गया है जिससे औद्योगिक परिसंपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और निवेश प्रवाह को नई दिशा मिलने की संभावना है। उद्योग विभाग के सचिव सह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दोनों नीतियों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के बाद कई अहम निर्णय लिए गए। इन नीतियों के जरिए लगभग 100 एकड़ औद्योगिक भूमि को पुनः निवेश योग्य बनाकर नए निवेशकों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है, वहीं निष्क्रिय परिसंपत्तियों को सुव्यवस्थित प्रबंधन के तहत पुनर्बहाल किया जाएगा। इससे राज्य में 600 से 800 करोड़ रुपये तक के संभावित निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है जिससे औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को गति मिलने की उम्मीद है। कुंदन कुमार ने कहा कि एमनेस्टी पॉलिसी-2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 राज्य में औद्योगिक परिसंपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। एमनेस्टी पॉलिसी उन उद्यमियों को समयबद्ध अवसर प्रदान करती है जिनके औद्योगिक भूखंड बकाया राशि या अनुपालन से जुड़ी वजहों से निष्क्रिय हो गए थे। सरल, पारदर्शी और सुव्यवस्थित प्रक्रिया के जरिए वे बंद पड़ी इकाइयों को पुनर्जीवित कर सकते हैं, मौजूदा निवेश की सुरक्षा कर सकते हैं और रोजगार के अवसर दोबारा सृजित कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2026 समारोह का दूसरा कार्यक्रम बिहार राज्य उत्पादकता परिषद द्वारा राजेंद्र नगर रोड नंबर 6 स्थित भार्गव हाउस में आयोजित किया गया। विकास के इंजन के रूप में क्लस्टर - एमएसएमई में उत्पादकता को अधिकतम करना विषय पर एक सम्मेलन के रूप में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में एमएसएमई और हितधारक उपस्थित रहे। स्वागत भाषण बीएसपीसी के उपाध्यक्ष एम. के दास ने दिया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह का 68वां वर्ष है। उन्होंने हालिया बजट को कॉर्पोरेट मित्र, चैंपियन एमएसएमई नगर आर्थिक क्षेत्र और अन्य प्रावधानों के साथ ऐतिहासिक बताया। बीएसपीसी के महासचिव एडवोकेट बी के सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि क्लस्टर एमएसएमई क्षेत्र में उत्पादकता आधारित विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरे हैं और केवल उत्पादकता विकास ही एमएसएमई को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में मदद कर सकता है। उन्होंने बिहार में फलते-फूलते क्लस्टरों जैसे खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा डेयरी, आईटी, ऑटोमोटिव और ऑटो कंपोनेंट्स आदि पर प्रकाश डाला। एसबीआई के पूर्व महाप्रबंधक के सी रंगनाथ ने आधुनिक क्लस्टरों की सफलता के प्रमुख कारकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नवाचार और विकास को प्रोत्साहन देना, सार्वजनिक नीतियों का समन्वय करना, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और स्टार्टअप के माध्यम से वित्तपोषण तथा विपणन सहायता प्रदान करना आवश्यक है।

# सासामुसा चीनी मिल फिर चलेगी, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने तेज की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सासामुसा चीनी मिल के फिर से संचालन के लिए सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल को जल्द चालू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। मंत्री श्री कुमार ने यह बातें शनिवार को बामेती में आयोजित गन्ना किसान संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए कहीं। इसके पूर्व उन्होंने अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार, ईख आयुक्त अनिल कुमार झा, संयुक्त इखायुक्त, जय प्रकाश नारायण सिंह, वैज्ञानिक डॉ. बक्शी राम, डॉ. एके मल्ल के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गन्ना उद्योग मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सरकार ने बंद चीनी मिलों को खोलने के साथ ही नई चीनी मिलों की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनी हुई है जो लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से गन्ना की खेती को बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि पहले बिहार में 12 लाख हेक्टेयर में गन्ने की खेती होती थी, लेकिन जल जमाव के कारण धीरे-धीरे यह काफी कम हो गई है। इसमें 66 हजार एकड़ खेत जल जमाव से बेकार पड़े हैं। इसके लिए भी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों के उन्नति के लिए दिन रात कार्य कर रहा है। गन्ना किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान लाभान्वित होंगे तभी चीनी मिलें चलेंगी। नई चीनी मिलों को लगाने के लिए 25 जिलों से रिपोर्ट मांगी गई है। आप सभी लोग मिलकर इसमें सहयोग करें। अपर मुख्य सचिव के सेंथिल कुमार ने कहा कि पहले देश में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन धीरे-धीरे कम हो गया। बिहार के उस गौरव को वापस लाने के लिए सबका सहयोग आवश्यक है। बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि बंद मिलों को खोलना है और नई मिले लगानी है। इसमें सभी को मिलकर टीम भावना से कार्य करना होगा तभी हम लोग लक्ष्य हासिल करेंगे। इसलिए गन्ना की खेती को विस्तार करना है, ताकि चीनी मिलों को भरपूर गन्ना मिल सके। किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जो किसान पात्र होंगे उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा। वहीं, ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने कहा कि किसान अपनी क्षमता को पहचाने और नई ऊर्जा के साथ बेहतर कार्य करें, ताकि राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य हो सके। चीनी उत्पादन के क्षेत्र में बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में ले जाना है। इसके लिए सभी को प्रयास करना पड़ेगा। उन्होंने राज्य सरकार के सभी योजनाओं को घरातल पर उतारने की अपील की। वहीं वैज्ञानिक डॉ. बक्शी राम ने कहा कि जल जमाव वाले क्षेत्रों में उत्तम किस्म के बीज लगाएं और उर्वरक का प्रयोग जरूरत के हिसाब से करें। वैज्ञानिक डॉ एके मल्ल ने गन्ने की खेती को उद्यमिता से जोड़ने की बात कही। इस मौके पर बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों से आये किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन सहायक ईखायुक्त वेदव्रत ने किया।

# बैकुंठधाम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ग्रामीण एसपी ने की शांति व्यवस्था को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के बाबाधाम कहे जाने वाले प्रसिद्ध बैकुंठधाम गौरी शंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लाखों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इसी को देखते हुए खुशरूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैकटपुर में शनिवार को पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, पटना कुंदन कुमार द्वारा आम जनता के साथ शांति व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक की गई। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। पटना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। दूसरी ओर प्रेम यूथ फाउंडेशन के निदेशक देवानंद कुमार ने बताया कि यह मंदिर एशिया का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां शिव भक्तों के लिए फाउंडेशन परिसर में ठहरने और भोजन की मुफ्त व्यवस्था की गई है तथा श्रद्धालुओं की सेवा में स्वयंसेवक लगातार जुटे रहेंगे। वहीं खुशरूपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी और पुलिस शिव भक्तों के सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है।

# राहुल गांधी की पूरी राजनीति अराजक व नकारात्मक : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बजट सत्र के दौरान संसद में घटे घटनाक्रम की स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है कि श्री गांधी की पूरी राजनीति अराजक व नकारात्मक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से आहत होकर अनर्गल प्रलाप नेता प्रतिपक्ष हो करते हैं। श्री पाण्डेय ने कहा है कि राहुल की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं का संसद में जो उत्तेजना भरा आचरण रहा है उससे स्पष्ट होता है कि राहुल गांधी स्वयं लोकतांत्रिक प्रक्रिया, शुचिता, संवैधानिक मर्यादा और संसद की नियमावली को नहीं मानते हैं। देश में अविश्वास व अराजकता पैदा करना उनका मकसद है। नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का इस तरह का अपमानजनक और शर्मनाक व्यवहार आज तक नहीं देखा गया है। राहुल गांधी का संसदीय आचरण अराजकता का प्रतीक है। बजट सत्र के पहले चरण में राहुल गांधी जार्ज सोरेस के टूलकिट का हिस्सा बन कर देश की संवैधानिक संस्थाओं व लोकसभा अध्यक्ष पर अनर्गल हमला कर देश की छवि को आघात पहुंचाते रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का रवैया मानो यह हो कि जो उनके मन में आएगा, वही करेंगे।

# कांग्रेस सेवादल ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की, संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की उपस्थिति में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत की। परंपरा के अनुसार ध्वज बंधन कार्यक्रम के उपरांत यह अभियान प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी अफरोज खान एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सेवादल की सराहना करते हुए कहा कि सेवादल संगठन जितना मजबूत होगा, कांग्रेस पार्टी भी उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेगी और जनसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा आएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को सेवादल से जोड़कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। कार्यक्रम में प्रदेश महिला सेवादल अध्यक्ष रुचि सिंह, अहमद राजा खान, आशुतोष रंजन, राजकुमार पूर्वे, विपिन झा, राजीव पांडे, अली बल्खि, पिंकी पासवान, गुप्तेश्वर चौबे, गुलशन कुमार, सुरेश कुमार सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ऋषिकुलम विद्याबोधि के वार्षिकोत्सव में दिखा प्रतिभा, परंपरा और प्रेरणा का संगम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कंकड़बाग स्थित ऋषिकुलम विद्याबोधि स्कूल का वार्षिक समारोह 'सरगम' प्रेमचंद रंगशाला में उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें शिक्षा और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पियानो वादक निर्मल अगस्त्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2014 में स्थापित विद्यालय ने बहुत कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

# युवाओं को राजनीति में आने से बदलेगा माहौल : विजय कुमार चौधरी

## बीडी कॉलेज का द्वितीय भुवनेश्वरी दयाल स्मृति व्याख्यान संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा, धैर्य, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का मार्ग है। युवाओं से आह्वान किया कि वे राजनीति को सकारात्मक दृष्टि से देखें और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। शिक्षित युवाओं के राजनीति में आने से माहौल बदलेगा। युवाओं में धैर्य जरूरी है। कॅरियर चुनते समय युवाओं को अपनी रुचि के साथ-साथ आजीविका के पहलू पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। मतदाताओं की जागरूकता को लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। सजग नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करते हैं। यह बातें जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जनसंपर्क तथा भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बी.डी. कॉलेज की ओर से अधिवेशन भवन सभागार में द्वितीय भुवनेश्वरी दयाल स्मृति व्याख्यान में 'भारतीय लोकतंत्र में करियर के रूप में राजनीति' विषय पर बोलते हुए कही। सेमिनार में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति उपेंद्र प्रसाद सिंह तथा मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राजनीति राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का सशक्त माध्यम है तथा युवाओं को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को अपने सार्वजनिक जीवन का आधार बनाना चाहिए। मगध विवि के कुलपति प्रो एसपी शाही ने कहा कि युवाओं को राजनीति में आना चाहिए। पर राजनीति में धैर्य के साथ संपर्ण भाव के साथ काम करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 110 किलोवाट सौर संयंत्र की स्थापना, ई-कचरा प्रबंधन के लिए भारत सरकार की संस्था एमएसटीसी के साथ समझौता ज्ञापन, वर्मीकम्पोस्ट इकाई की स्थापना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर की उल्लेखनीय उपलब्धियां महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं।

# युवाओं के भविष्य पर आनंद रंजन झा ने जारी किया सशक्त संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली/पटना।** लगभग दो दशकों से युवाओं के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय आनंद रंजन झा ने युवाओं के नाम एक प्रेरणादायी संदेश जारी किया है। अपने संदेश में उन्होंने युवाओं से डिग्री के साथ-साथ कौशल पर विशेष ध्यान देने और करियर-ओरिएंटेड स्किल डेवलपमेंट को अपनाने का आह्वान किया। आनंद रंजन झा ने कहा कि उन्होंने पिछले 20 वर्षों में हजारों युवाओं को शून्य से आगे बढ़ते देखा है और यह अनुभव उन्हें यह विश्वास दिलाता है कि यदि युवा को सही दिशा और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो कोई भी बाधा उसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी नहीं, बल्कि युवाओं की तैयारी और कौशल की कमी है। उन्होंने कहा कि डिग्री युवाओं को पहचान देती है, लेकिन कौशल उन्हें रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मान दिलाता है। बदलते समय में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और प्रोफेशनल सोच से लैस होना होगा।

# वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पटना कॉन्वेंट में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ. गीता जैन, एम.पी. जैन तथा विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास और अनुशासन की सराहना की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह गान सहित विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया और उन्हें भरपूर तालियां मिलीं। विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार एवं सुनीता कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या खुशबू कुमारी एवं प्रधानाचार्य समर कुमार ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इवेंट इंचार्ज पूजा सिन्हा, बबिता कुमारी, स्वेता शर्मा सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। सहायक शिक्षकों–निकिता कुमारी, आरती मित्रा, आयुषी एवं अन्य ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान में 50 फीसदी लक्ष्य पार करना राज्य के लिए गर्व की बात : उपमुख्यमंत्री सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पीएम किसान लक्ष्य के सापेक्ष 50 फीसदी नामांकन का आंकड़ा पार कर लिया। मिशन मोड-3 के तहत 14 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन विभाग ने निर्धारित समय-सीमा से पहले ही शनिवार की सुबह 10 बजे यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य में कुल 85,53,570 पीएम किसान लाभार्थियों के विरुद्ध 43,04,548 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नामांकन पूरा हो चुका है, जो 50.3 प्रतिशत उपलब्धि दर्शाता है। इस उपलब्धि के साथ ही राज्य को केंद्र सरकार से दूसरी किस्त के रूप में 450 करोड़ रुपये प्राप्त होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व व भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज शनिवार को फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत 50 प्रतिशत लक्ष्य सुबह 10 बजे ही प्राप्त कर लेना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। मिशन मोड-3 के अंतर्गत तय समय-सीमा से पहले यह उपलब्धि हमारी टीम भावना और किसानों के सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि से केंद्र सरकार से 450 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त इंसेंटिव के रूप में प्राप्त होगी जिससे किसानों के हित में योजनाओं को और गति मिलेगी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने मनाया 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने पटना में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं शिव ध्वजारोहण से हुई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी एसके भारद्वाज ने समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की सराहना की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी उदय कुमार सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति के सभी पर्व त्योहारों को ब्रह्माकुमारी ने जीवित रखा है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी पटना सब जोन की प्रभारी बीके संगीता ने कहा कि साल के तीन सौ पैंसठ दिन कोई न कोई उत्सव होता है। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार में एक फर्क होता है। त्योहार का सम्बंध उत्सव से है, लेकिन पर्व विधि विधान के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कर्म महत्वपूर्ण है और उसी के हिसाब से इंसान को सबकुछ प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# लोकतंत्र में भरोसा बनाए रखना राज्य की जिम्मेदारी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। यह बात भी अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता।लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल से जुड़े ऐसे ही एक मामले में सोमवार को सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और विभिन्न आशंकाओं का निराकरण करने के निर्देश भी जारी किए हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग ने माना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है।

**भारत की गिनती विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में की जाती है। विकास की यह यात्रा सड़कों, इमारतों, डिजिटल सुविधाओं, वैश्विक निवेश और सकल घरेलू उत्पाद जैसे मानकों के आंकड़ों से मापी जाती है। मगर इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक ऐसा प्रश्न लगातार अनुत्तरित है, जिसे अनदेखा करना अब संभव नहीं। यह सवाल है—क्या देश की महिलाएं इस विकास यात्रा में समान रूप से सहभागी हैं? यदि नहीं, तो क्यों? यह मसला केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय प्रगति की नींव से जुड़ा है। यह सच है कि हाल के वर्षों में महिलाओं की शिक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं की संख्या कई स्थानों पर छात्रों से अधिक है। परीक्षा परिणामों में भी वे अव्वल रहती हैं। यह एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है, जो दशकों के प्रयासों का नतीजा है। इसके बावजूद जब शिक्षा से रोजगार की ओर बढ़ने का समय आता है, तो कार्यबल में महिलाओं की उपस्थिति बहुत कम नजर आती है। यह विरोधाभास भारतीय समाज की गहरी संरचनात्मक समस्याओं को उजागर करता है।**

# तेज विकास, धीमी भागीदारी, डिग्री के बाद भी भारतीय महिलाएं कार्यबल से बाहर क्यों?

**(सुनिधि मिश्रा )**

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत में महिलाओं की श्रम भागीदारी दर लगभग तैंतीस फीसद के आसपास है, जबकि पुरुषों की भागीदारी दर पचपन फीसद से अधिक है। यह अंतर केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना और अवसरों की असमानता का द्योतक है।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में स्थिति और चिंताजनक हो जाती है। अनेक विकासशील देशों में महिलाओं की श्रम भागीदारी भारत से कहीं अधिक है। ग्रामीण भारत में महिलाओं की श्रम भागीदारी अपेक्षाकृत अधिक दिखाई देती है, पर उसका स्वरूप चिंताजनक है। अधिकांश महिलाएं कृषि, घरेलू उत्पादन या पारिवारिक श्रम में संलग्न हैं, जहां उन्हें न तो नियमित वेतन मिलता है और न ही सामाजिक सुरक्षा।

उनका श्रम आधिकारिक आंकड़ों में दर्ज तो हो जाता है, मगर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान उन्हें प्राप्त नहीं होता। शहरी क्षेत्रों में महिलाएं शिक्षित और कुशल हैं, मगर सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थिर रोजगार तक उनकी पहुंच सीमित है। इसके परिणामस्वरूप वे या तो अल्प वेतन पर काम करती हैं या फिर कार्यबल से पूरी तरह बाहर हो जाती हैं।

**महिला सशक्तीकरण के बिना राष्ट्र की समृद्धि संभव नहीं:** महिलाओं की कार्यबल से दूरी सामाजिक अपेक्षाओं, पारिवारिक जिम्मेदारियों और मानसिक दबाव से भी गहराई से जुड़ी है। आज भी अधिकांश परिवारों में यह अपेक्षा बनी हुई है कि घर, बच्चे और बुजुर्गों की देखभाल का दायित्व मुख्यत~ महिलाओं का ही है। जब काम और घर के बीच संतुलन बनाने की बात आती है, तो सबसे पहले महिला को ही करिअर का त्याग करना पड़ता है।

यह त्याग स्वैच्छिक कम और परिस्थितिजन्य अधिक होता है। समाज में गहराई से बैठी यह धारणा कि महिलाओं की प्राथमिकता घर है और कार्य केवल एक विकल्प, उनकी आर्थिक स्वतंत्रता में सबसे बड़ी बाधा है।

एक अन्य गंभीर समस्या है 'वेतन असमानता'। विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में समान कार्य के लिए महिलाओं को पुरुषों की तुलना में औसतन बीस-पच्चीस फीसद कम वेतन प्राप्त होता है। यह अंतर महिलाओं के आत्मविश्वास, कार्य-संतोष और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा को गहराई से प्रभावित करता है। यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदेह है, क्योंकि इससे महिलाओं की क्रय शक्ति और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है।

सरकार की ओर से महिला केंद्रित अनेक कानून और



योजनाएं बनाई गई हैं। इनमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण, मातृत्व लाभ, समान वेतन का अधिकार और महिला-केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम भी शामिल है। मगर समस्या कानूनों की अनुपस्थिति की नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की है। अनेक महिलाएं आज भी अपने अधिकारों से अनभिज्ञ हैं, और जो जागरूक हैं, वे सामाजिक दबाव या नौकरी छूटने के भय से आवाज उठाने से परहेज करती हैं। कार्यस्थलों पर शिकायत निवारण तंत्र या तो मौजूद नहीं होते या फिर इतने कमजोर होते हैं कि महिलाएं उन पर भरोसा नहीं कर पातीं। पिछले वर्ष प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में कार्यरत महिलाओं का बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में है, जहां न तो कार्य समय निश्चित है और न ही भविष्य की कोई सुरक्षा। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब महिलाएं गर्भावस्था, प्रसव या पारिवारिक कारणों से कार्य से विराम लेती हैं। पुन~ कार्यबल में लौटना उनके लिए कठिन हो जाता है, क्योंकि नियोक्ता अनुभव में आए इस अंतर को नकारात्मक रूप से देखते हैं। हालांकि कुछ सकारात्मक उदाहरण भी सामने आए हैं।

कुछ राज्यों में महिलाओं के लिए विशेष रोजगार योजनाएं, स्वयं सहायता समूह और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। वर्ष 2025 में तमिलनाडु समेत कुछ राज्यों में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। केरल और महाराष्ट्र में भी महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष वित्तीय सहायता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह दर्शाता है कि यदि नीति, इच्छाशक्ति और सामाजिक सहयोग एक साथ आएं, तो परिवर्तन संभव है। हालांकि इन प्रयासों का प्रभाव तब तक सीमित रहेगा, जब तक समाज की सोच में परिवर्तन नहीं होगा। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी केवल महिला सशक्तीकरण का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में बराबर की हिस्सेदारी से जुड़ा मसला भी है। विभिन्न अध्ययनों में यह बात उभर कर सामने आई है कि यदि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के समान स्तर तक पहुंच जाए, तो देश की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। विश्व बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के आकलन के अनुसार, भारत अपनी जीडीपी में बीस-तीस फीसद तक की वृद्धि दर्ज कर सकता है, यदि लैंगिक अंतर को समाप्त कर दिया जाए। आज के दौर में यह जरूरी है कि कार्यस्थलों को अधिक समावेशी बनाया जाए, जहां लचीले कार्य समय, सुरक्षित परिवहन, बाल देखभाल सुविधाएं और समान वेतन सुनिश्चित हों। साथ ही परिवार और समाज को भी यह स्वीकार करना होगा कि महिला का कार्य करना कोई विकल्प नहीं, बल्कि उसका अधिकार है। पुरुषों को भी घरेलू जिम्मेदारियों में समान भागीदारी निभानी होगी। जब तक यह समझ विकसित नहीं होगी, तब तक कानून कागजों में और अवसर आंकड़ों में ही सिमटे रहेंगे। कंपनियों को केवल विविधता के आंकड़े प्रस्तुत करने से आगे बढ़कर वास्तविक समावेशन की संस्कृति विकसित करनी होगी। महिलाओं के लिए कौशल कार्यक्रम, नेतृत्व विकास प्रशिक्षण और करिअर पुन~ प्रवेश कार्यक्रम आवश्यक हैं। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सख्त नीतियां और उनका पालन अनिवार्य है। सवाल यही है कि क्या हम महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी मानते रहेंगे, या उन्हें विकास का सक्रिय सहभागी बनाएंगे? जब तक महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी सम्मान, सुरक्षा और समानता के साथ सुनिश्चित नहीं होती, तब तक यह कहना कठिन है कि भारत का विकास वास्तव में समावेशी है। कानून मौजूद हैं, वादे और घोषणाएं भी हैं, पर अब समय की मांग है कि अवसर भी उतने ही स्पष्ट, सुलभ और समान हों। यह परिवर्तन केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता में आमूलचूल बदलाव से ही संभव है।

# सरकारी संरक्षण से 'फूड बास्केट' बनकर उभरता उप्र

**(धर्मेंद्र मलिक)**

उत्तर प्रदेश आज खेती-किसानी के माध्यम से देश में नए आयाम स्थापित कर रहा है। गेहूं, गन्ना, दूध और आंवला उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ धान, केला, आम, अमरूद और मेंथा जैसे उत्पादों में भी प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक योगदान है। यह परिवर्तन केवल भौगोलिक अनुकूलताओं का परिणाम नहीं, बल्कि पिछले वर्षों में लागू की गई ठोस नीतियों, प्रशासनिक सुधारों और वित्तीय अनुशासन का परिणाम है। वर्ष 2016-17 में जहां कृषि विकास दर 8.6 प्रतिशत थी, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 17.7 प्रतिशत तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। देश की मात्र 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि के साथ उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में 20 प्रतिशत से अधिक योगदान दे रहा है। यह स्वयं में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हाल में प्रस्तुत 9,12,696 करोड़ रुपये के बजट में लगभग 10,888 करोड़ रुपये कृषि एवं पशुपालन के लिए आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि बिना नए कर आरोपण के राजस्व-संग्रह में वृद्धि और व्यर्थ अपव्यय की रोकथाम के माध्यम से संसाधन जुटाने का प्रयास किया गया है। यह दृष्टिकोण विकास को जन-भार नहीं, बल्कि जन-सहभागिता के रूप में स्थापित करता है। 2017 में सत्ता संभालते ही सरकार ने लघु एवं सीमांत किसानों के 36,000 करोड़ रुपये के ऋण माफ किए, जिससे लाखों किसान राहत की सांस ले सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा है। लगभग 3.12 करोड़ किसानों को डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभ पहुँचा है।

**सिंचाई, ऊर्जा और भुगतान:** बाणसागर, सरयू नहर, मध्य गंगा नहर और अर्जुन सहायक जैसी परियोजनाओं के पूर्ण होने से लाखों हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित हुई। निजी नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली ने लागत कम की। पिछले नौ वर्षों में गन्ना किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया, जिससे भुगतान व्यवस्था में पारदर्शिता और समयबद्धता आई। एथेनॉल उत्पादन में अग्रणी बनने से चीनी मिलों की स्थिति सुधरी और किसानों के भुगतान चक्र में स्थिरता आई।

कृषि को केवल उत्पादन-केंद्रित गतिविधि मानना अब पर्याप्त नहीं है। मूल्य-संवर्धन, भंडारण, प्रसंस्करण, निर्यात और ऊर्जा-दक्षता से जुड़कर ही किसान की आय में स्थायित्व आ सकता है। जब धान चावल बने, गेहूँ आटा बने, फल जूस या प्रसंस्कृत उत्पाद बनें-तभी लाभ-श्रृंखला का बड़ा हिस्सा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ठहरता है। 2,832 करोड़ रुपये का बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण पर निवेश इसी सोच का प्रतीक है।

## डिजिटल और तकनीकी कृषि

डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से त्वरित ऋण स्वीकृति, ड्रोन द्वारा कीटनाशक छिड़काव, एआई आधारित फसल निगरानी, सीड पार्क और विश्वस्तरीय हैचरी-ये सभी संकेत हैं कि उत्तर प्रदेश पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर तकनीक-सक्षम कृषि मॉडल की ओर अग्रसर है। लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें कृषि की केंद्रीय भूमिका है। यदि उत्पादन, मूल्य-संवर्धन और निर्यात-उन्मुख संरचना का यह मॉडल स्थिरता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ता है, तो उत्तर प्रदेश न केवल देश की खाद्य सुरक्षा का आधार बनेगा, बल्कि वैश्विक खाद्य-शृंखला में भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकता है। उत्तर प्रदेश अब केवल अपनी आवश्यकता पूरी करने वाला राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खाद्य-सुरक्षा विमर्श का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता दिखाई दे रहा है।

लेखक~ राष्ट्रीय प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक )ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# दुनिया में गहरा रहा जल संकट, यूएन रिपोर्ट की डरावनी चेतावनी ने बढ़ाई टेंशन

**बड़ा सवाल यह है कि अगर दुनिया पानी के लिहाज से दिवालिया हो गई, तो क्या होगा? रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने जो कुछ कहा है, उसका मतलब यह नहीं कि दुनिया से पानी अचानक खत्म हो जाएगा, बल्कि जिस ढंग से जल का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे जल व्यवस्था की रीढ़ टूटनी शुरू हो गई है। दुनिया में बढ़ता जल संकट चिंता का विषय बना हुआ है। अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़े जाने की भविष्यवाणियां तक की जा चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान के शोधकर्ताओं की हाल में आई एक रपट इन चिंताओं को और गंभीर रूप दे रही है।**

**(अमर पाल सिंह)**

इसमें कहा गया है कि पिछले कई दशकों के दौरान जल के अत्यधिक दोहन, सिमटते भूजल स्रोतों, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर 'वैश्विक जल दिवालियापन' की स्थिति में कदम रख चुकी है।

जब कोई इंसान दिवालिया होता है, तो उसके पास पैसा नहीं बचता, घर तक गिरवी हो जाता है और विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। बड़ा सवाल यह है कि अगर दुनिया पानी के लिहाज से दिवालिया हो गई, तो क्या होगा? रपट में शोधकर्ताओं ने जो कुछ कहा है, उसका मतलब यह नहीं कि दुनिया से पानी अचानक खत्म हो जाएगा, बल्कि जिस ढंग से जल का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे जल व्यवस्था की रीढ़ टूटनी शुरू हो गई है।

समूचे विश्व में बहुत पहले से जल संकट की चर्चा होती रही है, मगर इसे एक ऐसे झटके की तरह देखा जाता रहा है, जिससे समय के साथ उबरा जा सकता है। अगर जल संकट के बारे में चेतावनी दी जाती रही है, तो यह भरोसा भी दिलाया जाता रहा है कि फिर से अच्छी बरसात होगी, जल का स्तर सुधर जाएगा और हालात पुन~ सामान्य हो जाएंगे।

मगर नई रपट ने इस भरोसे पर सवालिया निशान लगा दिया है। रपट में साफ कहा गया है कि विश्व की जल आपूर्ति प्रणाली कई जगहों पर पतन के दौर में पहुंच चुकी है। अनेक क्षेत्रों में पानी की कमी अब स्थायी स्वरूप लेती जा रही है। यह स्थिति केवल पानी की कमी की नहीं, बल्कि व्यवस्था के टूटने की ओर संकेत करती है। ऐसे में अब हमें पानी के बारे में अपने सोचने का ढंग बदलना होगा।

अब तक जल संकट को एक अस्थायी समस्या माना जाता रहा है। अकाल पड़े, परेशानियां आईं, मगर कुछ साल बाद हालात सुधर गए। किसी साल वर्षा कम हुई, लेकिन अगले मानसून में भरपाई हो गई। जब ऐसा चल रहा था, तो नीतियों का निर्धारण भी इसी अनुरूप होता रहा। कभी जल की बूंद-बूंद को सहेजने वाले समाज ने भी लापरवाही बरतना शुरू कर दिया। कई जगहों पर जलस्रोत इतने कमजोर हो चुके हैं कि उन्हें पहले जैसी स्थिति में लौटने में दशकों लग सकते हैं और कई मामलों में शायद लौटना संभव ही न हो पाए।

हम दिवालियापन को व्यक्ति के आर्थिक रूप से कंगाल होने के संदर्भ में ही समझते आए हैं। जब कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से दिवालिया होता है, तो इसका मतलब यह नहीं होता कि दुनिया से पैसा खत्म हो गया है। पैसा रहता है लेकिन उस व्यक्ति की आमदनी, खर्च और कर्ज के बीच का संतुलन बिगड़ जाता है। इसी तरह दुनिया में पानी मौजूद है, लेकिन उसकी उपलब्धता, उसके उपयोग और उसके पुनर्भरण के बीच संतुलन तेजी से टूट



रहा है। हम भू-गर्भ से जितना पानी निकाल रहे हैं, उतना पुनर्भरण नहीं कर रहे हैं। यानी जल खाता खाली हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के शोधकर्ताओं ने रपट में जो कुछ कहा है, उसके अनुसार इस असंतुलन की जड़ें दशकों पुरानी हैं। भूजल के अंधाधुंध दोहन, नदियों को गंदे नालों में बदल दिए जाने, वनों की कटाई, मिट्टी के क्षरण और जलवायु परिवर्तन ने मिलकर पानी की प्राकृतिक व्यवस्था को कमजोर कर दिया है। जब पानी प्रदूषित हो जाता है, तो वह मौजूद होते हुए भी उपयोग के लायक नहीं रहता। जब भूजल जरूरत से ज्यादा निकाला जाता है, तो वह वापस भरने से पहले ही खत्म हो जाता है।

धीरे-धीरे यह स्थिति एक ऐसी सीमा पर पहुंच जाती है, जहां से लौटना बेहद मुश्किल हो जाता है। यह बात भी सच है कि इस संकट का असर सब पर बराबर नहीं पड़ता। जिस प्रकार आर्थिक दिवालियापन में सबसे पहले गरीब तबके टूटते हैं, वैसे ही जल संकट और जल दिवालियापन का सबसे बड़ा बोझ भी कमजोर वर्गों पर पड़ना स्वाभाविक है। छोटे किसानों, आदिवासियों, शहरी गरीब बस्तियों, महिलाओं और युवाओं के जीवन पर सबसे पहले इसका प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत जिन संपन्न एवं शक्तिशाली वर्गों ने सबसे ज्यादा पानी का दोहन किया होता है, उसके लाभ तो अक्सर उन्हीं तक सीमित रहते हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम दूसरों को भुगतने पड़ते हैं।

भारत के संदर्भ में देखें, तो संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी और भी गहरी चिंता पैदा करने वाली है। दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा हमारे देश में है, पर उसके हिस्से में उपलब्ध मीठा पानी सीमित है। इसके बावजूद भारत दुनिया के उन देशों में शामिल है, जो सबसे ज्यादा भूजल दोहन कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। कुएं सूख रहे हैं, हैंडपंप में पानी नहीं आ रहा और हर साल गहरे नलकूप खोदे जा रहे हैं। हमारी नदियों की हालत भी सबके सामने है। कई नदियां मृत कही जाने लगी हैं, तो कई अब वर्षाकाल तक सीमित हो गई हैं। शहरों में तालाब और झीलें या तो पाट दी गई हैं या गंदे पानी का भंडार बन चुकी हैं। वर्षा जल व्यर्थ बह जाता है, उसे सहेजने के उपाय नहीं हो रहे। तमाम मुश्किलों के बावजूद यह तय है कि हमारे यहां पानी मौजूद है, मगर हम उसका प्रबंधन नहीं कर पा रहे हैं। जाहिर है, भारत में भी जल संकट प्राकृतिक से अधिक नीतिगत है। ऐसे उद्योगों की स्थापना पर चिंता व्यक्त की जा रही है, जिनमें जल खपत अत्यधिक होती है। खेती में ज्यादा सिंचाई की जरूरत वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाना भी एक बड़ा कारण है। सस्ती या मुफ्त बिजली देने के निर्णयों ने भूजल दोहन को और बढ़ा दिया है। औद्योगिक और शहरी प्रदूषण ने उपलब्ध जल को अनुपयोगी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। अगर हम जल संकट से पार पाना चाहते हैं, तो हमें सबसे पहले मानना होगा कि पानी असीमित नहीं है। भूजल को निजी संपत्ति मानने की सोच में बदलाव लाना होगा। भूगर्भ में मौजूद पानी सामूहिक धरोहर है और उसकी रक्षा करना भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल संकट और खेती के बीच गहरा संबंध है। हमें खेती में फसलों के चयन को पानी की उपलब्धता से जोड़ना होगा। शहरों और गांवों में जल की बचत को औपचारिकता भर से ऊपर उठकर और जरूरत बनाकर काम करना होगा। गंदे पानी को बहाने की जगह उसे साफ करके पुन~ उपयोग में लाने के काम को बढ़ावा देना होगा। मगर बड़ा सवाल यह है कि यह सब करेगा कौन? केवल सरकारों पर जिम्मेदारी डाल कर इस संकट से नहीं उबरा जा सकता। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे, क्योंकि जल है तो कल है।

# बजरंग दल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पुलवामा हमले में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों की शहादत को नमन करने के लिए हर वर्ष की भांति



इस वर्ष भी 14 फरवरी को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहर के पटेल चौक स्थित सीताराम गार्डन में आयोजित इस 'मेगा रक्तदान शिविर' में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथियों की उपस्थितिशिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शहीदों की याद में रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। मेयर उषा देवी अग्रवाल और जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने भी शिरकत की और संगठन के इस सेवा कार्य की सराहना की।युवाओं में दिखा भारी उत्साह सुबह से ही सीताराम गार्डन में रक्तदान करने वालों की लंबी कतारें देखी गईं। कार्यकताओं ने बताया कि एकत्रित किया गया रक्त सेना के सम्मान में जरूरतमंदो के लिए समर्पित किया जाएगा।इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'शहीद जवान अमर रहें' के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा।

संगठन के पदाधिकारियों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में बजरंग दल और विहिप के वरिष्ठ अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर अनीश सिंह उत्तर बिहार प्रांत सुरक्षा प्रमुख, पवन पोद्दारपूर्व बजरंग दल विभाग सह-संयोजक, राणा सोनी जिल संयोजक, प्रीतम प्रताप जिला सह-मंत्री, राजेश राज जिला संपर्क प्रमुख, सोनू सिंह सुरक्षा प्रमुख, विष्णु शांडिल्य सेवा प्रमुख, आनंद तिवारी, रंजन साह, राहुल सिंह और प्रणव भगत सहित नगर इकाई के हर्षित, कुणाल जोशी, शशि भूषण और सुशांत दत्ता, रवि, विक्की, शुभम, आनंद, दीपक, आदित्य और बादल रमानी सहित दर्जनों कार्यकताओं ने शिविर के प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संदेहास्पद परिस्थिति में महिला की मौत

## पति सहित ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के मनोहरपुर पंचायत के किस्मत मिर्जातपुर वार्ड संख्याझ8 में एक महिला की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत का होने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान खबीरुद्दीन की पुत्री जहानुर खातून (42) के रूप में की गई है। इस मामले में महिला के पति पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया गया है।घटना की सूचना मनिहारी थाना को दी गई।

सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद, पुलिस निरीक्षक पप्पू कुमार, अपर थानाध्यक्ष अजीत चौधरी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं फॉरेंसिक जांच के लिए एफएसएल टीम को



भी घटनास्थल पर बुलाया गया। मामले में मृतका के पति मो. फरीरुद्दीन पिता मो. अकरम निवासी अमीराबाद, कांटाकोश पंचायत पर हत्या का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि विवाह के बाद से ही आरोपी अपनी पत्नी के मायके में रह रहा था। घटना के बाद से आरोपी पति फरार बताया जा रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मामला जमीन विवाद से भी जुड़ा हो सकता है।इस घटना के बाद से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है और दोषी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# विधायक ने बारसोई पीएससी की बदहाल स्थिति पर विधानसभा में उठाई आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता देवी ने बारसोई अनुमंडल क्षेत्र के पीएससी अस्पताल की जमीनी स्थिति को लेकर बिहार विधानसभा में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण क्षेत्र की जनता को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। विधायक ने सदन में मांग की कि बारसोई में शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराया जाए। ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर और सुविधाजनक इलाज मिल सके।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। विधानसभा में राजस्व विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास



की ओर से पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए विधायक ने अपने विचार रखे।


इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। साथ ही विधायक ने 65 बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र के बलरामपुर एवं बारसोई अंचल को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने,भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने तथा भूमाफियाओं पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी सदन में उठाई। उन्होंने कहा कि जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर उनकी आवाज आगे भी मजबूती से उठती रहेगी।

# शिव मंदिर में शिवरात्रि पर श्रद्धालु चढ़ाएंगे गंगा जल एवं दूध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड के सार्वजनिक शिव मंदिर मोहनपुर, हरिप्रसाद, भेड़मारा, मनसाही, बिशनपुर, जयनगर, घासीटोला, कजरा, फुलहरा गोरगामा, रोताघाट, कुरेठा, मटियारी, बड़ी बथना, हफलागंज, चितौड़िया आदि शिव मंदिरों में लगातार कई दिनों से मंदिर की साफ सफाई रंग रोगन का कार्य परवान पर था अब मंदिर में रंग रोगन का कार्य पूर्ण होने के बाद शिव मंदिर देखने में काफी मनमोहक लग रहा हैं।

शिव मंदिर में शिव भक्ति के गाने बज रहे हैं। शिवरात्रि को लेकर जहां भक्तजन मनिहारी से गंगाजल लेकर शिव मंदिर में जल अर्पण करेंगे। वहीं



श्रद्धालु गाय का दूध शिवलिंग पर अर्पण करेंगे। वहीं शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव विवाह का आयोजन शिव मंदिर परिसर में किया जाएगा। शिव विवाह को लेकर शिव जी की बारात भी निकाली जाएगी। वहीं मोहनपुर, घासीटोला, बड़ी बथना, जयनगर आदि शिव मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित

## 9 मामलों में 6 का हुआ निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** समेली अंचल कार्यालय में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी प्रियरंजन कुमार ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।जनता दरबार में कुल 9 मामलों की समीक्षा की गई, जिसमें 4 मामले पूर्व से लंबित थे तथा 5 नए आवेदन प्राप्त हुए। सुनवाई के दौरान 6 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जबकि शेष 6 मामलों को आवश्यक जांच एवं प्रक्रिया के लिए लंबित रखा गया है।

अंचलाधिकारी ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित



किया जाए ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का पारदर्शी एवं त्वरित समाधान करना है। जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित विभिन्न प्रकार के मामले सामने आए। स्थानीय लोगों ने जनता दरबार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। अंचलाधिकारी प्रियरंजन कुमार, पोठिया अपर अध्यक्ष अमित कुमार, राजस्व कर्मचारी उपेंद्र मिश्रा लिपिक उमेश पंडित, डाटा ऑपरेटर पंकज कुमार सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होली मिशन सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** होली मिशन सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ईसीआर दानापुर के वरीय डिवीजनल पर्सनल ऑफिसर श्री अतुल कुमार जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरूआत स्वागतगान एवं प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। आयोजित प्रतियोगिताओं में बनाना रेस, बिस्किट रेस, स्पून-मार्बल रेस, सैक रेस, थ्री लेग टाई रेस, लंबी कूद तथा 100 एवं 200 मीटर दौड़ प्रमुख रहीं। छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों तक सभी ने खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा कराटे का आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आत्मरक्षा के विभिन्न कौशल दिखाए गए। पाम-पाम ड्रिल एवं पिरामिड फॉर्मेशन ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। हाउसवाइज रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी हाउस के विद्यार्थियों ने टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेलों के विजेता रहे रेड हाउस, जबकि येलो हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उपविजेता कप अपने नाम किया। विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में विद्यालय के चेयरमैन श्री राजेश कुमार एवं प्राचार्य मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकों के सहयोग से किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# गौशाला रेल गुमटी बंद रहने से राहगीरों को परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार - बरौनी रेलखंड में मेल एक्सप्रेस वंदे भारत पैसेंजर एवं मालगाड़ी के प्रत्येक दिन अप एवं डाउन में आने जाने से राहगीर को भारी परेशानी होती हैं। कटिहार जंक्शन से दो किलोमीटर पश्चिम गौशाला रेल गुमटी प्राय बंद रहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

गौशाला रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण लगातार पांच वर्षों से हो रहा हैं लेकिन अब तक ओवर ब्रिज का काम धीरे-धीरे होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इस रेलखंड पर प्रत्येक दिन मेल एक्सप्रेस, वंदे भारत, अमृत भारत, मालगाड़ी आदि चलाए जाते हैं। मात्र पांच मिनट के लिए गेट खुलते



हैं एवं पुनः पांच मिनट के बाद गेट बंद हो जाते हैं। आम राहगीरों ने रेल प्रशासन से जल्द से जल्द ओवर ब्रिज का निर्माण कराने की मांग की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के कटिहार में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पटना (नबिटासं)।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने बिहार के कटिहार में एक रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम में हिस्सा लिया। यह प्रोग्राम युवा सड़क इस्तेमाल करने वालों के बीच सुरक्षित सड़क इस्तेमाल करने के तरीकों को सपोर्ट करने की अपनी लगातार कोशिशों का हिस्सा है। इस पहल में स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के 2000 से ज्यादा पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जिसमें ज़िम्मेदार सड़क व्यवहार और बेसिक ट्रैफिक अवेयरनेस पर फोकस किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रारंभिक स्तर पर आवश्यक सड़क सुरक्षा व्यवहारों से परिचित कराना था, ताकि वे वर्तमान और भविष्य के सड़क उपयोगकताओं के रूप में अपनी भूमिका को समझ सकें। कम उम्र में जागरूकता सुरक्षित आदतों को विकसित करने, सड़क पर सोच-समझकर निर्णय लेने को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ साझा सीख के माध्यम से परिवारों और समुदायों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। प्रतिभागियों ने सुरक्षित राइडिंग मार्गदर्शन, खतरा-पूवार्नुमान प्रशिक्षण, खेलों और क्विज सहित इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लिया। इस अभियान की सफलता में स्कॉटिश पब्लिक स्कूल की सक्रिय भागीदारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सड़क सुरक्षा जागरूकता एचएमएसआई की देशभर में सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा देने की व्यापक रणनीति का एक अहम हिस्सा है। स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों के साथ नियमित सहभागिता के साथ-साथ सामुदायिक स्तर की गतिविधियों के माध्यम से, कंपनी सुरक्षित राइडिंग और ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करने वाली पहलों का लगातार समर्थन करती है।

### संगठन की मजबूती को लेकर बैठक आयोजित

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के केवाला में भारतीय जनता पार्टी के संगठन की मजबूती को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि प्रखंड के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को सामंजन



बैठा कर कार्य करना हैं। संगठन को मजबूत करना हैं। मन की बात को धरातल पर उतारना हैं। सभी कार्यकर्ता मन की बात अपने बूथ पर सुनकर फोटो सरल एप पर लोड करना हैं। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद मंडल, दीपक कुमार झा, रंजन कुमार झा, विनोद उरांव, निरमा देवी, अनिल सिंह, भोपाल पासवान आदि उपस्थित रहे ।

### ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान बरबीघा थाना क्षेत्र के कोलहाड़ा गांव निवासी स्वर्गीय डोमन पासवान के 52 वर्षीय पुत्र बबन पासवान के रूप में की गई है। मृतक के भतीजे बसंत कुमार पासवान ने बताया कि बबन पासवान अपने बेटे और बहू के साथ अहले सुबह राजगीर जा रहे थे, जहां से उन्हें श्रमजीवी एक्सप्रेस पकड़कर नई दिल्ली जाना था। मायापुर गांव के समीप सड़क पर बने ब्रेकर के पास ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित हो गया और पलटते हुए बबन पासवान के ऊपर गिर गया। हादसे में बबन पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा पर सवार चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे में मृतक का बेटा और बहू भी चोटिल हुए हैं। परिजनों ने बताया कि बबन पासवान दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे और काम पर लौटने के लिए ही वे अपने परिवार के साथ यात्रा पर निकले थे। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। इस संबंध में बिहारशरीफ थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया है।

# राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों




में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ठाकुरबाड़ी में प्रधानाध्यापक निवेदिता कुमारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक संजीव कुमार, अमृता, नूतन कुमारी आदि मौजूद रहे।

# सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं

## जमानत मिलते ही जेल से बाहर आए सांसद पप्पू यादव, समर्थकों में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह मिठाइयां बांटी गई और समर्थकों ने इसे सत्य की जीत बताया। वहीं सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि ह्लसत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं।

उन्होंने कहा कि काफी प्रयास किए गए कि सांसद को



साजिश के तहत जेल में ही रखा जाए ताकि वे जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से न उठा सकें, किंतु अंततः न्याय की जीत हुई और उन्हें जमानत मिल गई। नैयर मसूद खान ने कहा कि पूरे बिहार में समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल है। लोग लगातार दुआ कर रहे थे कि सांसद को शीघ्र जमानत मिले और वे जनता के बीच लौटें।

उन्होंने कहा कि सांसद की प्राथमिकता हमेशा से जनता की आवाज उठाना और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना रही है। रिहाई के बाद समर्थकों ने इसे लोकतंत्र और न्यायपालिका पर विश्वास की जीत बताया। कार्यकताओं का कहना है कि अब सांसद पहले की तरह जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देंगे।

# विदाई समारोह में भावनाओं प्रेरणा और संकल्प का संगम : डॉ. सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जयमाला शिक्षा निकेतन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य, भावनात्मक एवं प्रेरणादायक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में सुसज्जित मंच, शिक्षकों अभिभावकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों के उत्साह ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत संबोधन से हुई।




इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में गीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने वातावरण को भावुक और उल्लासपूर्ण बना दिया। कई विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए और बताया कि इस विद्यालय ने उन्हें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण भी सिखाया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएँगे और जहाँ भी रहेंगे, अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. एसके सुमन ने कहा कि घर आपका पहला घर है और विद्यालय आपका दूसरा घर। इसलिए दोनों का सम्मान और प्रतिष्ठा बनाए रखना प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम आजाद के जीवन से सीख लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि डॉ. कलाम ने अपने छात्र जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, आर्थिक अभावों के बीच पढ़ाई की, परंतु कभी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए।

उसी प्रकार विद्यार्थियों को भी अपने जीवन का लक्ष्य स्पष्ट कर निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए।निदेशक ने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में उनका अमूल्य योगदान रहता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।इस मौके पर सभी शिक्षकगण ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया मौके पर श्री मिथिलेश झा, श्री बी के वर्मा, टी मंडल, निशा सुधांशु, मोनालिसा पॉल, मिथिलेश सिंह, अनुरंजन कुमार, योगेश झा, अशोक झा, सौरव, अमित, जयंत चक्रबर्ती जयंत मुखर्जी, सलोनी, खुशबू, नेहा, मनीषा, सीमा,र ाजीव झा, राजकुमार, पिंकू चटर्जी, लोकनाथ लोकप्रिय, नरोत्तम झा, सत्येंद्र सिंह, एज़िकल संगमा ने अपनी बात बच्चों को बताया। कार्यक्रम के अंत में स्मृति-चिह्न भेंट किए गए और भावुक क्षणों के बीच विद्यार्थियों को विदाई दी गई। पूरे समारोह में भावनाओं, प्रेरणा और संकल्प का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## रईसों में शामिल अनिल अग्रवाल

### मेरी हिम्मत, मेरी ताकत... मेरा सब कुछ, वेदांता के अनिल अग्रवाल ने वैलेंटाइन डे पर किया भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के टॉप रईसों में शामिल वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने वैलेंटाइन डे के मौके पर एक भावुक पोस्ट किया है। वैलेंटाइन डे से एक दिन पहले यानी 13 फरवरी को अनिल अग्रवाल की शादी को 50 साल पूरे हुए। इस मौके पर उन्होंने अपनी प प्रतिशती किरन के लिए एक्स पर एक भावुक पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा कि जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियां हों या बड़े से बड़ा गम, इन पचास सालों में एक मां-बाप और जीवनसाथी के रूप में हमने हमेशा एक-दूसरे का हाथ थामे रखा। अनिल अग्रवाल के इकलौते बेटे अग्निवेश का पिछले महीने अचानक निधन हो गया था। 49 साल के अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग करते हुए हादसे का शिकार हो गए थे। मेटल किंग के नाम से मशहूर अनिल अग्रवाल ने एक्स पर लिखा, पचास साल का साथ हो गया मेरा और किरन का, और इतने सालों में ज़िंदगी ने हमें हर रंग दिखाया, कभी धूप तो कभी छाँव। शादी के पहले बीस साल हम अलग-अलग शहरों में रहे थे, हमारा रिश्ता वैसा था जिसे आज के दौर में लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप कहते हैं। उस ज़माने में ना वीडियो कॉल थे। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है जब किरन एक बार अकेली मुंबई आई थी। एक हाथ में सूटकेस, दूसरे हाथ में एक साल का अग्निवेश। बस इसलिए कि हम थोड़ा वक़्त साथ गुज़ार सकें। इस साल वक़्त ने हमसे कुछ ऐसा छीन लिया जिसकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती... हमारा प्यारा बेटा। बच्चे को खोने से बड़ा कोई दर्द नहीं होता। टूटे दिलों को लेकर, हम धीरे-धीरे खुद को सँभालने की



कोशिश कर रहे हैं। अग्रवाल का जन्म बिहार के एक मारवाड़ी परिवार में हुआ था और उन्हें बिहार का सबसे बड़ा रईस माना जाता है। अग्रवाल ने लिखा, ज़िंदगी की छोटी-छोटी ख़ुशियाँ हों या बड़े से बड़ा ग़म, इन पचास सालों में एक माँ-बाप और जीवनसाथी के रूप में हमने हमेशा एक-दूसरे का हाथ थामे रखा। मैं भगवान का हमेशा शुक्रगुज़ार रहूँगा कि उन्होंने किरन को मेरी ज़िंदगी में भेजा। अग्रवाल की कंपनी वेदांता का बिजनेस दुनिया भर में फैला है। यह मिनरल्स, ऑयल एंड गैस को निकालती है और प्रोसेस करती है। कंपनी के करीब 64 हजार कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्टर्स हैं। मुख्य रूप से यह कंपनी भारत, अफ्रीका, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में है। दुनिया भर में कंपनी के प्रोडक्ट्स बिकते हैं। फोर्ब्स के मुताबिक अनिल अग्रवाल को नेटवर्थ करीब 3 अरब डॉलर यानी करीब 27,000 करोड़ रुपये है और वह भारत के टॉप 100 अमीरों में शामिल हैं।

## 4.6 ट्रिलियन के ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में लीडर बनेगा भारत

### नीति आयोग ने बताया फॉर्मूला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स भारत का दूसरा बड़ा एक्सपोर्ट सेक्टर बन चुका है, लेकिन इसका फोकस काफी हद तक मामले में अच्छा दमखम दिखाया है। इसमें कहा गया कि ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड बहुत हद तक पूर्वी एशिया में केंद्रित है और




असेंबली आधारित मैन्युफैक्चरिंग पर बना हुआ है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स का बड़ा केंद्र बनने के लिए भारत को कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू एडिशन पर जोर लगाना होगा। नीति आयोग ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। आयोग ने ट्रेड वॉच क्वॉर्टली में कहा कि ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स डिमांड में भारत का हिस्सा साल 2015 से 2024 के बीच 17.2 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ा है, जबकि इसी दौरान ग्लोबल ग्रोथ 4.4 प्रतिशत रही। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट करीब 42.1 बिलियन डॉलर का है, जबकि ग्लोबल मार्केट 4.6 ट्रिलियन डॉलर का है। भारत ने मोबाइल फोन, कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट्स के चीन, ताइवान, साउथ कोरिया और वियतनाम इंटीग्रेटेड सर्किट्स और सेमीकंडक्टर जैसे हाई-टेक कंपोनेंट्स बनाने में आगे हैं। वहीं, भारत मुख्य रूप से मोबाइल फोन, कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट्स असेंबली करते हुए फिनिश्ड इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का सप्लायर बना हुआ है। भारत में वैल्यू एडिशन, टेक्नोलॉजिकल लर्निंग और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन के मोर्चे पर कमजोरी है। रिपोर्ट में सलाह दी गई कि भारत को कॉस्ट डिसएडवांटेज दूर करने, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स का फायदा उठाने और स्ट्रैटेजिक कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स एक्सपोर्ट बढ़ सके।

# पांच कंपनियां शेयर बाजार में होंगी लिस्ट

### पैसे का कर लीजिए इंतजाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों में से हैं तो पैसे का इंतजाम कर लीजिए। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि पांच कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होने की तैयारी कर रही हैं। इस संबंध में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन और गद्दे बनाने वाली कंपनी ड्यूरोफ्लेक्स सहित पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है।

इसके अलावा बाजार नियामक ने दवा कंपनी विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स, मुंबई स्थित हेक्सागॉन न्यूट्रिशन और ओम पावर ट्रांसमिशन को भी आईपीओ लाने को मंजूरी दी है। बाजार नियामक सेबी से मिली जानकारी के अनुसार जिन कंपनियों ने सितंबर और अक्टूबर के बीच सेबी के पास अपने प्रारंभिक आईपीओ पत्र दाखिल किए थे, उन्हें 10 से 13 फरवरी के बीच सेबी की मंजूरी मिली। प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन के मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 2.25 करोड़ शेयर तक का नया इश्यू और 54 लाख शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी इस इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग महाराष्ट्र के रायगढ़ में नई वायर निर्माण इकाई स्थापित करने, पालघर स्थित वाडा इकाई के विस्तार, कार्यशील पूंजी और सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए करेगी। गद्दे बनाने वाली कंपनी ड्यूरोफ्लेक्स का प्रस्तावित आईपीओ 183.6 करोड़ रुपये के शेयर के नए इश्यू और प्रवर्तकों और मौजूदा निवेशकों द्वारा 2.25 करोड़ शेयर तक की बिक्री के प्रस्ताव का मिश्रण है। नए शेयरों के माध्यम से लगभग 184 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे, जबकि प्रवर्तक और मौजूदा निवेशक 2.25 करोड़ शेयर बिक्री के



लिए लाएंगे। ड्यूरोफ्लेक्स भारत की शीर्ष गद्दा कंपनियों में शामिल है और गद्दे, फोम, फर्नीचर व स्लीप एक्सेसरीज के क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखती है।

**विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स:** दवा कंपनी विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से 740 करोड़ रुपये के शेयरों का एक नया निर्गम है। शोध आधारित दवा कंपनी को 12 फरवरी को सेबी की स्वीकृति मिली। यह कंपनी सक्रिय औषधि घटकों और उन्नत रसायनों के क्षेत्र में कार्यरत है।

**हेक्सागॉन न्यूट्रिशन:** हेक्सागॉन न्यूट्रिशन का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तकों द्वारा 3.08 करोड़ से अधिक शेयरों की एक बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। कंपनी पोषण, माइक्रोन्यूट्रिएंट मिश्रण और चिकित्सकीय पोषण उत्पादों के निर्माण में सक्रिय है। इसके अलावा, ओम पावर ट्रांसमिशन का इश्यू नए शेयरों और बिक्री प्रस्ताव का मिश्रण होगा। 2011 में स्थापित यह कंपनी उच्च व अतिउच्च वोल्टेज बिजली पारेषण परियोजनाओं के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है।

# तेजी से लोकप्रिय होता एक क्रेडिट कार्ड- लाखों लोग इसे ले चुके हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई वर्षों से भारत में क्रेडिट कार्ड मिलने या न



मिलने का एक बड़ा कारण क्रेडिट हिस्ट्री रहा है। जिन लोगों के पास पहले कोई लोन या उधार का रिकॉर्ड नहीं होता था, उन्हें अक्सर क्रेडिट कार्ड नहीं मिल पाता था, भले ही वे अपने रोजमर्रा के पैसों को अच्छी तरह संभालते हों। पिछले एक साल में सुपर.मनी नाम के एक प्रमुख यूपीआई आधारित फिनटेक ऐप ने इस समस्या को हल किया है। यह ऐप भरोसेमंद बैंकों (कोटक 811 और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक) के साथ मिलकर सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड के जरिए लोगों को क्रेडिट की सुविधा दे रहा है। यह सुविधा खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो क्रेडिट सिस्टम में नए हैं, जैसे कि छात्र, पहली बार नौकरी करने वाले युवा और गृहिणियां आदि।

सुपर.मनी ने भारत में यूपीआई पर आधारित सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की है, जिससे लाखों नए लोगों को पहली बार क्रेडिट की सुविधा मिली है। इस सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड से लोग रोज़मर्रा के छोटे खर्च और बड़ी खरीदारी दोनों के लिए ही आसान यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं।

यह कार्ड रुपे पर काम करता है और यूपीआई से पेमेंट की सुविधा देता है। इससे लोग किराना खरीदने, बिल भरने और ऑनलाइन शॉपिंग आसानी से कर सकते हैं। इसका उद्देश्य है रोज़मर्रा के खर्च को आसान बनाना।

पूरे भारत में पार्टनर बैंकों के जरिए लाखों सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे यह इस श्रेणी का सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला प्रोडक्ट बन गया है। तेलंगाना, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के ग्राहक इस नए जमाने के क्रेडिट कार्ड को तेजी से अपना रहे हैं। एक अच्छी क्रेडिट हिस्ट्री भविष्य में मिलने वाले फाइनेंशियल मौकों के लिए बहुत ज़रूरी होती है। जैसे एजुकेशन लोन, होम लोन और कम ब्याज दर। सिक्योर्ड क्रेडिट मॉडल कम जोखिम के साथ शुरुआत करने का मौका देता है और रोजमर्रा के खर्च और औपचारिक लोन सिस्टम के बीच की दूरी को कम करने में मदद करता है। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) की वजह से डिजिटल पेमेंट बहुत आम हो गया है।

## अशीष कचोलिया के निवेश वाली कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आशीष कचोलिया के निवेश वाली कंपनी ज़ैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज़ की स्थिति शेयर बाजार में काफी खराब है। कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट का जारी है। शुक्रवार को इस फिनटेक कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। जिसके बाद शेयरों का भाव 289.50 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। ज़ैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज़ ने दी जानकारी में बताया है कि उनका नेट प्रॉफिट दिसंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 77.70 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 20 करोड़ रुपये रहा था। तीसरी तिमाही में अशीष कचोलिया के निवेश वाली कंपनी का रेवन्यू (ऑपरेशंस) पर 497.60 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 336 करोड़ रुपये रहा था।

### 7 बोनस शेयर दे चुकी है कंपनी

## 2 हिस्सों में बंट रहा है स्टॉक, रिकॉर्ड डेट तय, कीमत 100 रुपये से कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मीरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी ने इसकी जानकारी एक्सचेंज के साथ साझा किया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि शेयरों का बंटवारा दो हिस्सों में किया जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। जोकि होली के बाद है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में मीरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 5 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। बता दें, मीरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा है कि स्टॉक स्प्लिट के लिए 6 मार्च 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। मीरा इंडस्ट्रीज ने 2020 में बोनस शेयर दिया



था। तब कंपनी ने 5 शेयर पर 7 शेयर बोनस के तौर पर दिया था। बता दें, बीएसई के डाटा के अनुसार इस कंपनी ने पहली और आखिरी बार ही बोनस शेयर 2020 में दिया था। इस कंपनी ने 2025 में बार निवेशकों को डिविडेंड दिया था। पिछले साल आखिरी बार कंपनी ने 0.50 रुपये का डिविडेंड एक शेयर पर दिया था। उससे पहले 2024 में कंपनी की तरफ से बोनस शेयर दिया गया था। मीरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों का भाव शुक्रवार को बीएसई में 0.04 प्रतिशत की गिरावट के बाद बीएसई में 72.24 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयोरं की कीमतों में 19.90 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में पोजीशनल निवेशकों को इस स्टॉक ने 11 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 8.52 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। बता दें, मीरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 52 वीक हाई 103.46 रुपये और 52 वीक लो लेवल 54 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 77.14 करोड़ रुपये का है। दो साल में मीरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 39 प्रतिशत और तीन साल में 68 प्रतिशत की तेजी आई है।

### क्या कहा पीएफआरडीए के चेयरमैन ने

## पेंशन के साथ अब हेल्थ इंश्योरेंस बड़ा तोहफा देने की तैयारी में सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार निवेशकों को अब पेंशन के साथ हेल्थ इंश्योरेंस कवर भी देने की तैयारी में है। पीएफआरडीए के चेयरमैन एस. रमन ने शुक्रवार को बताया कि तीन पेंशन फंड निवेशकों के लाभ के लिए हेल्थ कवर देने वाली पेंशन योजनाएं लाने पर काम कर रहे हैं। ये पेंशन योजनाएं या तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के साथ गठजोड़ के जरिये या सीधे हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर के सहयोग से पेश की जा सकती हैं। रमन ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य पेंशन योजना के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को चिकित्सा जरूरतों के लिए अलग से बचत करने के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा- हम चाहते हैं कि लोग खुद को सुरक्षित रखने की अहमियत को समझें। हम चाहते हैं कि लोग मेडिकल पेंशन योजना में पैसा बचत करें। यह राशि केवल चिकित्सा उद्देश्यों के भुगतान के लिए समर्पित होगी। बता दें कि पीएफआरडीए ने इस साल जनवरी में स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत निवेशक की पेंशन राशि का अधिकतम 30 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा खर्चों के लिए अलग रखा जा सकता है।

### सोना-चांदी ईटीएफ में निवेश की योजना

उन्होंने कहा कि रिटर्न को लंबे समय तक दहाई अंकों में बनाए रखने के उपायों का अध्ययन किया जा रहा है। इसके लिए परियोजना वित्त, रियल एस्टेट, वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) के साथ सोना और चांदी ईटीएफ में सीमित निवेश की भी योजना है। उन्होंने एनपीएस के कम कवरेज (करीब एक करोड़ रुपये) को स्वीकार करते हुए कहा कि निवेशक आधार बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से बातचीत जारी है ताकि डिजिटल माध्यम से लोगों को जोड़ने में तेजी लाई जा सके। इसके साथ ही रमन ने कहा कि कम-से-कम चार बैंकों या बैंकों के समूह ने पेंशन कोष कारोबार में उतरने की इच्छा जताई है। इनमें एक्सिस बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक एवं स्टार डायची का समूह शामिल हैं।

### स्वास्थ्य बीमा कंपनियों से सस्ते टॉप-अप कवर

पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण के प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत बड़ी संख्या में निवेशकों का एकसाथ आना पेंशन फंड को बेहतर सौदे तय करने में मदद करता है। इससे हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से सस्ते टॉप-अप कवर और अस्पतालों से उपचार पर रियायतें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में अस्पतालों को मरीज के इलाज के तुरंत बाद ही भुगतान मिल सकेगा जबकि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत भुगतान में कई महीने लग जाते हैं। रमन ने बताया कि एक्सिस और टाटा की तरफ से प्रायोजित पेंशन फंड इस तरह की हेल्थ कवरेज योजनाएं पेश करने को लेकर प्रयोग कर रहे हैं।

# नेट प्रॉफिट 96 प्रतिशत लुढ़का, फिर भी बोनस शेयर और डिविडेंड का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड ने तिमाही नतीजों के साथ डिविडेंड और बोनस शेयर का भी ऐलान किया है। कंपनी ने इसकी जानकारी शुक्रवार को एक्सचेंज के साथ साझा किया था। कंपनी ने हर एक शेयर पर 7 प्रतिशत डिविडेंड देने का फैसला किया है।

स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी मेंआईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड ने बताया है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 0.07 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए 19 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम इस दिन रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें 70 प्रतिशत का डिविडेंड का लाभ मिलेगा। कंपन ने 2025 में तीन बार निवेशकों को डिविडेंड दिया था। आखिरी बार कंपनी 18 नवंबर 2025 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी।

आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस देने का फैसला किया है। कंपनी ने इस बोनस शेयर के लिए भी तक रिकॉर्ड डेट का



ऐलान नहीं किया है।

शुक्रवार को आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड के शेयर बीएसई में शुक्रवार को 1.24 प्रतिशत की गिरावट के बाद 43.97 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 7.48 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि, एक साल पहले शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 11.10 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। कंपनी का 52 वीक हाई 54.38 रुपये और 52 वीक लो लेवल 38.57 रुपये है।आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड का मार्केट कैप 26553 करोड़ रुपये का है। तीन साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 51 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 5 साल में यह स्टॉक 303 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। इस कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 30.42 प्रतिशत और पब्लिक की हिस्सेदारी 69.58 प्रतिशत है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में भारी गिरावट आई है। एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि अक्टूबर से दिसंबर के दौरान नेट प्रॉफिट 210.79 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 96.50 प्रतिशत गिरा है।

## क्यू3 रिजल्ट के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों पर दांव लगाना रहेगा सही: एक्सपर्ट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्यादातर कंपनियों ने दिसंबर तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया है। अब सवाल खड़ा हुआ है कि कौन सी डिफेंस कंपनी के शेयरों पर दांव लगाना सही रहेगा? बजट में इस बार भारत सरकार ने डिफेंस बजट को 15.20 प्रतिशत का इजाफा किया है। इस बार बजट में 7.85 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

शेयर बाजार पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स का कहना है कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का प्रदर्शन दिसंबर तिमाही के शानदार रहा है। बीडीएल के नेट प्रॉफिट में गिरावट आई है। वहीं, मार्जिन भी 5 प्रतिशत के नीचे आ गया। नवर प्रतिशत कंपनी बीईएल ने दिसंबर तिमाही में बेहतर प्रदर्शन किया है। इन सबके अलावा मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के रेवन्यू और नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर बढ़ा है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का रेवन्यू सालाना आधार पर 10.70 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 29.60 प्रतिशत बढ़ा है। बीईएल का रेवन्यू



का सालाना आधार पर 23.70 प्रतिशत और प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 20.80 प्रतिशत बढ़ा है। दोनों कंपनियों के पास कई बड़े वर्क ऑर्डर हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि दोनों कंपनियां बढ़े प्रोजेक्ट को भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। ग्लोबल सिक्योरिटीज ने मझगांव डॉक के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रिजल्ट कमजोर रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बीडीएल के नतीजे चिंताजनक रहा है। कंपनी का रेवन्यू सालाना आधार पर 31.90 प्रतिशत घटा है। लक्ष्मीश्री के रिसर्च हेड अंशुल जैन कहते हैं, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटे़ड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के तिमाही नतीजों के बाद बीईएल को ज्यादा सपोर्ट दिख रहा है। यह स्टॉक मजबूत रिलेटिव स्ट्रेंथ को दर्शाता है। एक्सपर्ट का कहना है कि बीईएल के शेयर के लिए नया प्रोजेक्शन 485 रुपये से 495 रुपये के स्तर को सपोर्ट करता है।

# पहाड़ी मंदिर से आज निकलेगी शिव बारात



- सीएम सहित कई राजनीतिक हस्तियां बनेंगे गवाह
- इको-फ्रेंडली झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम
- सुरेश्वर महादेव में हल्दी रस्म, गाए गए मंगल गीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर पहाड़ी मंदिर से रविवार को दोपहर तीन बजे शिव बारात निकाली जाएगी। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दीप प्रज्वलित कर शिव बरात को रवाना करेंगे।
उनके साथ सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह, कुणाल अजमानी, राजेश साहू एवं बादल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।
प्रवक्ता बादल सिंह ने बताया कि इस वर्ष भगवान शिव कर्पूरगौरं करुणावतारं स्वरूप में अपने भूत-प्रेतों की टोली के साथ नजर आएंगे। 51 माताएं दूल्हे के रूप में सजे भोलेनाथ का परछन एवं दिव्य आरती करेंगी। शिव बरात में राम-लक्ष्मण-सीता, राधा-कृष्ण और मां दुर्गा की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। भूत-प्रेतों की टोली तांडव नृत्य करते हुए बारात की शोभा बढ़ाएगी।बारात पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार से निकलकर शनि मंदिर अपर बाजार, शहीद चौक, फिरायालाल चौक, गांधी चौक, महावीर चौक और रातू रोड होते हुए पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां सनातन विधि-विधान से भगवान शिव का विवाह संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार इस बार बारात पूरी तरह इको-फ्रेंडली होगी। देशभर से कलाकार शामिल होंगे। शिव तांडव, 21 बालिकाओं द्वारा काली तांडव, अघोरियों का तांडव नृत्य, भजन संध्या, छऊ नृत्य, डीजे और झारखंड की प्रसिद्ध ताशा पार्टी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। राधा-कृष्ण का मनमोहक प्रेम नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।
बारात में पांच रथ घोड़ा सारथियों के साथ चलेंगे तथा कुल 20 से 21 वाहन फूलों से सजाए जाएंगे। आयोजन महासमिति द्वारा 'हर घर शिव' कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। संरक्षक जितेंद्र सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें।
सुरेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को बाबा भोलेनाथ को पारंपरिक रीति-रिवाज से हल्दी चढ़ाई गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंगल गीत गाए और श्रद्धा के साथ बाबा को हल्दी अर्पित किया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।बाबा भोलेनाथ का भव्य शृंगार किया गया तथा विधिवत आरती संपन्न हुई। मड़वा का कार्यक्रम भी किया गया। शनिवार को मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी। 15 को शिव बरात चुटिया स्थित श्री राम मंदिर पहुंचेगी, जहां रात्रि में शुभ विवाह का आयोजन होगा।
मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू एवं महासचिव संतोष सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।दूरदर्शन केंद्र रांची की ओर से धारावाहिकों का निर्माण किया गया है। केंद्र दर्शकों के लिए तीन नए धारावाहिक प्रस्तुत करने जा रहा है। इन धारावाहिकों में हास्य, रहस्य-रोमांच और पारिवारिक संवेदनाओं का समृद्ध समावेश किया गया है। तीनों धारावाहिक डीडी झारखंड पर निर्धारित समयानुसार प्रसारित किए जाएंगे। सबसे पहले पारिवारिक हास्य धारावाहिक तिकड़मबाज शीघ्र ही आ रहा है।

## लोगों में हर्ष व्याप्त

**खूंटी।** भारत सरकार द्वारा देश की सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों, कालेजों एंव सरकारी कार्यालयों, कार्यक्रम में राष्ट्रगान वंदे मातरम को अनिवार्य करने की घोषणा की अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ झारखंड के अध्यक्ष एंव फिल्मकार तपन कुमार घोष ने स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब सही मायने में वंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम राष्ट्रगान को सम्मान दिया गया है। ज्ञात हो कि इस से पहले गैर भाजपा सरकार द्वारा वंदे मातरम का उपेक्षा की जा रही थी। लेकिन मोदी सरकार ने वोट बैंक की राजनीति से उपर उठकर देश भक्ति को सबसे ज्यादा महत्व देते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। महासंघ के संगठन सचिव जितेंद्र कुमार पांडेय, सचिव प्रशांत कुमार, बिरसा लोहार, डॉ पी के विश्वास, डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी, गणेश लोहार, मदन मोहन गोस्वामी, विश्वनाथ गंझू, किशोर ठाकुर, दीपक कुमार घोष, पंकज पांडेय, सुदामणी देवी, संजय नाग मुंडा, एम पी सिंह, जयराम महतो, मनोहर प्रकाश राम, अनिल कुमार आदि ने हर्षित होकर सरकार को बधाई दिया है।

# डालसा की त्वरित कार्रवाई से हुआ वृद्धा का उपचार

- आरोपितों के विरूद्ध हुई प्राथमिकी दर्ज
- पीड़िता को मिले निःशुल्क अधिवक्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के टोल फ्री नंबर पर प्राप्त सूचना के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) धनबाद ने त्वरित कार्रवाई की। एक 70 वर्षीय घायल वृद्ध महिला को न सिर्फ तत्काल चिकित्सीय सहायता मिली, बल्कि आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई।
दरअसल केंदुआडीह थाना क्षेत्र की निवासी 70 वर्षीय सावित्री देवी को उनके पड़ोसी कामेश्वर भुइयां एवं उसकी पत्नी द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की सूचना सावित्री देवी की पुत्री फूलो देवी ने नालसा के टोल फ्री नंबर पर दी। सूचना मिलते ही अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद, मयंक तुषार टोपोनो के निर्देश पर टीम सक्रिय हो गई।
पैरा लीगल वॉलंटियर राजेश कुमार सिंह एवं योगेश कुमार ने तत्काल संबंधित थाना को सूचना दी तथा एंबुलेंस की व्यवस्था कर घायल सावित्री देवी को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमसीएच), सरायढेला, धनबाद में भर्ती कराया।लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की तीन सदस्यीय टीम, डेप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट के नेतृत्व में सहायक काउंसिल नीरज गोयल एवं सुमन पाठक अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।
अस्पताल में कार्यरत पैरा लीगल वॉलंटियर चंदन कुमार एवं अनामिका सिंह के सहयोग से सावित्री देवी के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। चिकित्सकों के अनुसार वृद्धा का पैर टूट गया है तथा उन्हें रक्त की आवश्यकता थी, जिसके लिए भी आवश्यक कदम उठाए गए।
परिजनों बिंदु देवी, फूलो देवी, ललिता देवी, हरिश्चंद्र भुइयां एवं रामचंद्र भुइया से मुलाकात कर टीम ने



पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि रात्रि लगभग 3 बजे सावित्री देवी अपने कमरे में शोर कर रही थीं, इसी दौरान पड़ोसी कामेश्वर भुइयां और उसकी पत्नी कमरे में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।
डालसा के प्रयास से आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी केंदुआडीह ने टीम को आश्वस्त किया है कि आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र ही विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्राधिकार ने पीड़िता के परिजनों को मुकदमा लड़ने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया है।

परिजनों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में डालसा की टीम उनके लिए मसीहा बनकर सामने आई।यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि विधिक सेवा संस्थाएं जरूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर हैं।

# जेएसबीसीएल ने की करोड़ों की बीयर नष्ट

## 1 लाख 80 हजार लीटर बीयर हो चुकी है एक्सपायर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सिर्फ रांची में 1 लाख 80 हजार लीटर बीयर एक्सपायर हो चुके हैं। उनके विनष्टीकरण की कार्रवाई शनिवार से शुरू हो चुकी है। झारखंड राज्य बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के रांची के नगड़ी स्थित गोदाम में ये बीयर पड़े थे, जिन्हें नष्ट किया जा रहा है। नष्ट हो रहे बीयर केन वाले हैं। पहले दिन जेएसबीसीएल ने 5700 पेटी बीयर को नष्ट किया। एक पेटी में 12 लीटर बीयर रहता है। यानी पहले दिन कुल 68 हजार 400 लीटर बीयर को नष्ट किया गया है।
गोदाम में एक्सपायरी बीयर 15000 पेटी हैं, यानी एक लाख 80 हजार लीटर बीयर एक्सपायरी हैं, जिन्हें नष्ट किया जा रहा है। औसतन बीयर की कीमत अगर 300 रुपये लीटर रखा जाय तो करीब पांच करोड़ 40 लाख रुपये मूल्य के बीयर को रांची में नष्ट किया गया है।
बीयर के एक्सपायरी का मामला सिर्फ रांची का ही नहीं है। सभी जिलों में यह समस्या है। इसमें न तो नुकसान जेएसबीसीएल का हो रहा है और न हीं खुदरा शराब दुकानदारों का। अगर किसी को सर्वाधिक नुकसान हो रहा है तो वह बीयर आपूर्ति कंपनियों का हो रहा है।



आरोप है कि उक्त कंपनियों ने बिना बेहतर प्रबंधन के बीयर की मांग से अधिक आपूर्ति की, जिसके चलते उनके बीयर एक्सपायरी हो गए। जिन ब्रांड के बीयर सर्वाधिक एक्सपायर हुए हैं, उनमें कंगारू, किंगफिशर अल्ट्रा लेजर, प्रूस्ट व हंटर ब्रांड वाले सर्वाधिक हैं।
झारखंड शराब व्यापारी संघ ने बीयर के एक्सपायरी होने के पीछे विधिवत निगरानी व नीति का दुरुस्त नहीं होना बताया जा रहा है। इसके लिए संघ ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री, उत्पाद सचिव को कुछ सुझाव दिया है, ताकि नुकसान को रोका या कम से कम किया जा सके। जारी सुझाव के अनुसार एक्सपायरी तिथि से 60 दिन पहले संबंधित स्टाक का डिजिटल अलर्ट जारी किया जाय। एक्सपायरी तिथि से 30 दिन पहले ऐसे स्टाक को अधिकतम 50 प्रतिशत छूअ पर बिक्री की विशेष अनुमति दी जाय। यह बिक्री केवल लाइसेंसधारी होटल, ढाबा, बार या वैध लाइसेंसी दुकानों को सीमित मात्रा में की जाय।
जेएसबीसीएल गोदाम के स्तर पर फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट (फिफो) प्रणाली को सख्ती से लागू किया जाय, ताकि पुराना स्टाक पहले निकले। जिला स्तर पर एक्सपायरी स्टाक के लिए विशेष ट्रांसफर या समायोजन की सुविधा दी जाय।
बीयर निर्माण के तीन से छह महीने के भीतर पीने योग्य रहती है। इसके बाद इसे एक्सपायर माना जाता है। बीयर का रख-रखाव ठीक से न हो तो इससे पहले भी वह खराब हो जाती है। बोतल, केन में मौजूद थोड़ी आक्सीजन या सील खराब होने पर हवा अंदर जाने से बीयर का स्वाद खराब हो जाता है।
धूप या यूवी किरणों के संपर्क में आने से बीयर में मौजूद यौगिक टूटते हैं, जिससे दुर्गंधयुक्त स्वाद आता है। उच्च तापमान रसायनिक प्रक्रियाओं को तेज करता है, जिससे बीयर बासी हो जाती है।

# पुलवामा बरसी पर शहीदों के नाम कैंडिल मार्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** पुलवामा की सातवीं बरसी पर शनिवार की शाम रसूलपुर में स्थानीय युवाओं शहीदों के नाम केंडिल मार्च निकाला। पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के बीच बाजार में भ्रमण कर लोगों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। युवाओं ने शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान की गाथा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। राजेंद्र चौक से युवाओं ने कैंडल मार्च शुरू कर पूरे बाजार होते हुए पुनः उसी चौक पर युवक पहुंचे और शहीदों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वातावरण देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत था। केंडिल मार्च में शामिल स्थानीय उपमुखिया मनोज सोनी उर्फ नन्हें ने बताया कि रसूलपुर सदैव राष्ट्रभक्ति की ज्योति जलाए रखने वाला क्षेत्र रहा है। यहाँ के नवयुवक वर्तमान में भारतीय सेवाओं में कार्यरत होकर मातृभूमि की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं।

## अनीता ने बढ़ाया झारखंड की शान

**रांची।** कोयलांचल धनबाद की धरती से निकलकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने वाली धनबाद की बेटी अनीता मजूमदार ने एक बार फिर झारखंड का मान बढ़ाया है। दुबई के डीएफ काम्प्लेक्स में आयोजित दुबई फैशन वीक में अनीता ने अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व स्तरीय मंच पर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रसिद्ध बालीवुड डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा आयोजित इस भव्य रनवे शो में बालीवुड अभिनेत्री कृति सेनन शो स्टापर के रूप में मौजूद थीं। विश्व की जानी-मानी माडल्स के बीच धनबाद की अनीता मजूमदार ने अपनी मेहनत और कड़े संघर्ष के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।
कार्यक्रम में दुबई के मशहूर व्यवसायी ऋषभ सिंह, होटलीयर्स मैक्स के ओनर एस सनपाल और उनकी पत्नी वेला सनपाल जैसे दिग्गज अतिथि के रूप में मौजूद थे। अनीता ने कहा अंतरराष्ट्रीय मंच पर धनबाद का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए हार्दिक और आत्मिक संतुष्टि का विषय है।

# आईआईटी आईएसएम में एक्यूएमडीए की शुरूआत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग एंड डेटा एनालिसिस का शुभारंभ शनिवार को हुआ। देश-विदेश के वैज्ञानिकों, नीति-निमार्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और शोधार्थियों की उपस्थिति ने पहले दिन को अत्यंत सार्थक बना दिया।
स्वागत भाषण में प्रो. मनीष जैन ने बढ़ते वायु प्रदूषण की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्नत मॉनिटरिंग तकनीक, रियल-टाइम डेटा विश्लेषण और बहु-विषयक शोध की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।
उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला वैज्ञानिक शोध को नीतिगत निर्णयों से जोड़ने का मंच प्रदान कर रही है।
मुख्य अतिथि नीलैश कुमार साह, संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि प्रभावी वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए विश्वसनीय डेटा और मजबूत नियामक ढांचा अनिवार्य है।
उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय और नीति-

## वायु प्रदूषण समाधान के लिए विज्ञान और तकनीक पर जोर

निमार्ताओं के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया।
अध्यक्षता करते हुए निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि ज्ञान आधार है, विज्ञान उसका विश्लेषण है और प्रौद्योगिकी उस विज्ञान का व्यावहारिक उपयोग है, जो देश की प्रगति और आर्थिक विकास में सहायक बनता है।
पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आलोक सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग का लक्ष्य विज्ञान आधारित और तकनीक समर्थित समाधान विकसित करना है।
उन्होंने सैटेलाइट डेटा, ग्राउंड मॉनिटरिंग नेटवर्क, एआई आधारित मॉडलिंग और उद्योग सहयोग को एकीकृत कर समग्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।
उद्घाटन दिवस पर प्रो. योगिंदर पी. चुघ (एसआईयू-कार्बोंडेल, अमेरिका) ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में वायु गुणवत्ता की चुनौतियों पर मुख्य व्याख्यान दिया।
तकनीकी सत्रों में वायु गुणवत्ता नीति, लो-कॉस्ट सेंसर, स्त्रोत विश्लेषण, खनन क्षेत्रों में धूल के प्रभाव और प्रदूषण नियंत्रण रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। पोस्टर प्रस्तुति, उपकरण प्रदर्शन और टेक्समिन लैब भ्रमण ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया।
कार्यशाला का समापन रविवार को उन्नत तकनीकी सत्रों और वैलिडिक्टरी कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें सैटेलाइट-ग्राउंड डेटा एकीकरण, एआई आधारित आकलन और वैश्विक मॉनिटरिंग दिशानिर्देशों पर चर्चा होगी।

# मंदिर से उतारे गये पंचशूल आज पूजनोत्सव के बाद होंगे स्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** महाशिवरात्रि को लेकर बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 20 मंदिरों के शिखर से पंचशूल को उतारा गया है। वहीं शुक्रवार 13 फरवरी को बाबा भोले और पार्वती मंदिर के शिखर से उतारा गया। पंचशूल साफ सफाई के बाद 14 फरवरी को विधिवत सभी पंचशूलों का प्रशासनिक भवन में पूजा अर्चना की जाएगी।
बाबा मंदिर दीवान के द्वारा कपड़े में गुप्त मंत्र लिखकर पंचशूल में बांधा जाएगा इसके बाद भंडारी परिवार के सदस्यों द्वारा मंदिर के सभी शिखर पर पंचशूल लगाया जाएगा। बाबा मंदिर में परंपराओं को निभाने के लिए सभी का कार्य पहले से बंटा हुआ है।
जिसमें खासकर भंडारी परिवार का कार्य मंदिर में होने वाले दैनिक धार्मिक कार्यों के साथ-साथ परंपरागत कार्यों में भी उनकी अहम भूमिका रहती है। जिसमें खासकर बाबा मंदिर के शिखर पर चढ़ने का अधिकार सिर्फ भंडारी परिवार के सदस्यों को ही है।
बाबा मंदिर के शिखर पर ध्वज बांधने का कार्य बाबा एवं माता पार्वती के शिखर पर गठबंधन बांधने का कार्य महाशिवरात्रि के अवसर पर किया जाता है। सभी मंदिरों के शिखर पर चढ़कर पंचशूल को उतारने का कार्य भंडारी परिवार के द्वारा ही किया जाता है।
वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर के



शिखर पर मोर मुकुट भी भंडारी परिवार के द्वारा ही बांधा जाता है। चार पहर पूजा में भी भंडारी परिवार के सदस्य पूजा सामग्री मंदिर के गर्भगृह में पहुंचने का कार्य करते हैं।
इस बारे में भंडारी परिवार के सदस्य शैलेश भंडारी ने बताया कि हमारे पूर्वज के समय से बाबा मंदिर में परंपरागत तरीके से कार्य किया जा रहा है। ये कार्य आज उनलोगों के द्वारा किया जा रहा है।
बाबा मंदिर कार्य उनके समाज के अन्य लोग भी जुटे हुए हैं। इस कार्य में 55 लोग सहयोग करेंगे। इस कार्य में भंडारी परिवार के चिंतामणि भंडारी, शिव शंकर भंडारी, गंगाधर भंडारी, राजू भंडारी, भोला भंडारी अभी मंदिर में कार्यरत हैं। बाबा भोले की कृपा से इसी कार्य से उनका और पूरे परिवार का भरण पोषण होता है।

# आदिवासी महिला और उसकी मासूम बेटी के हत्यारा को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** मंगलवार की रात शहर के वीर कुंवर सिंह चौक स्थित सदर पुलिस निरीक्षक के कार्यालय के पीछे आदिवासी महिला और उसके छह साल की बेटी की हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांदो के रहने वाले वाहन चालक आरोपित जैनुल हक उर्फ जैनुल अंसारी ने दुष्कर्म का विरोध करने पर पहले पिटाई कर महिला को मार दिया और फिर पहचान उजागर न हो इसलिए उसकी छह साल की मासूम बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी।
पुलिस ने आरोपित के पास से महिला का छीन हुआ पांच हजार रुपया और बैंक की पासबुक भी बरामद कर ली है। शुक्रवार की देर शाम आवासीय कार्यालय में जानकारी देते हुए एसपी पीतांबर सिंह खेरबार ने बताया कि मंगलवार की रात ही मां बेटी की हत्या की गई। बुधवार की सुबह दोनों का शव मिला। काठीकुंड की रहने वाली मजदूरी करती थी।
मंगलवार की शाम वह वीर कुंवर सिंह चौक में खड़ी थी। तभी वाहन चालक जैनुल की उस पर नजर पड़ी। जैनुल का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। वह गलत नीयत से महिला को कार्यालय के पीछे ले गया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया।
महिला ने जब इसका विरोध किया तो सीने पर मुक्का से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। बेटी ने उसे मारपीट करता हुए देख लिया था, इसलिए उसे लगा कि वह लोगों को बता देगी, इसलिए मुंह पर गमछा डालकर उसका गला दबा दिया। मौके पर नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, एएसआई राजीव रंजन व रोहित कुमार मौजूद थे। एसपी ने बताया कि हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एसडीपीओ विजय महतो के नेतृत्व में नगर थाना की एक टीम बनाई गई। एक सीसीटीवी में आरोपित को महिला के साथ देखा गया। फुटेज के आधार पर आसपास दुकानदारों से पहचान कराई गई तो कुछ लोगों ने कपड़ा देखकर आरोपित के बारे में बताया। उसका मोबाइल नंबर भी हाथ लगा। मोबाइल बंद होने की वजह से शक और गहरा गया। तकनीक की मदद से पुलिस आरोपित तक पहुंच सकी।

## एनएसयूआइ के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआइ के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसमें एनएसयूआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार के समर्थक आपस में ही भिड़ गए। कन्हैया की छोटी तस्वीर से नाराजगी पर पोस्टर फाड़ने से लेकर हाथापाई तक की नौबत आ गई। एक-दूसरे के विरुद्ध नारेबाजी भी हुई। वहां मौजूद वरीय नेताओं ने किसी तरह बीच-बचाव कर हंगामा शांत कराया। सदाकत आश्रम में पटना विवि छात्र संघ चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक चल रही थी। एनएसयूआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी दावेदारों और तैयारियों की समीक्षा करने वाले थे मगर इससे पहले ही पोस्टर में लगी तस्वीर को लेकर विवाद खड़ा हो गया। राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार के समर्थकों ने कन्हैया की छोटी तस्वीर लगाने पर आपत्ति जताई और वहां लगे पोस्टर को फाड़ दिया।

# भाजपा ने कई पार्टी नेताओं को थमाया नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में अनुशासनहीनता को भाजपा ने गरंभीरता से लिया है। निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने बाद बगावत करने वाले नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।झारखंड में नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा है। इसके बावजूद दलीय राजनीति चरम पर है। धनबाद नगर निगम के मेयर पद के लिए भाजपा संजीव कुमार को प्रत्याशी बनाया है। संजीव कुमार के खिलाफ भाजपा नेता झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय और भाजपा नेता भृगुनाथ भगत चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा नेताओं ने पुरजोर प्रयास किया कि तीनों चुनाव मैदान से हट जाए। इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह तक ने बात की। सफलता नहीं मिलने तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के विरोध में चुनाव लड़ रहे 18 नेताओं को पार्टी ने नोटिस भेजकर अनुशासनहीनता पर जवाब मांगा है। प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने धनबाद में संजीव सिंह, मुकेश पांडेय, भृगुनाथ महतो को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। संजीव सिंह झरिया की भाजपा विधायक रागिनी सिंह के पति हैं।
देवघर में बाबा बलिया और पलामू में परशुराम ओझा से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन नेताओं के भेजे पत्र में प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा है कि उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों को अनुशासनहीनता माना गया है। इस पर सात दिनों में अपना जवाब पार्टी को दें। भाजपा की जिला कमेटी गिरिडीह, जमशेदपुर, चाईबासा समेत कई जिलों ने 20 से अधिक नेताओं को पत्र भेजकर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने और उसपर उनका पक्ष पूछा है। इनका जवाब संतोषजनक नहीं रहने पर पार्टी आगे की कार्रवाई करेगी।

# यूएसए ने नीदरलैंड को टी-20 में पहली बार हराया

## 93 रन से जीता मैच, साईतेजा मुक्कामल्ला की फिफ्टी, हरमीत सिंह ने 4 विकेट झटके

**चेन्नई (एजेंसी)।** यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएसए) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत दर्ज की है। उसने ग्रुप ए के मैच में नीदरलैंड को 93 रन से हराया। अमेरिका ने नीदरलैंड को टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार हराया है।



चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शुक्रवार के तीसरे मैच में 197 रन का टारगेट चेज कर रही नीदरलैंड की टीम 15.5 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट हो गई। हरमीत सिंह ने 4 विकेट झटके। शैडली वान शाल्कविक ने 3 और मोहम्मद मोहसिन ने 2 विकेट लिए। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग कर रही अमेरिकी टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए। साईतेजा मुक्कामाला ने 79 रन बनाए। जबकि कप्तान मोनांक पटेल ने 36 रन बनाए। बास डी लीडे ने 3 विकेट झटके। लोगन वान बीक, फ्रेड क्लासन और काइल क्लीन ने एक-एक विकेट झटके।

**यूएसए तीसरे नंबर पर आया-** पहली जीत के साथ यूएसए की टीम ग्रुप ए के पॉइंट्स टेबल के तीसरे स्थान पर आ गई है। टीम के पास 3 मैचों में दो अंक हैं। इतने ही अंक, नीदरलैंड के पास हैं, लेकिन डच टीम का नेट रन रेट यूएसए से कम है। भारत 4 अंक लेकर पहले, पाकिस्तान इतने ही अंक से दूसरे स्थान पर हैं। नामीबिया टेबल में सबसे नीचे है।

# विक्टोरिया म्बोको ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन रयबाकिना को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**दोहा (एजेंसी)।** कुछ महीनों में विक्टोरिया म्बोको ने टॉप 15 में पहुंचने के दौरान कई मौकों पर चैंपियन वाली सोच दिखाई है। कनाडा की इस टीनेजर ने शुक्रवार को कतर टोटल एनर्जीज ओपन में इसे फिर से दिखाया, फाइनल सेट में ब्रेक डाउन से उबरकर दूसरी सीड और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रयबाकिना को क्वार्टरफाइनल में बाहर कर दिया। म्बोको अभी नंबर 13 पर हैं, पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में नेशनल बैंक ओपन में अपने सफल टाइटल रन के रास्ते में रयबाकिना को पहले ही हरा



चुकी थीं। लेकिन यह वर्ल्ड नंबर 3 थीं जिन्होंने पिछले साल वाशिंगटन और टोक्यो में म्बोको को हराने के बाद अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2-1 की बढ़त के साथ मैच में एंट्री की थी। उनकी नई दुश्मनी का चौथा चैप्टर तब शुरू हुआ जब म्बोको ने 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन रयबाकिना ने अगले छह में से पांच गेम जीतकर 5-3 की बढ़त बना ली। लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने फिर से मोमेंटम बदला, लगातार चार गेम जीतकर पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया। रयबाकिना ने दूसरे सेट में जवाब दिया, जल्दी ब्रेक करके 3-1 की बढ़त बना ली। म्बोको ने ब्रेक करके 3-3 से बराबरी कर ली, लेकिन कज़ाख खिलाड़ी ने सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। रयबाकिना ने निर्णायक गेम के पांचवें गेम में एक बार फिर सर्विस तोड़ी और 4-2 से आगे हो गईं, लेकिन म्बोको ने फिर से अपना लेवल बढ़ाया। मुश्किल में होने के बावजूद, वह आक्रामक रहीं और 4-4 से वापसी की। 5-4 पर सर्विस करते हुए, म्बोको ने 10वें गेम में रयबाकिना की सर्विस पर 0-40 पर तीन मैच पॉइंट हासिल किए, लेकिन कज़ाख खिलाड़ी ने तीनों बचा लिए। म्बोको ने कुछ देर बाद चौथा मैच पॉइंट हासिल किया, और इस बार इसका फ़ायदा उठाया। वह दूसरी सर्व में आईं और बैकहैंड रिटर्न मारा, जिससे रयबाकिना की गलती नेट में चली गई और 2 घंटे 23 मिनट में 7-5, 4-6, 6-4 से जीत पक्की हो गई। पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्तापेंको इटली की लकी लूजर एलिसाबेटा कोकियारेटो पर 7-5, 6-4 से कड़ी टक्कर के साथ चौथी बार दोहा में सेमीफाइनल में पहुंचीं।

टी20 वर्ल्डकप 2026

# भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा एकतरफा नहीं रहते

## 4 मुकाबलों में आखिरी गेंद पर फैसला, अब तक नहीं बना 200+ का स्कोर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का मतलब भारत का दबदबा। आखिर जो टीम 8 में से 7 बार जीतेगी उसका पलड़ा भारी कहा ही जाएगा। भारत 7-1 से आगे है।

यह मुकाबला हर बार रोमाचकारी होता इसकी दो वजहें हैं। एक तो यह कि दोनों देशों के संबंध हमेशा खराब रहे हैं। इसलिए दो दुश्मनों के बीच मैच का हाइप अपने आप बन जाता है। दूसरी वजह यह है कि नतीजे भले ज्यादातर भारत के पक्ष में आए हों लेकिन मुकाबले काफी नजदीकी होते रहे हैं।

**2007 में दो बार भिड़ंत, दोनों में दर्शकों की सांसें थम गई थी-** 2007 में पहली बार टी-20 वर्ल्ड हुआ। साउथ अफ्रीका में हुए इस टूर्नामेंट में दो बार भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत हुई। पहली बार लीग मैच में मुकाबला हुआ। यह टाई रहा था। भारत ने बॉल आउट में जीत हासिल की। तब सुपर ओवर नहीं होते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, भारत ने 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। पाकिस्तान भी दूसरी पारी में 141 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया। इसके बाद बॉल आउट हुआ। इसमें भारत की ओर से रॉबिन उथप्पा, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग ने स्टंप हिट किए। पाकिस्तान के तीन गेंदबाज निशाना चूक गए थे।

**2012 से 2022 तक चेज करने वाली टीम ही जीती-** 2012 में कोलंबो के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 19.4 ओवर में 128 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने विराट कोहली की फिफ्टी की मदद से 17 ओवर में ही 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। यह मैच एकतरफा साबित हुआ था।




### चेज करने वाली टीमों का सक्सेस रेट 75 प्रतिशत

भारत और पाकिस्तान की टीमें टी-20 इंटरनेशनल में अब तक 16 बार ही आमने-सामने हुईं। यानी इनके बीच इस फॉर्मेट में जितने मैच हुए हैं, आधे वर्ल्ड कप में खेले गए हैं। इन 16 मैचों में 13 बार भारत को जीत मिली है। पाकिस्तान सिर्फ तीन बार नतीजा अपने नाम कर पाया है। वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया ने 3 मैच पहले बैटिंग करते हुए और 4 मैच पहले बॉलिंग करते हुए जीते। पाकिुस्तान को इकलौती जीत 2021 में बाद में बैटिंग करते हुए मिली थी।

### 2024 में भी आखिरी गेंद तक चली फाइट

2024 में न्यूयॉर्क के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत 19 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गया। भारत वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दूसरी हार की कगार पर था। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी में कमबैक कराया और पाकिस्तान को 113 रन ही बनाने दिए।

### इस बार क्या उम्मीद?

भारत और पाकिस्तान इस बार कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ने वाले हैं। दोनों टीमें यहां 2012 के वर्ल्ड कप में भी भिड़ चुकी है। तब पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 128 रन ही बना सका। भारत ने 17 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 78 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी लिया था। भारत के स्पिनर्स ने तब 4 विकेट लिए थे। इस बार भी स्पिनर्स को मदद देने वाली पिच मुमकिन है।

### हो सकता है स्पिन कॉन्टेस्ट

दोनों टीमों में से जिस टीम के स्पिनर बेहतर कर गए वह टीम हावी हो सकती है। भारत के पास वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव हैं तो पाकिस्तान की ओर से शादाब खान, मोहम्मद नवाज, उस्मान तारिक और अबरार अहमद के साथ पार्ट टाइम स्पिनर सईम अयूब भी हैं। टीम बैलेंस को देखते हुए भारत ज्यादा से ज्यादा तीन स्पिनर उतार सकता है। वहीं पाकिस्तान की टीम पांचों स्पिनर को प्लेइंग-11 में शामिल कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय स्पिनर्स में सिर्फ अक्षर पटेल ऑलराउंडर हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान के तीन स्पिनर शादाब खान, सईम अयूब और मोम्मद नवाज ऑलराउंडर हैं।

### पहले बैटिंग फायेदमंद

भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 फॉर्मेट में 75त्न मैचों में बाद में बैटिंग करने वाली टीम जीती है प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस जीतने वाला कप्तान पहले बैटिंग कर सकता है। इस वर्ल्ड कप में अब तक यहां 3 मैच खेले गए। हर बार पहले बैटिंग करने वाली टीम को ही जीत मिली। जिम्बाब्वे ने भी ऑस्ट्रेलिया को पहले बैटिंग करते हुए ही हराया। इसलिए पहले बैटिंग करना ही फायदेमंद होगा।

# टी-20 वर्ल्डकप में आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराया

## इस वर्ल्कप का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, टकर ने नाबाद 94 रन बनाए

**कोलंबो (एजेंसी)।** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के 22वें मुकाबले में आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन यह फैसला टीम के लिए उलटा साबित हुआ।

आयरलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 235 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। लॉर्कन टकर (94*) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**जोशुआ लिटिल ने 3 विकेट लिए-** टारगेट का पीछा करने उतरी ओमान के लिए ओपनर आमिर कलीम ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 29 हॉल पर 50 रन बनाए। उनके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 बॉल पर 46 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 3, मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मैकार्थी ने 2-2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल को 1 विकेट मिला। आशीष ओडेदरा और हम्माद मिर्जा रन आउट हुए।



**टकर ने नाबाद 94 रन बनाए-** आयरलैंड के लिए कप्तान लॉर्कन टकर और गैरेथ डेलानी ने शानदार अर्धशतक जड़े। टकर ने 51 गेंदों पर नाबाद 94 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि डेलानी ने 30 गेंदों में 56 रन बनाए। वहीं जॉर्ज डॉकरेल ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के जड़ते हुए महज 9 गेंदों में नाबाद 35 रन बनाकर पारी को धमाकेदार अंदाज में समाप्त किया। ओमान की ओर से शकील अहमद ने 3 विकेट झटके, जबकि शाह फैजल और आमिर कलीम को 1-1 सफलता मिली।

श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया

# आज भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश की आशंका, कोलंबो में 24 घंटे बरसात संभव

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60प्रतिशत इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे।



टीम इंडिया कोलंबो पहुंच चुकी है। वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया।

टीम इंडिया शुक्रवार रात करीब 10 बजे कोलंबो पहुंची। भारत ने मुंबई में अमेरिका को पहला मैच हराया, वहीं दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ जीत हासिल की। पाकिस्तान भी 2 मैच जीत चुका है। अब 15 फरवरी का मुकाबला जीतने वाली टीम पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर अपनी पोजिशन को मजबूत कर लेगी।

### आज 24 घंटे बारिश का अनुमान

15 फरवरी को पूरे 24 घंटे बारिश का अनुमान है। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 60 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक बारिश हो सकती है। मैच के दौरान शाम 7 से रात 12 बजे तक भी 10 से 20 प्रतिशत तक बारिश की अनुमान जताया गया है।

### अनुमान- मैच के एक दिन पहले शुरू होगी बारिश

कोलंबो में मुकाबले के एक दिन पहले 14 फरवरी की सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 35 प्रतिशत बारिश के चांस हैं। शाम 6 बजे तक 25प्रतिशत इलाकों में बारिश हो सकती है। वहीं रात 12 बजे तक 10प्रतिशत ही बरसात की आशंका है।

भारत-पाक महामुकाबले पर हरभजन की सलाह

# टीम इंडिया को स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहना होगा, मोंगिया ने हार्दिक पंड्या को गेम चेंजर बताया

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज मैच से पहले पूर्व क्रिकेटरों ने टीम इंडिया की जीत का भरोसा जताया है।



दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान को हराने में सक्षम है, हालांकि उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहने की सलाह भी दी है। वहीं, पूर्व विकेटकीपर नयन मोंगिया ने कहा कि भारतीय युवा अब निडर होकर खेलते हैं और पाकिस्तान पर लगातार हार का मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा।

हरभजन सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत की टीम मजबूत और संतुलित है, लेकिन मैच के दौरान धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी होगा। उन्होंने कहा,भारत यह मैच जीतेगा। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक जैसा अच्छा स्पिनर है, इसलिए उसे संभलकर खेलना होगा। भारतीय टीम बहुत अच्छी है। हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाएं और जीत हासिल करें।

**उस्मान तारिक की शानदार फॉर्म, एक्शन पर विवाद-** पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक हाल के टी-20 मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कम औसत से कई विकेट लिए हैं और विरोधी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। हालांकि, उनके बॉलिंग एक्शन को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए हैं और इसकी नियमों के अनुरूप होने पर विवाद भी बना हुआ है।

**मोंगिया को भी भारत की जीत का भरोसा-** पूर्व भारतीय विकेटकीपर नयन मोंगिया ने भी भारत की जीत की उम्मीद जताई है। उनका मानना है कि मौजूदा समय में भारतीय टीम का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है।

मोंगिया ने कहा,यह मुकाबला रोमांचक होगा और हमें उम्मीद है कि भारत जीतेगा। जिस तरह टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर रही है और कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं, उससे टीम का आत्मविश्वास साफ दिखता है। पाकिस्तान लगातार सात-आठ बार आईसीसी टूर्नामेंट में हार चुका है, इसलिए उन पर ज्यादा दबाव रहेगा।

# इंडिया अंडर-17 पुरुष टीम को दूसरे फ्रेंडली मैच में होस्ट तुकिर्ये से मिली हार

**मानवगत (तुर्की) (एजेंसी)।** इंडिया अंडर-17 पुरुष टीम यहां अंताल्या के मानवगत अतातुर्क स्टेडियम में होस्ट तुकिर्ये के खिलाफ अपने दूसरे फ्रेंडली मैच में 1-6 से हार गई। इंडिया मंगलवार को पहले फ्रेंडली मैच में 0-1 से हार गई थी।



ब्लू कोल्ट्स इन मैचों का इस्तेमाल एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 की तैयारी के लिए कर रहे हैं, जो मई में होगा।

इंडिया ग्रुप डी में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और डीपीआर कोरिया से भिड़ेगा। गुरुवार को तेज हवा और बारिश वाले हालात में खेले गए मैच में, तुकिर्ये ने एफे सेसिल की मदद से शुरुआती बढ़त बनाई, जिन्होंने सातवें मिनट में बॉक्स के अंदर एक पतले एंगल से लूज बॉल को गोल में पहुंचाया। इंडिया के थोड़े विरोध के बाद होस्ट्स ने बिबियानो फर्नांडीस की टीम को फिर से हरा दिया और हाफ-टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली।

# कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले पहले एशियाई पैरा तैराक बने भारत के सतेंद्र सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड ज़िले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।



लोहिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरूमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने कुक जलडमरूमध्य को पार किया है। अधिकारियों के अनुसार यह पैरा तैराक जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचा और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, पद्मश्री और तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित मध्य प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक सतेंद्र एस लोहिया ने दुनिया के सबसे कठिन समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार करके इतिहास रच दिया है।



# चिन्नास्वामी स्टेडियम में कुंबले-द्रविड़ के नाम पर दो स्टैंड्स होंगे

**बेंगलुर (एजेंसी)।** बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के 50 साल इंटरनेशनल क्रिकेट के पूरे होने पर स्टेडियम के दो स्टैंड्स का नाम अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ के नाम पर रखा गया है। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद की अगुवाई में आयोजित इस समारोह में कुंबले और द्रविड़ को भारतीय और कर्नाटक क्रिकेट में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर दोनों ही खिलाड़ी भावुक नजर आए और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा कीं।

**कुंबले बोले-भावुक कर देने वाला पल-** अनिल कुंबले के लिए यह पल बेहद खास था। उन्होंने कहा,मैं पहली बार 9 साल की उम्र में एक दर्शक के तौर पर यहां मैच देखने आया था। आज इसी स्टेडियम के पवेलियन पर अपना नाम देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है और मैं थोड़ा इमोशनल भी हूं। चिन्नास्वामी स्टेडियम का 50 साल का सफर दरअसल भारतीय क्रिकेट की ग्रोथ को भी दिखाता है। मैं बीसीसीआई का भी शुक्रगुजार हूं जिसने ऐसा स्ट्रक्चर बनाया कि भारत के हर कोने से आने वाले सपनों को मौका मिल सके।

**द्रविड़ का घर से ज्यादा वक्त इस मैदान पर बीता, बोले- इसी ने मुझे बनाया-** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ ने चिन्नास्वामी स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया। उन्होंने कहा,जैसा अनिल ने कहा, हमने शायद अपने घरों से ज्यादा वक्त इस मैदान पर बिताया है। यह वह जगह है जिसने मुझे बहुत खुशी दी और कभी-कभी निराशा भी, लेकिन आज मैं जो कुछ भी हूं,इसी मैदान की वजह से हूं।

### दोनों खिलाड़ियों का शानदार रिकॉर्ड

अनिल कुंबले भारत के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने टेस्ट में 619 और वनडे में 337 विकेट लिए। वे दोनों फॉर्मेट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम कुल 953 विकेट दर्ज हैं। वहीं, राहुल द्रविड़ का नाम दुनिया के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में शुमार है। वे सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के बाद भारत के लिए सभी फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। द्रविड़ ने 504 मैचों में 24,064 रन बनाए हैं,जिसमें 48 शतक और 145 अर्धशतक शामिल हैं। कुंबले और द्रविड़, दोनों ने ही अलग-अलग समय पर भारतीय टीम की कप्तानी भी संभाली है।



## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे ने 3 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी किया बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा को बताया कि रेल टिकट आरक्षण के लिए इस्तेमाल किए जा रहे 3.03 करोड़



संदिग्ध यूजर आइडी को 2025 में बंद कर कर दिया गया। इससे रेल टिकट की निर्बाध बुकिंग सुनिश्चित हुई है। प्रश्न के उत्तर में वैष्णव ने कहा कि छह महीनों (दिसंबर 2025 तक) में 60.43 अरब दुर्भावनापूर्ण बाट को ब्लॉक किया गया है। मंत्री के अनुसार, राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर 3.99 लाख संदिग्ध बुकिंग से संबंधित 376 शिकायतें दर्ज की गई हैं। 2025 में 12,819 संदिग्ध ईमेल डोमेन ब्लॉक किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि तत्काल बुकिंग में दुरुपयोग रोकने और निष्पक्षता को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) सत्यापन की शुरुआत की गई है। कई ऐप-स्तरीय सुरक्षा नियंत्रण उपाय भी किए गए हैं। सिस्टम को अत्याधुनिक और डेटा सेंटर-ग्रेड नेटवर्क और सुरक्षा उपकरणों द्वारा सुरक्षित किया गया है।

### आइबीसी और ट्रिब्यूनल के बारे में अनावश्यक टिप्पणियां बंद कर देना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रामलिंगम सुधाकर ने कहा कि लोगों को आइबीसी कानून और न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) के कार्यों के बारे में अनावश्यक टिप्पणियां करना बंद कर देना चाहिए। एनसीएलटी इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आइबीसी) के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण संस्था है। कानून के तहत समाधान योजनाओं को ट्रिब्यूनल द्वारा अनुमोदित किया जाता है। जस्टिस रामलिंगम सुधाकर न्यायाधिकरण के प्रमुख के रूप में कार्यकाल पूरा करने के बाद अपने पद से कार्यमुक्त हो गए। विदाई समारोह में सुधाकर ने कहा कि हम कैसे कह सकते हैं कि आइबीसी, एनसीएलटी में कुछ गड़बड़ है, जबकि इतने सारे लोगों को इससे फायदा हुआ है। अच्छे लोगों की चुप्पी गलत धारणा रखने वालों को बेवजह की टिप्पणियां करने का मौका दे रही है। यह सब बंद होना चाहिए।

### दिल्ली में विजय चौक पर खौफनाक हादसा; तेज रफ्तार 2 कारें भिडीं


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के विजय चौक पर शुक्रवार दोपहर दो तेज रफ्तार कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार पलट गई। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार, दोनों कारें अलग-अलग दिशाओं से तेज गति में आ रही थीं और आपस में टकरा गईं। दोनों वाहनों में केवल चालक सवार थे जो सुरक्षित बाहर निकल आए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद का वीडियो वायरल ट्रैफिक पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया। संसद मार्ग थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक पलटी कार और सामने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार नजर आ रही है। इस बीच नजफगढ़ इलाके में ड्यूटी पर तैनात डीटीसी बस चालक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर बाबा हरिदास नगर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 33 वर्षीय सुरेश वर्मा केशवपुर डिपो में चालक के रूप में काम करते हैं। 8 फरवरी की रात करीब 9-10 बजे वह तिलक नगर से मित्राऊं गांव की ओर बस ले जा रहे थे। झगड़ा हो गया और जब सुरेश ने बस पीछे नहीं हटाई तो आरोपी ड्राइवर ने गाली-गलौज करते हुए अपने साथियों को बुला लिया।

# चुनावी ट्रस्ट से मिले चंदे से मालामाल हुई भाजपा, 82 फीसदी आया हाथ; कांग्रेस का बुरा हाल?

## 3,826.34 करोड़ रुपए चंदे के रूप में मिले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र और कई राज्यों में सत्ता के शिखर पर बैठी भारतीय जनता पार्टी को इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिए बड़ी मात्रा में चंदा मिला है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में इलेक्टोरल ट्रस्टों को कुल मिलाकर 3,826.34 करोड़ रुपए चंदे के रूप में मिले। इसमें से 82 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी भारतीय जनता पार्टी को दी गई है।

'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) द्वारा शुकवार को चुनाव आयोग को सौंपे गए नए आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर बताया कि 20 पंजीकृत चुनावी ट्रस्ट में से 10 ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान चंदा प्राप्त होने की जानकारी दी है, जबकि पांच ट्रस्ट की रिपोर्ट अंतिम तिथि के तीन महीने बाद भी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थी। एडीआर के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनियों और व्यक्तियों से कुल 3,826.3417 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और 3,826.3522 करोड़ रुपये विभिन्न राजनीतिक दलों को वितरित किए गए। यह उन नियमों के अनुरूप है, जिनके तहत ट्रस्ट को वर्ष में प्राप्त अंशदान का कम से कम 95 प्रतिशत वितरित करना अनिवार्य है। रिपोर्ट के मुताबिक इसमें सबसे ज्यादा पैसा सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को मिले हैं। भाजपा को कुल मिलाकर 3,157.6549 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो निर्वाचन ट्रस्ट द्वारा वितरित कुल राशि का 82.52 प्रतिशत है। इसी अवधि में कांग्रेस को 298.7795 करोड़ रुपये (7.81



प्रतिशत) मिले, जबकि तीसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर बैठी तृणमूल कांग्रेस रही, जिसे कुल मिलाकर 102 करोड़ रुपये (2.67 प्रतिशत) प्राप्त हुए। अन्य 19 दलों को कुल 267.9178 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। ट्रस्ट की बात करें, तो 'प्रुडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट' ने सर्वाधिक 2,668.4647 करोड़ रुपये 15 राजनीतिक दलों को वितरित किए। इसके बाद 'प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट' का स्थान रहा, जिसने 10 दलों को 914.97 करोड़ रुपये दिए।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक इन ट्रस्ट को 228 कॉरपोरेट घरानों ने करीब 3,636.819 करोड़ का चंदा दिया है, जबकि 99 व्यक्तियों ने भी 187.6227 करोड़ रुपए का चंदा दियाहै। इसके अलावा शीर्ष 10 दानदाताओं ने मिलकर 1,908.8621 करोड़ रुपये दिए, जो कुल चंदे का लगभग 49.89 प्रतिशत है। सबसे बड़े दानदाताओं की बात करें तो इलेवेटेड एवेन्यू रिएल्टी एलएलपी ने 500 करोड़ रुपए का चंदा दिया है। इसके अलावा टाटा एंड संस ने करीब 308.1324 करोड़ का चंदा दिया है। तीसरे नंबर पर टाटा कंसल्टेंसी है, जिसने 217.6216 करोड़ का चंदा दिया और चौथे नंबर पर मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड है, जिसने 175 करोड़ रुपए का चंदा दिया है। हालांकि, एडीआर ने बताया कि 1,065.2048 करोड़ रुपये के दानदाताओं के पते का खुलासा नहीं किया गया, जिनमें से अधिकांश राशि प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को गई।

## मस्जिद को सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया था

# कृषि भवन से हटाई जाएगी 100 साल पुरानी कदीमी मस्जिद?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत नई दिल्ली के कृषि भवन परिसर में स्थित 100 साल से अधिक पुरानी 'कदीमी मस्जिद' के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका खारिज करने और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा हाल ही में जारी टेंडर के बाद मस्जिद को हटाए जाने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि, केंद्र सरकार ने पूर्व में मस्जिद को सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया था।

2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि बोर्ड तब दोबारा कोर्ट आ सकता है जब उसे सेंट्रल विस्टा परियोजना में अपनी संपत्ति पर खतरा महसूस हो। याचिका में कृषि भवन की मस्जिद सहित छह धार्मिक स्थलों को सुरक्षा देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान 1 दिसंबर 2021 को सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त किया था कि उन धार्मिक स्थलों के साथ कुछ नहीं हो रहा है और सरकार अभी वहां तक नहीं पहुंची है।

लेकिन, अब स्थिति बदलती दिख रही है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 19 जनवरी 2026 को सीपीडब्ल्यूडी द्वारा कृषि भवन और शास्त्री भवन के पुनर्विकास के लिए जारी किए गए टेंडर दस्तावेजों में, मस्जिद को हटाए जाने वाली संरचनाओं की सूची में स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है। इसके बावजूद, टेंडर के साथ संलग्न विस्तृत ड्रॉइंग्स में मस्जिद को नए प्रस्तावित भवन के नक्शे में उसके मूल स्थान पर नहीं दिखाया गया है।

वक्फ बोर्ड और इमाम का पक्ष

कदीमी मस्जिद कृषि भवन के खुले प्रांगण में स्थित है। यह मुख्य रूप से केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों द्वारा नमाज अदा करने के लिए उपयोग की जाती है। हालांकि यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत एक संरक्षित स्मारक नहीं है, लेकिन यह 1970 के दिल्ली प्रशासन के राजपत्र में प्रकाशित वक्फ संपत्तियों की सूची में दर्ज है।

वक्फ बोर्ड ने अदालत को बताया था कि यह मस्जिद सरकारी इमारत से भी पुरानी है। बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अमानतुल्ला खान ने कहा, 'सरकार ने अदालत में कहा था कि मस्जिदों को प्रभावित नहीं किया जाएगा। अगर अब वे इसे ध्वस्त करने जा रहे हैं, तो यह गलत है।'

सीपीडब्ल्यूडी ने कृषि भवन और शास्त्री भवन के स्थान पर 'कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट' (सीसीएस) की इमारतों 4 और 5 के निर्माण के लिए 19 जनवरी को टेंडर जारी किया था। इस टेंडर में बोली लगाने की अंतिम तिथि 13 फरवरी है। सीसीएस 4 और 5 परियोजनाओं की अनुमानित लागत 3,006.07 करोड़ रुपये है और इसे 24 महीने में पूरा किया जाना है। इसके साथ ही, सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत उपराष्ट्रपति के पूर्व आधिकारिक निवास परिसर में स्थित एक मस्जिद और एक मंदिर को पहले ही हटाया जा चुका है।

# फरवरी में मार्च वाली गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरवरी के महीने में ही मार्च वाली गर्मी महसूस होने लगी है, हालांकि सुबह-शाम मौसम ठंडा रहता है और हल्का कोहरा भी देखने को मिल रहा है। धूप और ठंड के इस खेल के बीच आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। राजधानी दिल्ली की बात करें तो दिन में यहां मौसम साफ रहने की उम्मीद है। सुबह के वक्त हल्का कोहरा रह सकता है। 14 और 15 फरवरी को मौसम साफ रहेगा हालांकि उसके बाद आंधी और बारिश की संभावना है।



कैसा रहेगा यूपी-बिहार में मौसम का हाल?

यूपी और बिहार की बात करें तो यहां मौसम साफ रहने वाला है। अगले 5 दिनों तक सर्दी कम रहेगी और धूप खिला रहेगी। 17 और 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहेंगे और कुछ जगह पर बारिश भी हो सकती है। पहाड़ों की बात करें तो उत्तराखंड में 16-17 फरवरी को भारी बारिश के साथ तेज हवाओं की संभावना है खासकर चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पौड़ी, गढ़वाल जिलों में इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में आज मौसम साफ रहेगा लेकिन 15 फरवरी के बाद से बादल छाए रहेंगे और ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हवा और बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 14 से 17 फरवरी तक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत को प्रभावित करेंगे। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड सहित 6 राज्यों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान आंधी तूफान और बिजली गिरने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं भी चल सकती हैं। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी बारिश के साथ तेज आंधी और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

# 10 पायदान चढ़ी भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग

## वैश्विक सूची में 75वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पासपोर्ट की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हुआ है। हेलने एंड पार्टनर्स की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कागज पर भारत की वैश्विक गतिशीलता रैंकिंग में सुधार हुआ है। अब भारतीय पासपोर्ट वैश्विक सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 2025 में यह 85वें स्थान पर था और इस साल की शुरुआत में इसकी रैंकिंग 80 थी। भारत की स्थिति में भले ही सुधार हुआ है, लेकिन इसके साथ ही दो ऐसे देश भी हैं, जहां पर भारतीयों की वीजा फ्री एंट्री बंद हो गई है। हेनले की पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में भारतीय 57 देशों की यात्रा बिना किसी वीजा या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा पा सकते थे। अब हालिया रिपोर्ट के मुताबिक गाम्बिया के जुड़ जाने के बाद अब यह संख्या 56 हो गई है।




गौरतलब है कि हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि किसी देश के लोग अपने पासपोर्ट के आधार पर कितने देशों में वीजा फ्री एंट्री ले सकते हैं या फिर वीजा ऑन अराइवल पर एंट्री ले सकते हैं। भारतीयों ने किन दो देशों में खोई सुविधा

भारतीय पासपोर्ट धारकों को वीजा फ्री एंट्री जैसी सुविधा कई देशों में मिलती है। ईरान भी इन्हीं देशों में से एक था, लेकिन नवंबर 2025 में ईरान ने सामान्य भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा-फ्री सुविधा निलंबित कर दी थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक ईरान ने वहां मौजूद कई भारतीयों द्वारा अपहरण और फिरौती की घटनाओं में शामिल होने की वजह से यह फैसला लिया था। ईरान के अलावा बोलिविया ने भी भारतीयों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा को बंद कर दिया था। दरअसल, इस देश ने अपने यहां ई वीजा प्रणाली लागू की थी, जिसकी वजह से यहां पर आने वाले किसी भी नागरिक को ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी हो गया। हालांकि फरवरी 2026 में भारतीयों को वीजा ऑन अराइवल की सुविधा देने वाले में गाम्बिया का नाम जुड़ गया है। इसकी वजह से फिलहाल भारत को 56 देशों में यह सुविधा मिलती है। भारत के लिए पासपोर्ट के आधार पर एंट्री करने वाले देशों की संख्या में गिरावट आई है। हालांकि इसके बाद भी भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह हेनले इंडेक्स का रिलेटिव सिस्टम है। यानी यहां पर दूसरे देशों के साथ तुलना होती है।

# अमेरिका में भारतीय स्टूडेंट चार दिन से लापता, दूतावास ने जताई चिंता; तलाश जारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पढ़ने गए 22 वर्षीय भारतीय छात्र के लापता होने की खबर सामने आई है। छात्र साकेत श्रीनिवासैया कर्नाटक का रहने वाला था और बर्कले विश्वविद्यालय से पोस्ट-ग्रेजुएट कर रहा था। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने छात्र के गायब होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है।




छात्र के गायब होने को लेकर चिंतित कॉन्सुलेट जनरल ने ङ्ग पर एक पोस्ट में लिखा, सैन फ्रांसिस्को में भारत का कॉन्सुलेट जनरल, कर्नाटक राज्य के रहने वाले बर्कले के एक भारतीय पोस्ट-ग्रेजुएट स्टूडेंट साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने को लेकर बहुत चिंतित है। कॉन्सुलेट परिवार के संपर्क में है और स्टूडेंट का पता लगाने के लिए संबंधित लोकल अधिकारियों से भी संपर्क में है।

हालांकि, यह ऐसी पहली घटना नहीं है। विदेश में रहने वाले भारतीय स्टूडेंट्स अक्सर अधिकारियों द्वारा भेदभाव, नस्लभेदी हमलों और लापरवाही की शिकायत करते हैं। लोकसभा में सांसद असदुद्दीन ओवैसी के विदेश में स्टूडेंट सेफ्टी के बारे में उठाए गए एक सवाल में, विदेश मंत्रालय ने भारतीय स्टूडेंट्स को सुरक्षित रखने की अपनी कोशिशों पर जोर दिया। ओवैसी के सवाल के जवाब में, लिखा, सरकार विदेश में रहने वाले भारतीय स्टूडेंट्स की सेफ्टी को बहुत ज्यादा प्राथमिकता देती है और उनके खिलाफ हिंसा की घटनाओं पर नजर रखती है। उनके खिलाफ होने वाली हिंसक और बुरी घटनाओं को विदेश में मौजूद भारतीय मिशन/पोस्ट तुरंत होस्ट देश के संबंधित अधिकारियों के सामने उठाते हैं ताकि यह पक्का हो सके कि उनकी ठीक से जांच हो और दोषियों को सजा मिले।

श्रीनिवासैया के रूममेट बनेत सिंह ने गायब होने के बाद पता लगाने में मदद के लिए लिंक्डइन पर पोस्ट किया। बनेत सिंह ने लिंक्डइन पर किए एक पोस्ट में लिखा, सभी को नमस्कार, मेरा रूममेट साकेत श्रीनिवासैया सोमवार, 9 फरवरी से लापता है। उसे आखिरी बार बर्कले हिल्स में लेक अंजा के पास देखा गया था।

# ईरान में असहमति की सजा: गिरफ्तारी के बाद नोबेल विजेता नरगिस से मारपीट

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत लगातार खराब हो रही है। यह जानकारी उनके पति ताघी रहमानी ने दी। रहमानी ने पेरिस में अपने घर पर एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत में कहा कि 12 दिसंबर को ईरान के पूर्वी शहर मशहद की यात्रा के दौरान उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद से वह उनसे बात नहीं कर पाए हैं। रहमानी ने कहा कि नरगिस की खराब सेहत की जानकारी रिहा किए गए बंदियों से मिली है, जिन्हें मशहद में उनकी पत्नी के साथ रखा गया था।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी को सिर्फ अपने भाई से बेहद कम समय के लिए फोन से बात करने की अनुमति दी गई थी और इस सप्ताह की शुरुआत में एक और सजा सुनाए जाने के बाद उन्होंने केवल एक बार अपने वकील से बात की है। रहमानी ने कहा कि उन्होंने आखिरी बार अपनी पत्नी से उस रात बात की थी जब वह मशहद जाने से पहले तेहरान में थीं।

वह वहां संदिग्ध हालात में मानवाधिकार वकील की मौत के बाद उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में गई थीं। उन्होंने



बताया कि कार्यक्रम में सादे कपड़ों में मौजूद सुरक्षा बल के सदस्यों ने भाषण खत्म होने से पहले ही उनकी पत्नी पर हमला किया और मारपीट की। उन्होंने बताया कि कई लोगों ने नरगिस के सिर और गर्दन पर प्रहार किया। उन्होंने कहा, प्राप्त जानकारियों से पता चलता है कि मारपीट की वजह से उनकी सेहत बिगड़ रही है।

# जेफ्री एपस्टीन की मौत खुदकुशी नहीं हत्या, पोस्टमॉर्टम के दौरान मौजूद डॉक्टर का दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को लेकर लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं। वहीं उसकी मौत अब भी रहस्य बनी हुई है। 2019 में गिरफ्तारी के बाद न्यूयॉर्क की जेल में उसकी मौत हो गी थी। एपस्टीन की पोस्ट मॉर्टम देखने के बाद फरेंसिक पैथलॉजिस्ट डॉ. मिशेल बाडेन ने कहा कि रिपोर्ट पर गौर करें तो एपस्टीन की मौत फांसी लगाकर नहीं हुई थी बल्कि गला घोंटा गया था। ऐसे में कहा जा सकता है कि उसकी मौत खुदकुशी



नहीं बल्कि हत्या थी।

बाडेन ने द टेलिग्राफ को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरे विचार से जेफ्री एपस्टीन की मौत गला घोंटने की वजह से हुई थी। इस मामले में और जांच होनी चाहिए तभी असली वजह का पता चल पाएगा। बता दें कि न्यूयॉर्क की जेल में जेफ्री एपस्टीन को मृत पाया गया था। इसके बाद मेडिकल एग्जामिनर ने इसे खुदकुशी बताया था। बाडेन ने खुद ऑटोप्सी नहीं की थी लेकिन ऑब्जर्वर के तौर पर उस वक्त वह मौजूद थे। दोनों ही एग्जामिनर इस बार पर हमसत थे कि मौत के असली कारण का पता लगाने के लिए और जांच की जरूरत है। उन्होंने बताया कि एपस्टीन की मौत के पांच दिन बाद ही सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया था। उस समय की चीफ मेडिकलएग्जीमिनर डॉ. बारबारा सैंपसन ने इसे खुदकुशी बताया था। उन्होंने यह भी बताया की सैंपसन पोस्टमॉर्टम के दौरान वहां मौजूद भी नहीं थीं। जेफ्री एपस्टीन के गले में तीन निशान पाए गए थे। दो आगे की तरफ और एक पीछे की ओर। इसकेअलावा तीन जगह से गर्दन में फ्रैक्चर हुआ था। डॉ. बदान ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में इस तरह के फ्रैक्चर फांसी लगाने के केस में कभी नहीं देखे। अगस्त 2019 में भी उन्होंने फॉक्स न्यूज को बताया था कि यह खुदकुशी से ज्यादा हत्या का माममला लगता है।

# भारत के खिलाफ आतंकी साजिश और मौत की सजा... वो 3 अपराधी, जिन्हें यूनुस ने दी माफी; अब बने सांसद

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी जीत हासिल की है। इस चुनाव में तीन नेता ऐसे भी हैं, जो बहुत ही भाग्यशाली रहे। इनमें दो नेता बीएनपी के और एक जमात-ए-इस्लामी से हैं। बीएनपी के लुत्फेज्जमां बाबर, अब्दुस सलाम पिंटू और जमात के अजहरुल इस्लाम इन तीनों पर गंभीर आरोप लगे हैं। हालांकि मुहम्मद यूनुस ने इन पर लगे सभी आरोपों को हटा दिया था। अब ये तीनों बांग्लादेश की संसद में बैठेंगे। दिसंबर 2024 में बांग्लादेश



हाई कोर्ट ने तारिक रहमान, लुत्फोज्जमां बाबर और दूसरे लोगों को बरी कर दिया। इन लोगों को 21 अगस्त 2004 को शेख हसीना को टारगेट करके किए गए ग्रेनेड हमले से जुड़े दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। हालांकि वह बाल-बाल बच गईं, लेकिन 24 लोग मारे गए थे। लुत्फोज्जमां बाबर ने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी को 1.6 लाख वोटों से हराया। इसके अलावा अब्दुस सलाम पिंटू लगभग 2 लाख वोटों से जीता। ये वही पिंटू है जिसे ग्रेनेड अटैक मामले में बरी किया गया। इतना ही नहीं पिंटू पर पाकिस्तान के टेरर ग्रुप हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) का समर्थन करने का आरोप था, जो भारत में हमलों के पीछे था। इसमें 2006 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक कोर्ट परिसर में, 2007 में अजमेर शरीफ दरगाह में और 2011 में दिल्ली में हुए धमाके शामिल हैं। कहा जाता है कि 1971 के लिबरेशन वॉर में 1,200 से ज्यादा लोगों की मौत के लिए इस्लाम जिम्मेदार था।

# मास्टर ट्रेनर अपने आसपास के लोगों को भी करें जागरूक: उपायुक्त

## स्नेक बाइट व एक्सीडेंट आदि घटनाओं के प्राथमिक उपचार, टिप्स की रिल बनाकर सोशल मीडिया एकाउंट्स से करें पोस्ट





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास स्थित आकास अस्पताल के सभागार में आयोजित सिविल डिफेंस का छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार शामिल हुए। इस अवसर पर नव-प्रशिक्षित वोलेंटियर्स ने विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन कर अपनी दक्षता का परिचय दिया।

**समाज में जागरूकता के वाहक बनें: उपायुक्त**

उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक केवल प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षु वोलेंटियर मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाते हुए अपने आसपास के लोगों को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करें। उन्होंने सुझाव दिया कि स्नेक बाइट, सड़क दुर्घटना, सीपीआर, फ्रैक्चर या आग लगने जैसी घटनाओं के बाद किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की छोटी-छोटी वीडियो/रिल तैयार कर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें, ताकि आमजन तक सही और त्वरित जानकारी पहुंच सके। उपायुक्त ने कहा कि सिविल डिफेंस से जुड़ना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। इस पुनीत कार्य को चुनने के लिए सभी स्वयंसेवक बधाई के पात्र हैं और उन्हें अपने कार्य पर गर्व होना चाहिए।

**सूचना मिलते ही तत्परता से निभाएं अपनी भूमिका**

उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य संकट की घड़ी में लोगों की जान बचाना है। उन्होंने कहा कि आपदा या दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्वयंसेवक बिना विलंब के घटनास्थल पर पहुंचकर समन्वित एवं सुरक्षित तरीके से कार्य करें। उन्होंने टीम वर्क, अनुशासन और त्वरित निर्णय क्षमता को सिविल डिफेंस की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि प्रशिक्षित वोलेंटियर्स प्रशासन और आम जनता के बीच एक मजबूत कड़ी का कार्य करते हैं।

**व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ कराया गया डेमो**

मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने कहा कि छह दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा स्नेक बाइट प्रबंधन, सीपीआर, रोड एक्सीडेंट रेस्क्यू, इमरजेंसी स्ट्रेचर उपयोग, फ्रैक्चर एवं बर्न प्रबंधन के संबंध में बारिकी से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान मॉक ड्रिल और लाइव डेमो के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव कराया गया, जिससे वे आपातकालीन स्थिति में आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें।

**नव-प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने किया कौशल प्रदर्शन**

समापन समारोह में डीसी झ डीडीसी की उपस्थिति में सभी नव-प्रशिक्षित वोलेंटियर्स ने समूहों में विभाजित होकर विभिन्न आपातकालीन परिदृश्यों का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जिले में सिविल डिफेंस की यह सशक्त टीम किसी भी आपदा की स्थिति में प्रशासन का सहयोग करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा भविष्य में नियमित मॉक ड्रिल एवं रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित करने की भी बात कही गई। यह प्रशिक्षण सत्र जिले में आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मौके पर डॉ. एस. पी. वर्मा (स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर), डॉ. निशांत कुमार (डिप्टी डिविजनल वार्डन), डॉ. पूजा (प्राथमिक उपचार व्याख्याता), डॉ. करण, इंजीनियर रवि, जय प्रकाश सिंह, एम. एम. झा, इंस्पेक्टर मोहम्मद आजाद खान, अंजनी कुमार सिन्हा (जीएम, बीएसएल) सहित कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# कलश यात्रा के साथ पंचम दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी प्रखंड के घांघरागोड़ा में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। पंचम दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत भक्तिमय वातावरण में की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से ही घांघरागोड़ा और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान विशेष रूप से सैकड़ों कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। श्रद्धालु गवाई नदी तट पर पहुंचे, जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन संपन्न कराया गया। गवाई नदी से पवित्र जल भरकर सिर पर कलश धारण किए कन्याओं और महिलाओं का समूह जब यज्ञ मंडप की ओर बढ़ा, तो पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों और वाद्य यंत्रों की ध्वनि से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। मौके पर सचिन पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, रामप्रकाश पाण्डेय, कृष्ण प्रसाद पाण्डेय, सूरज पाण्डेय, रूद्र प्रसाद पाण्डेय, शंकर पाण्डेय और सम्पूर्ण पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पंचदिवसीय रुद्र महायज्ञ क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए आयोजित किया गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन वैदिक पूजन, हवन और संध्या समय प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

# बढ़ते अपराध को लेकर नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले कुमार अमित

## बोकारो में भयमुक्त माहौल बनाने हेतु पहल करने के लिए सौंपा ज्ञापन





**रांची/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित रांची में राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु से मिल कर बोकारो में महिलाओं सहित आम लोगों के साथ लगातार घट रही अपराधिक घटनाओं से अवगत कराया और इन पर नियंत्रण हेतु आवश्यक पहल करने के लिए ज्ञापन दिया। कुमार अमित ने दोनों नेताओं को बताया कि बोकारो में महिलाओं सहित आम जनता भय के माहौल में जीवन बिता रही हैं। महिलाएँ घर से लगातार गायब हो रहीं हैं। कुछ दिनों बाद गायब महिलाओं की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिल रही हैं। इससे आम महिलाएँ, बच्चों को घर से निकलने में सोचना पड़ रहा है। घर से बाहर रहने पर परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत रह रहे हैं। बच्चा चोर सहित अन्य अपराधियों के संदेह पर समाज में भीड़ द्वारा अपरिचितों को निशाना बनाया जा रहा है। महिलाएँ सड़क पर उतरने को बाध्य हो रहीं हैं। कुमार अमित ने बोकारो में बीते दिनों घटी ऐसी सभी घटनाओं से इन दोनों वरिष्ठ नेताओं को विस्तार से अवगत भी कराया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु दोनो ने इन घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए बोकारो सहित राज्य के सभी जिलों में घट रहीं ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर शीघ्र पहल करने की बात कही।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो पूरी तरह कार्यरत है। निर्वाचन अवधि के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन समेत निर्वाचन से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत आम नागरिक, निर्वाचन लड़ रहे प्रत्याशी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जिला नियंत्रण कक्ष में दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 8986660333, 06542-242409, 06542-241000 उपलब्ध कराए गए हैं।

# बोकारो में बच्चा चोरी की अफवाहों पर प्रशासन सख्त

## लगभग 300 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स चिन्हित,हो रही कार्रवाई



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा है कि जिले में पिछले कुछ दिनों से बच्चा चोरी की अफवाहें फैलाने की घटनाएं सामने आई हैं। मामले की जांच में यह पाया गया है कि लगभग 300 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा सुनियोजित तरीके से भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने का प्रयास किया गया है।

**भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर हो रही कानूनी कार्रवाई**

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा दोषियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस प्रशासन अफवाह फैलाने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई कर रहा है।

**आमजन से अपील: अपुष्ट खबरों पर नहीं करें विश्वास**

उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट खबर, वीडियो या सोशल मीडिया संदेश पर बिना सत्यापन विश्वास न करें और न ही उसे आगे साझा करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दें।

**कानून हाथ में लेने वालों पर भी होगी सख्त कार्रवाई**

उपायुक्त ने चेतावनी दी है कि किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में नहीं लें। अफवाहों के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट या हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री से मिले 'ललन कुमार निषाद'

## संयंत्र हित और बोकारो की विभिन्न समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश, मत्स्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ललन कुमार निषाद ने भारत सरकार के इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। बोकारो स्टील प्लांट/सेल एवं बोकारो के विभिन्न समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। ललन कुमार निषाद ने मंत्री को बताया कि सेल के द्वारा जो सेवानिवृत कर्मचारी एवं उनकी विधवाओं को जो मेडिक्लेम की सुविधा टी.पी.ए. एम.डी. इंडिया के द्वारा दिया जा रहा है, उसमें हेल्थ इंश्योरेंस के द्वारा क्लेम धारकों के साथ स्कैम किया जा रहा है। कैशलेस सुविधा देने के नाम पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क अस्पताल के द्वारा मेडिक्लेम धारकों से वसूल किया जा रहा है। किसी भी कैशलेस अस्पताल में कोई मेडिक्लेम धारक अगर अपना इलाज करने जा रहे हैं तो उनसे भर्ती होने के पूर्व ही कहा जा रहा है कि आपको 25 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा। जो वर्षों पूर्व सेल से सेवानिवृत हुए हैं, वे आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं । ऐसे में कैशलेस अस्पताल जो उनका एकमात्र सहारा है उसमें भी वह अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं। सेल हेल्थ मेडिक्लेम एम.डी. इंडिया के द्वारा बड़े पैमाने पर स्कैम किया जा रहा है। इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। ऐसे अस्पतालों का कैशलेस सुविधा बंद हो। वैसे अस्पतालों को कैशलेस सुविधा दी जाए जो पूर्णतः कैशलेस में इनका इलाज करें। इसके अलावा बोकारो एयरपोर्ट को जल्द से जल्द चालू कराने का भी आग्रह किया। एवं सेल बोकारो स्टील प्लांट में आधुनिकीकरण में कोई रुकावट नहीं हो ताकि रोजगार को बढ़ावा मिले, विस्थापितों की समस्याओं का पूरा समाधान हो, ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। स्थानीय ठेकेदारों को ठेका कार्य में प्राथमिकता मिले एवं छोटे-छोटे संवेदकों को भी प्राथमिकता मिले। 'डी' प्रकार आवास को भी लाइसेंस पर दिया जाए। बोकारो जनरल अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को दूर किया जाए। ठेका मजदूरों का आर्थिक शोषण बंद हो और उन्हें मजदूरी का पूरा भुगतान मिले। मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मीडिया कोषांग की डीईओ सह डीसी ने की समीक्षा

## समाचार पत्रों-इलेक्ट्रानिक चैनलों की करें निगरानी, सोशल मीडिया की भी सतत निगरानी जरूरी : डीइओ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित गोपनीय कार्यालय कक्ष में मीडिया कोषांग की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन से संबंधित प्रचारझ्रप्रसार गतिविधियों, मीडिया समन्वय, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**मतदान दिवस का करें व्यापक प्रचार-प्रसार**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आगामी मतदान दिवस के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार - प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं अन्य जनसंचार माध्यमों के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक मतदान का संदेश पहुंचाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं तथा प्रथम बार मतदान करने वालों को लक्षित करते हुए जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया।

**डीडीसी को बनाया गया जनसंपर्क विभाग का वरीय पदाधिकारी**

बैठक में उपायुक्त ने जनसंपर्क विभाग के वरीय पदाधिकारी के रूप में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार को दायित्व सौंपा। वे मीडिया समन्वय, प्रेस विज्ञप्ति निर्गत करने, प्रचार सामग्री के अनुमोदन एवं सूचना के सुव्यवस्थित प्रसार की निगरानी करेंगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि निर्वाचन संबंधी सूचनाएं समय पर एवं सटीक रूप से आम जनता तक पहुंच सकें।

**समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक चैनलों की नियमित निगरानी**

उपायुक्त ने मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार को निर्देशित किया कि समाचार पत्रों, ईलेक्ट्रॉनिक चैनलों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित सामग्री की नियमित निगरानी की जाए। इसके लिए टीम प्रतिनियुक्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सतत मॉनिटरिंग अत्यंत आवश्यक है, ताकि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का किसी भी स्तर पर उल्लंघन नहीं हो। यदि किसी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या नियम विरुद्ध सामग्री सामने आती है, तो तत्काल संबंधित प्राधिकार को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक**

उपायुक्त ने कहा कि मीडिया कोषांग निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को सजग, सक्रिय एवं उत्तरदायी रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। अंत में उपायुक्त ने सभी को समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, मीडिया कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# किन्नर समुदाय के बीच झड़प, श्वेता किन्नर समेत चार घायल, पुलिस जांच में जुटी



**झरिया/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाबिधोडा में शनिवार को किन्नर समुदाय के बीच आपसी विवाद ने झड़प रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि श्वेता किन्नर समेत तीन अन्य लोगों पर उनके ही समुदाय के एक किन्नर ने लाठी-डंडे और पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में चार किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें कुछ के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आनन-फानन में धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। घायल श्वेता किन्नर ने मीडिया को बताया कि वह समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं और कई सामाजिक कार्यक्रमों में ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समुदाय के ही एक व्यक्ति ने ईर्ष्या और आपसी रंजिश के चलते उन पर और उनके साथियों पर हमला किया। श्वेता ने कहा कि छम-छम माता ने मुझे कई कार्यों का जिम्मा सौंपा है, इसी कारण कुछ लोग मुझसे जलन रखते हैं और इसी रंजिश में जानलेवा हमला किया गया। श्वेता किन्नर का यह भी कहना है कि उन्हें इससे पहले भी एक-दो बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी थी और इस संबंध में थाना को जानकारी दी गई थी। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। वहीं, जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि किन्नर समुदाय के बीच आपसी विवाद के कारण मारपीट की घटना हुई है, जिसमें चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों को पहले इलाज के लिए अस्पताल भेजा है और मामले की जांच की जा रही है।

# गरीब मरीज का सदर अस्पताल में हुआ निःशुल्क उपचार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में एक अत्यंत गरीब मरीज को निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। मरीज का उपचार आयुष्मान भारत कार्ड से किया गया। यदि मरीज यह ऑपरेशन किसी निजी अस्पताल में कराते तो उन्हें लगभग 40 से ₹50000 का खर्च आता। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि कतरासगढ़ के रानी बाजार निवासी कुसुम देवी, उम्र 42 वर्ष, पति स्व. दिलीप केशरी, लंबे समय से अत्यधिक मासिक रक्तस्राव (अधिक महवारी) की समस्या से परेशान थीं। स्थानीय स्तर पर उपचार कराने के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिल रही थी। पति के निधन के बाद उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो गई थी, जिससे बेहतर इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा था। इस दौरान उन्होंने सहींया के माध्यम से सदर अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार प्रसाद से संपर्क किया। जांच के उपरांत बच्चेदानी में गांठ एवं सर्वाइकल पॉलिप पाए गए।

# बोकारो स्टील प्लांट में एससी/ एसटी और महिला एंटरप्रेन्योर वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में 14 फरवरी को एससी/ एसटी और महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिए एक वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में 50 से ज्यादा एंटरप्रेन्योर्स और सर्विस प्रोवाइडर्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक हर्ष निगम, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी भूपेंद्र सिंह, नेशनल एससी/ एसटी हब, रांची के प्रतिनिधि और सीनियर ब्रांच मैनेजर श्रीमती किरण मारिया तिरु के साथ-साथ बोकारो स्टील प्लांट के परचेज और कॉन्ट्रैक्ट सेल के अधिकारी भी मौजूद थे. अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बोकारो स्टील प्लांट के इनक्लूसिव ग्रोथ और इसके प्रोक्योरमेंट प्रोसेस में एससी/ एसटी और महिला एंटरप्रेन्योर्स की बढ़ी हुई भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया. उन्होंने सर्विस कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ मजबूत पार्टनरशिप बनाने की अहमियत पर भी जोर दिया और प्रतिभागियों को बीएसएल के टेंडरिंग मौकों में एक्टिव रूप से शामिल होने का आह्वान किया. आयोजन का मुख्य फोकस सर्विस कॉन्ट्रैक्टर्स पर था. एससी/ एसटी और महिला एंटरप्रेन्योर्स को टेंडरिंग प्रोसेस में हिस्सा लेने, पात्रता की शर्तों को समझने और प्रोक्योरमेंट प्रणाली का पालन करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया. सी एंड आई टी डिपार्टमेंट ने नए ऑनलाइन वेंडर रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल पर एक प्रस्तुतीकरण भी दिया, जिसमें डिजिटल रजिस्ट्रेशन और ऑनबोर्डिंग प्रोसेस के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी गई. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोकारो स्टील प्लांट द्वारा मटीरियल और सर्विसेज की प्रोक्योरमेंट में एससी/ एसटी और महिला एंटरप्रेन्योर्स की भागीदारी को बढ़ाना था, जिससे इनक्लूसिव और इक्विटेबल बिजनेस मौकों को बढ़ावा मिले. धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती किरण मारिया तिरु ने दिया. पूरे कार्यक्रम का समन्वयन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी भूपेंद्र सिंह और उनकी आर & वी आर टीम ने किया, जिसमें मनोज मंडल, सीनियर मैनेजर शामिल थे.

**बीएसएल ने जीता इंटर-स्टील प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब**

स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान में सत्र 2025-26 के लिए बोकारो इस्पात संयंत्र की मेजबानी में आयोजित इंटर-स्टील प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मैच 14 फरवरी को बीएसएल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. रोमांचक मुकाबले में बोकारो स्टील प्लांट की टीम ने इस्को स्टील प्लांट को 90 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया. चैंपियनशिप के समापन समारोह में बीएसएल की अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नीता बा, महाप्रबंधक सी.आर.के. सुधांशु, महाप्रबंधक ए.के. अविनाश सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की. उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विभिन्न स्टील संयंत्रों के बीच सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करते हैं.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK